


# आदिवासी एक्सप्रेस

आमजन का एक मात्र हिंदी दैनिक अखबार

रांची, सोमवार
07 जुलाई 2025
वर्ष: 38, अंक: 207
पृष्ठ: 12, मूल्य: 3रु
RNI NO.: 49065/1989
DAVP CODE: 130961


गिरिडीह/झारखंड

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिलीं जमुआ विधायक मंजू कुमारी

झारखंड



केंद्रीय मंत्री अनपूर्णा देवी पहुंचीं माता भद्रकाली अपने समर्थकों के साथ की पूजा अर्चना

हजारीबाग



पूर्व विधायक सौरभ नारायण सिंह दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल पहुंचकर शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की ली जानकारी

## 11 हजार वोल्ट की चपेट में आया मुहर्रम का ताजिया, एक की मौत, आधा दर्जन लोग झुलसे



**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**गिरिडीह :** गिरिडीह जिले के घोड़थंभा ओपी क्षेत्र के चांगोसिंघा गांव में मुहर्रम जुलूस के दौरान दिल दहलाने वाली घटना घटी. दरअसल, चांगोसिंघा गांव में मुहर्रम के दौरान ताजिया जुलूस निकाला गया था, जिसमें स्टील का ताजिया भी शामिल था. जैसे ही ताजिया गांव से गुजर रहा था, अचानक 11 हजार वोल्ट के तार के संपर्क में आ गया. ताजिया में करंट प्रवाहित होने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन लोग झुलस कर घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर है. इधर, घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया है. घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

## जमशेदपुर बस स्टेंड में पुलिस का छापा, बंगाल से आ रहा लाखों रुपये का लॉटरी किया जब्त, दो गिरफ्तार



**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**जमशेदपुर:** सीताराम डेरा थाना पुलिस ने मानगो बस स्टेंड में छापेमारी कर लाखों रुपये का लॉटरी बरामद किया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में पुलिस ने अवैध लॉटरी के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। ये अवैध लॉटरी पश्चिम बंगाल से धनबाद के रास्ते चाईबासा ले जाया जा रहा था। सीताराम डेरा थाना के प्रभारी निरंजन कुमार ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के द्वारा गुप्त सूचना दी गई थी कि मानगो बस स्टेंड में बस से लगातार अवैध लॉटरी की खेप भेजी जाती है। इसके बाद पुलिस ने बस स्टेंड में छापेमारी की और बस से दो बड़े कार्टून में अवैध लॉटरी बरामद किया गया। इसमें लगभग एक लाख टिकट है। दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है कि इसमें एक वो है जो बस से लेकर आ रहा है और दूसरा जो लॉटरी रिसीव करने आया था। पारस महतो बस में अवैध लॉटरी को लेकर आ रहा था मुखिया तिउव को देना था जो चाईबासा लेकर जाता। अवैध लॉटरी बंगाल से धनबाद के रास्ते लाया जा रहा था। इस अवैध लॉटरी से लगभग 5 करोड़ का कारोबार हो सकता था।

## निकाय चुनाव की तैयारी तेज करेगी भाजपा, नेताओं को मिलेगा जिलों का जिम्मा



**संवाददाता द्वारा**

**रांची।** राज्य में इस साल के अंत तक स्थानीय निकायों के चुनाव होने की संभावना है। भारतीय जनता पार्टी ने इसे लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। हालांकि, स्थानीय निकाय चुनाव दलगत आधार पर होंगे यह अभी स्पष्ट नहीं है।लेकिन चुनाव में अपने कार्यकर्ताओं की भागीदारी के लिए पार्टी ने वरिष्ठ नेताओं की कमेटी बनाकर सर्वेक्षण का काम प्रारंभ करने की योजना बनाई है। निकाय चुनाव के लिए बनी नेताओं की यह कमेटी जिलों का दौरा करेगी।संभावित उम्मीदवारों का नाम कार्यकर्ताओं से पूछने के बाद प्रदेश नेतृत्व को इससे अवगत कराया जाएगा। प्रदेश संगठन महामंत्री ने जुलाई महीने से पहले इस कमेटी के गठन और जिलों के दौरे की प्रक्रिया चलाने की सलाह दी है।निकाय चुनाव में शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्र के मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए भाजपा राज्य सरकार की नीतियों पर आंदोलनात्मक कार्यक्रम चलाने की योजना भी बना रही है। स्थानीय निकाय चुनावों में पार्टी की योजना समर्पित कार्यकर्ताओं को उतारने की है। जीतने वाले प्रत्याशियों के चयन के लिए पहले से चली प्रक्रिया में कार्यकर्ताओं का चुनाव आसान होगा। स्थानीय निकाय चुनाव के जरिए भाजपा आने वाले दिन के लिए लीडरशिप तैयार करने की योजना में है।

## शादी के बाद युवक पहुंचा ससुराल, शराब बेचते देख किया विरोध, तो पत्नी-सास ने फेंका तेजाब



**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**धनबाद:** धनबाद के धनसार में एक हैरान कर देने वाली घटना हुई। धनसार निवासी राजेश साव ने अपनी पत्नी को शराब बेचने से मना किया। इस बात से नाराज उसकी पत्नी और सास ने मिलकर उस पर तेजाब फेंक दिया। राजेश अब अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहा है।

पत्नी को ससुराल से विदा कराने गया था पति ्घटना धनसार थाना क्षेत्र के मनईटांड़ में हुई। राजेश साव अपनी पत्नी को ससुराल से विदा कराने गया था। वहां उसने देखा कि उसकी पत्नी शराब बेच रही है। उसने इसका विरोध किया। विरोध करने पर उसकी पत्नी और सास ने उस पर तेजाब फेंक दिया। बहू और समधन पर अवैध शराब का धंधा करने का आरोप ्राजेश के पिता, अशोक साव, ने रविवार को धनसार पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनकी बहू और समधन अवैध शराब का धंधा करती हैं। उन्हें इस बारे में पहले जानकारी नहीं थी।

# सीसीएल प्रबंधन के साथ ग्रामीणों की वार्ता में बनी सहमति

### मृत लोगों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये का मिलेगा

**बिशेष संवाददाता द्वारा**

**रामगढ़:** जिले के करमा परियोजना के करमा खुली खदान में अवैध रूप से कोयला खनन करने के दौरान चाल धंसने से 4 ग्रामीणों की मौत हो गई थी. घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीण मुआवजे की मांग को लेकर करमा परियोजना के पीओ कार्यालय के गेट पर शवों के साथ प्रदर्शन कर रहे थे. जानकारी मिलने पर जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन के साथ सीसीएल पदाधिकारी मौके पर पहुंचे थे और ग्रामीणों से वार्ता की थी. लेकिन कई दौर में चली वार्ता विफल रही थी.



एक बार फिर रविवार की अहले सुबह प्रशासन और पुलिस पदाधिकारियों की उपस्थिति में सीसीएल प्रबंधन ने ग्रामीणों के साथ बैठक की. जिसमें सीसीएल प्रबंधन ने सभी मृतकों के परिजनों को एक लाख, 70 हजार रुपये मुआवजा और अंचल प्रशासन के द्वारा 30 हजार रुपये मुआवजा के रूप में देने की सहमति बनी. साथ ही यह भी आश्वासन दिया गया कि सभी घायलों का इलाज सीसीएल प्रबंधन द्वारा कराया जाएगा. इसके अलावा मृतकों के परिजन के एक-एक सदस्य को आउटसोर्सिंग में रोजगार देने की भी सहमति बनी है.इसके बाद ग्रामीणों का प्रदर्शन खत्म हुआ और कार्यालय के गेट के सामने से शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया.

आपको बता दें कि 4 जून और पांच जून की दरमियानी रात क्षेत्र के ग्रामीण सीसीएल कुजू क्षेत्र के करमा परियोजना के खुली खादान के अंदर घुस कर अवैध रूप से कोयला का खनन कर रहे थे. इसी क्रम में अवैध खनन कर रहे ग्रामीणों के ऊपर भारी भरकम चट्टान के साथ मलबा (चाल) गिर गया था. जिसमें चार ग्रामीणों की दर्दनाक मौत हो गई थी और छः ग्रामीण घायल हो गए थे. जिसके बाद ग्रामीण सीसीएल प्रबंधन से मुआवजे की मांग को लेकर तीन शवों को करमा परियोजना के पीओ कार्यालय के गेट पर रख का प्रदर्शन कर रहे थे. 18 घंटे से ग्रामीण अपनी मांगों पर अडिग थे.

पूरे मामले में अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी ने बताया कि चार लोगों की मौत चाल धंसने के कारण सीसीएल खदान में हो गई थी. ग्रामीण तीन शवों को रखकर प्रदर्शन कर रहे थे. सीसीएल प्रबंधन और ग्रामीणों के बीच वार्ता हुई है. घटना सीसीएल लीज होल्ड एरिया में हुई है. पूरे मामले में विस्तृत जांच होगी, तब किसकी लापरवाही है वह सामने आएगी. फिलहाल मुआवजे को लेकर सीसीएल प्रबंधन और पीड़ित परिवारों और ग्रामीणों के बीच सहमति बन गई है.शवों का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को शव को सौंप दिया जाएगा.

सीसीएल करमा परियोजना की खुली खदान में चाल धंसने की वारदात के बाद सीसीएल प्रबंधन की सुरक्षा की पोल खुल गई है. सीसीएल के अधिकारी पूरे मामले में कैमरे के सामने कुछ भी बोलने से कतरा रहे हैं. सीसीएल के माइनिंग मैनेजर ने ऑफ कैमरा कहा कि इस तरह कि वारदात लगातार होते रहती है और इससे सीसीएल का कोई लेना-देना नहीं होता है. जिन लोगों की मौत हुई है उनपर और जो कोयला निकालने के लिए आए थे उनपर एफआईआर दर्ज की जाएगी.

## झारखंड के जंगलों में नक्सलियों का आतंक जानवरों की जान भी ले रहा है आईईडी विस्फोट से हाथी गडरू की हुई मौत



**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**चाईबासा:** पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा जंगल में जमीन के नीचे माओवादी नक्सलियों की बिछाई बारूद ने एक 'गजराज' की जान ले ली। छह साल की उम्र वाले इस हाथी को सारंडा जंगल के आसपास रहने वाले लोग 'गडरू' कहकर बुलाते थे।

वो जंगल में घूमते हुए आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) विस्फोट की चपेट में आकर बुरी तरह जख्मी हो गया था। वन विभाग ने ड्रोन के जरिए चार-पांच दिन पहले उसके लोकेशन का पता लगाया था। इसके बाद से ही उसके रेस्क्यू का प्रयास चल रहा था।

वन विभाग के आग्रह पर जंगली जानवरों के पुनर्वास के लिए काम करने वाली गुजरात की 'वनतारा' संस्था की मेडिकल टीम शनिवार को सारंडा पहुंची थी। इस टीम ने देर शाम हाथी को ट्रैंकुलाइज करने के बाद जराईकेला शहर लाया था। पूरी रात इलाज के बावजूद गडरू की स्थिति में सुधार नहीं हुआ और रविवार को उसने दम तोड़ दिया।

मेडिकल टीम के अनुसार, हाथी के पूरे शरीर में संक्रमण फैल चुका था। वन विभाग के अनुसार, सारंडा जंगल के दीघा इलाके में 24 जून को जमीन के नीचे लगाई गई आईईडी का जोरदार विस्फोट हुआ था। इसकी चपेट में आकर 'गडरू' का पिछला बायां पैर लहूलुहान हो गया था। वह घिसटता हुआ एक नाले के पास जा पहुंचा था।

गडरू की मौत से सारंडा और आसपास के लोग दुखी हैं। पश्चिमी सिंहभूम का सारंडा वन क्षेत्र घोर नक्सल प्रभावित है। यहां नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के इरादे से कदम-कदम पर आईईडी बिछा रखी है। विगत दो वर्षों में इस इलाके में आईईडी विस्फोट में सुरक्षा बलों और पुलिस के पांच जवानों के अलावा 14 लोगों की मौत हो चुकी है।

## बिहार में JMM को सीटें देने को राजद तैयार, अब और मजबूत होगी हेमंत और तेजस्वी की दोस्ती

**राजनीतिक संवाददाता द्वारा**

**रांची।** बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर चर्चा तेज हो गई है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने संकेत दिए हैं कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत सकारात्मक दिशा में बढ़ रही है।

झामुमो ने बिहार में 12 वैसे विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है, जो झारखंड की सीमा से सटे हुए हैं। इसके साथ ही, राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) भी महागठबंधन में शामिल होने की दिशा में कदम बढ़ा रही है, जिससे गठबंधन की ताकत और बढ़ने की संभावना है।



झारखंड मुक्ति मोर्चा ने बिहार में अपनी उपस्थिति मजबूत करने के लिए सीटों की मांग रखी है। तेजस्वी यादव ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए कहा है कि राजद और झामुमो के बीच लंबे समय से गठबंधन का रिश्ता रहा है और उनकी मांगों पर सकारात्मक विचार किया जाएगा।दोनों दलों के शीर्ष नेताओं के बीच जल्द ही एक औपचारिक बैठक होने की उम्मीद है, जिसमें सीटों की संख्या और क्षेत्रों पर अंतिम फैसला लिया जाएगा।

झामुमो महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय के मुताबिक गठबंधन में झामुमो को साथ लेने से बिहार में मजबूती मिलेगी। झामुमो का वोट बैंक चुनाव परिणामों पर सकारात्मक असर डालेगा।

**राजद की संतुलित रणनीति :** दरअसल, झामुमो की नाराजगी को देखते हुए राजद एक संतुलित रणनीति अपना रहा है। पिछले वर्ष हुए झारखंड विधानसभा चुनाव में राजद को राज्य में सात सीटें मिली थीं। अब बिहार में झामुमो की मांगों को पूरा करने के लिए राजद सावधानीपूर्वक कदम उठा रहा है ताकि, गठबंधन में दरार न आए।तेजस्वी ने पटना में कहा है कि हम सब मिलकर बिहार में एनडीए को हराने के लिए एकजुट हैं। सभी सहयोगी दलों की मांगों का सम्मान किया जाएगा।

शनिवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय रामविलास पासवान की जयंती समारोह में तेजस्वी यादव ने पशुपति कुमार पारस के नेतृत्व वाले रालोजपा को भी गठबंधन का हिस्सा बनाने पर हामी भरी है।

तेजस्वी ने यह भी बताया कि वे रांची जाकर झामुमो के संस्थापक शिबू सोरेन से मिलने वाले थे, लेकिन उनकी तबीयत खराब होने के कारण यह मुलाकात टल गई। हेमंत सोरेन के साथ उनकी बातचीत हुई है और झामुमो ने महागठबंधन में शामिल होने की इच्छा जताई है।

तेजस्वी ने कहा कि हम चाहते हैं कि एनडीए को हराने के लिए सभी धर्मनिरपेक्ष ताकतें एकजुट हों। सीट बंटवारे को लेकर कुछ जटिलताएं भी सामने आ रही हैं। कांग्रेस और वाम दलों ने भी अपनी-अपनी मांगें रखी हैं, जिससे गठबंधन में संतुलन बनाना राजद के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

## आज फिर बदल जाएगा झारखंड का मौसम, अब इन जिलों में होगी झमाझम बारिश



**संवाददाता द्वारा**

**रांची:** झारखंड के कई जिलों में लगातार झमाझम बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने एक बार फिर से झारखंड में बारिश को लेकर बड़ा अपडेट जारी किया है। मौसम विभाग ने 6 से 7 जुलाई तक झारखंड में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि मानसून ट्रफ झारखंड के लिए काफी सकारात्मक है। यह कोलकाता, पुरुलिया होकर गुजर रहा है जो उत्तर पूर्वी बंगाल की खाड़ी तक जा रहा है। आइए जानते हैं भारतीय मौसम विभाग ने झारखंड में बारिश को लेकर क्या अपडेट जारी किया है।

**मौसम विभाग ने क्या बताया:** झारखंड मौसम विभाग के अनुसार, उत्तरी गंगीय पश्चिम बंगाल और उसके आसपास के क्षेत्र में साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है और अब यह समुद्र तल से 7.6 किलोमीटर ऊपर तक फैला है। इधर, शनिवार सुबह से ही बूंदाबांदी शुरू हो गई थी। दोपहर तक हल्की, लेकिन शाम में तेज बारिश शुरू हो गई और रात तक होती रही। शनिवार को अधिकतम तापमान 31.1 और न्यूनतम 23.5 डिग्री रहा। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि इस बदलाव के कारण झारखंड के कुछ जिलों में 24 से 72 घंटे के भीतर भारी से भारी बारिश होगी। इस दौरान लगातार बारिश होने से कई इलाकों जलभराव की समस्या देखने को मिलेगी और भारी बारिश के कारण फसलों को भी नुकसान पहुंच सकता है। रांची में भी बारिश की संभावना बनी हुई है।

**अब इन जिलों में होगी भारी बारिश :** 6 से 7 जून तक पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम तथा सरायकेला खरसावां और सिमडेगा के इलाके में भारी बारिश हो सकती है। कृषि और बागवानी फसल और पौधरोपण को भी नुकसान होने का अनुमान जताया गया है। उन्हें सुझाव दिया गया है कि जिन खेत में पानी जमने का अनुमान हो, वहां से पानी निकासी की व्यवस्था कर ली जाए। नदी के किनारे रहने वाले लोगों को भी सावधान किया गया है। शामिल होने की इच्छा जताई है। तेजस्वी ने कहा कि हम चाहते हैं कि एनडीए को हराने के लिए सभी धर्मनिरपेक्ष ताकतें एकजुट हों। सीट बंटवारे को लेकर कुछ जटिलताएं भी सामने आ रही हैं। कांग्रेस और वाम दलों ने भी अपनी-अपनी मांगें रखी हैं, जिससे गठबंधन में संतुलन बनाना राजद के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

# नेतरहाट आवासीय विद्यालय में परंपरा, प्रतिष्ठा और अनुशासन हो रहा खत्म!

**बिशेष संवाददाता द्वारा**

**लातेहार:** परंपरा, प्रतिष्ठा और अनुशासन के तीन मजबूत स्तंभों पर टिका मशहूर नेतरहाट आवासीय विद्यालय कभी झारखंड और अखंड बिहार का गौरव था. मनोरम और शांत वादियों के बीच बसा यह विद्यालय अपनी उत्कृष्ट शिक्षा और अनुशासित माहौल के लिए न केवल बिहार-झारखंड, बल्कि देश-विदेश में भी जाना जाता था. लेकिन आज यह प्रतिष्ठित संस्थान बदहाली की कगार पर है. शिक्षकों की भारी कमी के कारण विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता प्रभावित हो रही है, जिसका असर छात्रों के परिणामों पर भी साफ दिखाई दे रहा है.



**शिक्षकों की कमी से जूझ रहा विद्यालय :** नेतरहाट आवासीय विद्यालय में कुल 47 नियमित शिक्षकों के पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में मात्र 20 शिक्षक ही कार्यरत हैं. इस कमी ने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था को गहरी चोट पहुंचाई है. कभी मैट्रिक परीक्षा में राज्य में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले इस विद्यालय के छात्रों का नाम अब टॉपर्स की सूची में दिखाई नहीं देता. झारखंड के गठन के बाद वर्ष 2019 तक इस विद्यालय के छात्र नियमित रूप से स्टेट टॉपर बनते थे और टॉप 10 में कम से कम आठ स्थान नेतरहाट के ही होते थे. लेकिन अब स्थिति उलट चुकी है.

**बदली बोर्ड व्यवस्था, गायब हुए टॉपर:** शिक्षा व्यवस्था में बदलाव के तहत विद्यालय को स्टेट बोर्ड से हटाकर सीबीएसई बोर्ड से जोड़ा गया. इस बदलाव के बाद टॉपर्स की सूची में नेतरहाट के छात्रों का नाम लगभग गायब हो गया है. शिक्षकों की कमी और बोर्ड परिवर्तन ने विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को और प्रभावित किया है.

**विद्यालय प्रबंधन की चिंता :** विद्यालय के सभापति संतोष उरांव ने शिक्षकों की कमी को गंभीर समस्या बताया. उन्होंने कहा, शिक्षकों की कमी के कारण बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने में भारी कठिनाई हो रही है. इस मुद्दे को लेकर सरकार और मंत्रियों से पत्राचार किया गया है और जल्द ही शिक्षकों की कमी को पूरा करने का आश्वासन मिला है. उन्होंने यह भी बताया कि जब तक नियमित शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो जाती, तब तक वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की गई है. शिक्षा मंत्री के साथ हुई बैठक में भी इस समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया गया है.

**गुरुकुल पद्धति पर भी संकट:** नेतरहाट आवासीय विद्यालय अपनी गुरुकुल पद्धति के लिए भी प्रसिद्ध है. यहां छात्र हॉस्टल के बजाय आश्रम में रहते हैं, जहां प्रत्येक आश्रम का एक शिक्षक अभिभावक की भूमिका निभाता है और उनकी पत्नी को आश्रम की माता माना जाता है. यह व्यवस्था बच्चों को पारिवारिक माहौल प्रदान करती है. लेकिन शिक्षकों की कमी के कारण इस अनूठी व्यवस्था को सुचारू रूप से लागू करने में भी कठिनाई हो रही है. विद्यालय में कार्यरत सभी नियमित शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए आश्रम में ही आवास की व्यवस्था है, और उनके बच्चों का नामांकन भी इसी विद्यालय में होता है.

**गौरवशाली इतिहास :** वर्ष 1954 में बिहार सरकार द्वारा स्थापित नेतरहाट आवासीय विद्यालय का उद्देश्य होनहार बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करना था. इस उद्देश्य में विद्यालय काफी हद तक सफल रहा. अपनी स्थापना से लेकर अब तक इस विद्यालय ने सैकड़ों छात्रों को आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर, इंजीनियर और बड़े अधिकारियों के रूप में देश-विदेश में ख्याति दिलाई. स्वायत्तता के कारण यहां प्रवेश से लेकर शिक्षण तक में किसी भी तरह का हस्तक्षेप नहीं होता था, जिसने इसकी गुणवत्ता को और बढ़ाया.

**भविष्य की उम्मीद :** प्रबंधन और स्थानीय लोग उम्मीद जता रहे हैं कि सरकार जल्द ही शिक्षकों की कमी को दूर करेगी और नेतरहाट आवासीय विद्यालय अपने पुराने गौरव को फिर से हासिल करेगा. इस विद्यालय की बदहाली न केवल लातेहार, बल्कि पूरे झारखंड के लिए चिंता का विषय है. शिक्षा विभाग और सरकार के त्वरित कदम ही इस ऐतिहासिक संस्थान को फिर से उसकी खोई हुई प्रतिष्ठा दिला सकते हैं.

## खजूरी चौक पर जाम से निजात के लिए उच्चस्तरीय बैठक, मंत्री कपिल मिश्रा ने दिए समयबद्ध समाधान के निर्देश

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के खजूरी चौक पर लगने वाले भीषण ट्रैफिक जाम को लेकर दिल्ली सचिवालय में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। दिल्ली के विकास मंत्री कपिल मिश्रा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में राजधानी के इस प्रमुख ट्रैफिक जंक्शन पर यातायात संचालन को सुचारु बनाने के लिए समग्र योजना पर विचार हुआ। मंत्री ने सभी संबंधित विभागों को समन्वय से काम कर समयबद्ध तरीके से समाधान प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मंत्री ने बताया कि खजूरी चौक दिल्ली का एक प्रमुख ट्रैफिक जंक्शन है, जहां वजीराबाद, सिग्नेचर ब्रिज, भजनपुरा, शास्त्री पार्क, करावल नगर जैसे घने आबादी वाले क्षेत्रों से प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं। यह क्षेत्र लगातार ट्रैफिक जाम की चपेट में रहता है, जिससे न केवल यात्रियों को परेशानी होती है बल्कि एंबुलेंस, दमकल और अन्य आपातकालीन सेवाओं की गति भी बाधित होती है। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण , दिल्ली ट्रैफिक पुलिस, लोक निर्माण विभाग, दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन सहित कई प्रमुख विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य सभी विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर एक स्थायी और व्यवहारिक समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाना है।

## बाबरपुर में कांग्रेस प्रशिक्षण शिविर, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों पर चर्चा

**नई दिल्ली।** संगठन सृजन अभियान के तहत उत्तर पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र के बाबरपुर जिला कांग्रेस कमेटी में कांग्रेस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने की। देवेंद्र यादव ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सहयोग से शुरु किए गए प्रशिक्षण शिविर तीन सेशन में होंगे। प्रशिक्षण शिविर में कांग्रेस का विजन, कांग्रेस के स्वर्णिम इतिहास और दूसरे सेशन में बूथ, मंडलम, ब्लॉक अध्यक्ष, जिला पदाधिकारियों की जिम्मेदारियों और तीसरे सेशन में चुनाव के समय पार्टी और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों और कार्यशैली पर विस्तार से चर्चा हुई। इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन भी मौजूद रहे थे। देवेंद्र यादव ने कहा कि संगठन सृजन अभियान का पहला पड़ाव दिल्ली के प्रभारी काजी निजामुद्दीन के नेतृत्व में सफलता के साथ पूरा किया और दूसरे पड़ाव में उनके निर्देशानुसार संगठन सृजन अभियान के तहत सभी जिलों में कांग्रेस प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत आज से हुई है।

## स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी भारत की चेतना के प्रेरणा स्रोत : विजेंद्र गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौक पर उन्होंने कहा कि भारत की युवा शक्ति को आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास और सेवा-भाव की ओर प्रेरित करने वाले स्वामी विवेकानंद केवल एक संत नहीं, बल्कि भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण के अग्रदूत रहे। यह कार्यक्रम रोहिणी सेक्टर-8 स्थित विवेकानंद वरिष्ठ नागरिक फोरम द्वारा आयोजित किया गया। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन और दर्शन आज के भारत के लिए पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो गया है। जब हम आत्मनिर्भर भारत, युवाशक्ति के उत्थान और वैश्विक मंच पर भारत की भूमिका को लेकर सजग हैं, तब विवेकानंद के विचार हमें आत्मबल, राष्ट्रभक्ति और सार्वभौमिक मानवता के मूल्यों की ओर लौटने का संदेश देते हैंद्य गुप्ता ने कहा कि विवेकानंद का संदेश केवल धार्मिक या आध्यात्मिक नहीं था, बल्कि सामाजिक न्याय, शिक्षा और राष्ट्रनिर्माण के लिए एक ठोस दृष्टिकोण भी प्रदान करता है। उनकी दृष्टि में युवा केवल शारीरिक रूप से सशक्त नहीं, बल्कि नैतिक रूप से दृढ़ और मानसिक रूप से प्रबुद्ध होना चाहिए। यह आज के समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की शिक्षाएं केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य की दिशा तय करने वाली प्रेरक शक्ति हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर की याद में आम की विशेष किस्म उगाई जाएगी :कुलजीत सिंह चहल

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने शनिवार को विनय मार्ग पर चाणक्यपुरी, स्थित पालिका सेवा अधिकारी संस्थान (पीएसओआई) में दो दिवसीय मैंगो फेस्टिवल खास-ए-आम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की याद में आम की एक विशेष किस्म उगाई जाएगी। कुलजीत सिंह चहल ने कहा कि एनडीएमसी द्वारा आयोजित यह आम महोत्सव एक ऐसा संगम है जहां 515 प्रकार के आम प्रदर्शित किए गए हैं। जिन्हें भारत के विभिन्न राज्यों के विभिन्न किसानों द्वारा उगाया गया है। उन्होंने कहा कि एनडीएमसी ने आम महोत्सव में किसानों को एक अनूठा मंच प्रदान किया है। जहां वे अपने आमों और उनके उत्पादों का प्रदर्शन कर सकते हैं।

# गरुड़ रूपी राष्ट्र का विकास महिला एवं पुरुष दोनों के योगदान से ही संभवः शांता अक्का

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्र सेविका समिति की प्रमुख संचालिका शांता अक्का ने कहा कि संस्थापिका लक्ष्मीबाई केलकर के जीवन से प्रेरणा लेते हुए हमें सीखना चाहिए कि गरुड़ रूपी राष्ट्र का विकास महिला एवं पुरुष दोनों के योगदान से ही संभव हो सकता है। शांता अक्का ने कहा कि मातृशक्ति की संगठित चेतना राष्ट्रनिर्माण का आधार है और समाज में सकारात्मक परिवर्तन एवं समाज में दिशा देने का कार्य एकमात्र महिला ही अपने नवाचार विचारों से ही कर सकती है, जोकि कमजोरी को सुदृढ़ता में परिवर्तित करने का साहस रखती है। वे राष्ट्र सेविका समिति की संस्थापिका एवं आद्य संचालिका लक्ष्मीबाई केलकर (मौसी जी) के अवतरण दिवस के उपलक्ष में आयोजित समारोह को संबोधित कर रही थीं। दिल्ली विश्वविद्यालय के रामजस कॉलेज में आयोजित इस संकल्प दिवस समारोह में शांता अक्का ने कहा कि कोई भी समाज तभी शक्ति भर सकता है जब परस्पर समन्वित, परस्पर स्वावलंबी व



परस्पर पूरक होगा। परिवार व समाज एक संकल्पित राष्ट्र है। इस मौके में मुख्यातिथि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आयोजन को वैचारिक आत्ममंथन का अवसर कहा। उन्होंने परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास के लिए महिलाओं की भूमिका को अनिवार्य बताया। उन्होंने कहा कि यह दौर बेटियों को बढ़ाने का समय है। रेखा गुप्ता ने कहा की लक्ष्मी शब्द अपने आप में ही प्रेरक शक्ति है द्घ आज की महिला किसी भी परिस्थिति में न घबराती है और न डरती है। सेविका समिति के आदर्शों पर चलते हुए महिलाएं राष्ट्र के विकास में योगदान दे रही हैं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रो. अजय कुमार भागी (अध्यक्ष एनडीटीएफ) दिल्ली विश्वविद्यालय ने कहा कि मौसी जी के जन्मदिवस को संकल्प रूप में मनाते हैं, जिसमें हम भविष्य का एजेंडा निश्चित करते हैं। उन्होंने आपसी जुड़ाव से समाज परिवर्तन की बात की। कार्यक्रम की अध्यक्षा पूजा सूर्या (डायरेक्टर सूर्या रोशनी) ने महिला की तुलना रानी लक्ष्मीबाई, मीरा बाई एवं अहिल्या बाई होलकर से की।

इस अवसर पर राष्ट्र सेविका समिति दिल्ली का इतिहास पर आधारित 'विकास गाथा' पुस्तक एवं 'मेधाविनी' वार्षिक पत्रिका का विमोचन हुआ। कार्यक्रम में प्रांत प्रचारिका विजया शर्मा, प्रांत संचालिका प्रो. (डॉ) चारू कालरा, शरण्या की अध्यक्षा अंजू आहूजा, प्रांत कार्यवाहिका सुनीता भाटिया, प्रांत सह कार्यवाहिका विदुषी, प्रो. (डॉ) निशा राणा मेधाविनी सिंधु सृजन, प्रान्त संयोजिका एवं अन्य वरिष्ठ सेविकाओं की गरिमामय उपस्थिति रही।

## वक़्फ़ संशोधन कानून से हेराफेरी कर हड़पी गई प्रॉपर्टी ढूंढ़ने में होगी आसानी : जमाल सिद्दिक़ी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दिक़ी ने वक़्फ़ संशोधन कानून का स्वागत करते हुए दावा किया कि इससे मुसलमान समुदाय को तेजी से फ़ायदे मिलेंगे। समय के साथ वक्फ भूमि और निधि का उपयोग वास्तविक लाभ में बदलेगा और यही मोदी सरकार का इरादा है। जमाल सिद्दिक़ी ने जारी बयान में कहा कि वक़्फ़ संशोधन कानून शनिवार से लागू हो गया है। इस अधिनियम का उद्देश्य पारदर्शिता, जवाबदेही एवं महिलाओं-सामुदायिक प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देना है। डिजिटलीकरण से पारदर्शिता आयेगी। सभी वक्फ संपत्तियों को छह महीने के भीतर केंद्रीय पोर्टल पर पंजीकृत करना अनिवार्य है, जिससे गलत प्रविष्टियां रोकने और सूचना का केंद्रीकरण सुनिश्चित होगा। डाटाबेस होने से हेराफेरी कर हड़पी गई प्रॉपर्टी ढूंढ़ने में आसानी होगी। महिलाओं के अधिकार सुनिश्चित होंग। परिवार-वक्फ में महिला उत्तराधिकारियों का हक़ सुरक्षित होगा और वे वक्फ घोषणा से पहले अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित कर सकेंगी। वक्फ संपत्ति अब ऑनलाइन केंद्रीय पोर्टल पर रजिस्टर्ड होने से बेईमानी एवं गलत प्रविष्टियों में कमी आएगी और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा। उन्होंने दावा किया कि वक़्फ़ संपत्तियों को कब्ज़ा करना अब नामुमकिन होगा। डाटा बेस ऑनलाइन होने से जो लोग कई सालों तक गैरकानूनी तरीक़े से मुतवल्ली बने बैठे रहते हैं उन पर अंकुश लगेगा, वक़्फ़ कमेटी में पारदर्शिता आयेगी। मार्किट वैल्यू के हिसाब से किराया फिक्स करने में आसानी होगी।

# प्रधानमंत्री मोदी ने रामविलास पासवान को जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (एलजेपी) के संस्थापक रामविलास पासवान को उनकी जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पासवान के साथ अपनी एक पुरानी तस्वीर साझा करते हुए उन्हें याद किया। प्रधानमंत्री मोदी ने पोस्ट में लिखा, पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान जी को उनकी जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि। उनका संपूर्ण जीवन सामाजिक न्याय को समर्पित रहा। दलितों, पिछड़ों और वंचितों के अधिकारों के लिए उनके संघर्ष को कभी भुलाया नहीं जा सकता। रामविलास पासवान भारतीय रजनीति के उन नेताओं में गिने जाते हैं, जिन्होंने दशकों तक दलित और सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के हितों की आवाज बुलंद की। वे विभिन्न प्रधानमंत्रियों के कार्यकाल में केंद्रीय मंत्री रहे और अपने स्पष्ट विचारों एवं



सामाजिक न्याय के पक्ष में दृढ़ रुख के लिए विख्यात थे। प्रधानमंत्री द्वारा साझा की गई तस्वीर और संदेश को बड़ी संख्या में लोगों ने साझा किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पर कई नेताओं, कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने भी पासवान को याद करते हुए उनके योगदान को सराहा। उल्लेखनीय है कि रामविलास पासवान का जन्म 05 जुलाई 1946 को बिहार के खगड़िया जिले में हुआ था। उन्होंने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में कई महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी संभाली और समानता, अधिकार और न्याय की पैरवी की। वे संसद में आठ बार निर्वाचित हुए और दलित समुदाय के लिए एक मजबूत राजनीतिक आवाज बने।

# भारत बना मेडिकल टूरिज़्म और फार्मा रिसर्च का वैश्विक केंद्र : ओम बिरला

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि भारत की चिकित्सा व्यवस्था आज विश्व में अपनी गुणवत्ता, सुलभता और विश्वसनीयता के कारण नई पहचान बना रही है। वे नई दिल्ली में इनोवेटिव फिजिशियन फोरम (आईपीएफ) द्वारा आयोजित 7वें वार्षिक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आईपीएफ मेडिकॉन-2025 के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। बिरला ने कहा कि यह विज्ञान, तकनीक और नवाचार का युग है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), ऑटोमेशन और नैनो साइंस जैसे क्षेत्रों में हो रहे तीव्र विकास ने न केवल चिकित्सा अनुसंधान बल्कि उपचार की पद्धतियों को भी अधिक सटीक, प्रभावशाली और कुशल बना दिया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आधुनिक दौर में चिकित्सा क्षेत्र में निरंतर नवाचार और शोध को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। उन्होंने भारत की चिकित्सा प्रणाली की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह न



केवल उच्च गुणवत्ता वाली है, बल्कि किफायती और सभी के लिए सुलभ भी है। बिरला ने कहा, ÷हमारे डॉक्टर अपनी मेहनत और विशेषज्ञता से वैश्विक स्तर पर देश का नाम रोशन कर रहे हैं, इसी का परिणाम है कि आज भारत मेडिकल टूरिज़्म का प्रमुख केंद्र बन चुका है। दुनिया के अनेक देशों से मरीज इलाज के लिए भारत का रुख कर रहे हैं।भारत के फार्मा सेक्टर की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि अनुसंधान के प्रति प्रतिबद्धता और नवाचार की भावना ने ही भारत को फार्मास्यूटिकल और बायोमेडिकल रिसर्च के क्षेत्र में अग्रणी बना दिया है। उन्होंने वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और चिकित्सकों का अभिनंदन करते हुए कहा कि आप सबने स्वास्थ्य और चिकित्सा के क्षेत्र में नए मानक स्थापित किए हैं। आईपीएफ मेडिकॉन-2025 सम्मेलन की सराहना करते हुए बिरला ने आशा जताई कि इन दो दिनों के विचार-विमर्श और अनुभवों के आदान-प्रदान से चिकित्सा अनुसंधान को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से आह्वान किया कि वे मिलकर एक स्वस्थ, सशक्त और निरोगी भारत के निर्माण की दिशा में कार्य करें।

# एनसीआर व आसपास के क्षेत्रों में वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए सीएक्यूएम ने की हरियाणा-पंजाब के साथ बैठक

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने एनसीआर और आसपास के क्षेत्रों में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए पंजाब और हरियाणा के मुख्य सचिवों के साथ चंडीगढ़ में दो बैठकें कीं। इन बैठकों में दोनों राज्यों में अंतर-विभागीय समन्वय को मजबूत बनाने के साथ-साथ क्षेत्र में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए प्रमुख क्षेत्रीय उपायों के कार्यान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। सीएक्यूएम ने एक बयान में बताया कि हरियाणा के अधिकारियों के साथ बैठक में इस साल धान की पराली जलाने को खत्म करने की तैयारी, ईंट-भट्टों में धान की पराली आधारित बायोमास छर्रों का उपयोग और थर्मल पावर प्लांटों द्वारा निर्धारित उत्सर्जन मानदंडों के अनुपालन जैसे महत्वपूर्ण




क्षेत्रों पर विस्तृत समीक्षा की गई। सीएक्यूएम के अध्यक्ष राजेश वर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में आयोग के सदस्य और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। आयोग ने बताया कि राज्यों को का गया है कि दिल्ली में प्रदूषण फैलाने वाले परिवहन एवं वाणिज्यिक माल वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लागू करें। इसके साथ सभी डीजल-संचालित ऑटो-रिक्शा को चरणबद्ध तरीके से हटाने और अंतर-शहर बसों को स्वच्छ ऊर्जा में बदलने की प्रगति पर भी विचार-विमर्श किया गया। समीक्षा बैठकों के अलावा आयोग की टीम ने 04 जुलाई को पंजाब और हरियाणा में धान की पराली के बाहरी उपयोग से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं/प्रतिष्ठानों का दौरा किया। इसमें पेलेटाइजेशन प्लांट, कंप्रेस्ड बायो-गैस प्लांट, बायोगैस प्लांट, 2जी इथेनॉल प्लांट और औद्योगिक बॉयलर शामिल हैं। सीएक्यूएम ने दोनों राज्य सरकारों द्वारा अब तक किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए क्षेत्र में वायु गुणवत्ता में सुधार को दर्शाने वाले दृश्यमान और मापनीय आंकड़े सुनिश्चित करने के लिए विशेषकर सर्दियों के मौसम के मद्देनजर सभी संबंधित हितधारकों की निरंतर कार्रवाई और साझा प्रतिबद्धता का आग्रह किया।

## बंद कमरे में एसी गैस के रिसाव से चार की मौत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दक्षिणपुरी इलाके में एक कमरे के घर में जमीन पर सोए चार लोग संदेहास्पद हालात में बेहोश पाए गए। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर चारों को अस्पताल पहुंचाया जहां तीन युवकों को मृत घोषित कर दिया जबकि एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतकों की पहचान इमरान उर्फ सलमान (30), मोहसिन (20), कपिल (18) तथा हसीब (20) के रूप में हुई है। चारों युवक एसी मैकेनिक का काम करते थे। कमरे से पुलिस को एसी यूनिट तथा एसी गैस के सिलेंडर मिले हैं। चारों युवकों के शरीर अकड़े हुए पाए जाने से प्रारंभिक जांच में एसी गैस के रिसाव को हादसे की वजह बताया जा रहा है। माना जा रहा है गैस रिसाव से दम घुटने की वजह से चारों की मौत हो गई। हालांकि पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मौत की असल वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही सामने आएगी। साउथ डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि सुबह पुलिस को जीशान नामक युवक ने फोन कर सूचना दी कि दक्षिणपुरी में किराए पर रहने वाला उसका ममेरा भाई फोन नहीं उठा रहा है। दरवाजा भी अंदर से बंद है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच किसी तरह दरवाजा खोलकर अंदर प्रवेश किया। प्रथम तल पर स्थित एक कमरे के घर में चार युवक बेहोशी हालत में जमीन पर मिले। उन्हें पहले अंबेडकर अस्पताल ले जाया गया वहां से सफदरजंग अस्पताल व बाद में एम्स ट्रॉमा सेंटर लाया गया। जांच के दौरान तीन युवकों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## बढ़ती त्रासदियों के बीच तत्काल सार्वजनिक सुरक्षा सुधारों का आह्वान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** जमाअत-ए-इस्लामी हिंद के मुख्यालय में आयोजित मासिक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए जमाअत के उपाध्यक्ष प्रो. सलीम इंजीनियर ने हाल की त्रासदियों पर गहरा दुख और गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में विनाशकारी केमिकल फैक्ट्री विस्फोट, पुरी में रथयात्रा के दौरान हुई हृदय विदारक भगदड़ और अहमदाबाद में हुई दुखद हवाई जहाज दुर्घटना ने हमें झकझोर कर रख दिया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए प्रो. सलीम इंजीनियर ने कहा कि कुछ ही हफ्तों के भीतर अहमदाबाद, पुरी और तेलंगाना में तीन दुखद घटनाएं घटीं। यह सार्वजनिक सुरक्षा जोखिमों के एक बड़े पैटर्न की ओर इशारा करते हैं जिस पर तत्काल विचार करने की आवश्यकता है। हालांकि, हम राज्य और केंद्रीय प्राधिकारियों द्वारा मुआवजा और जांच सहित त्वरित प्रतिक्रिया की सराहना करते हैं, लेकिन मुआवजा और जांच प्रतिक्रिया महत्वपूर्ण होते हुए भी उन गहरी संरचनात्मक और संस्थागत कमजोरियों को दूर नहीं करते हैं, जो ऐसी त्रासदियों की पुनरावृत्ति को संभव बनाती हैं। 30 जून, 2025 को तेलंगाना में सिगाची इंडस्ट्रीज की फार्मास्युटिकल इकाई में हुए भीषण विस्फोट में 40 श्रमिकों की मौत हो गई



और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रारंभिक निष्कर्षों से पता चलता है कि इसमें संभवतः संरचनात्मक विफलताएं, पुरानी मशीनरी और गंभीर सुरक्षा खामियां हैं। एक दिन पहले ही पुरी के गुंडिचा मंदिर के पास भगदड़ में तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी और 50 से अधिक घायल हो गए थे, जिससे प्रमुख धार्मिक आयोजनों में भीड़ प्रबंधन की गंभीर कमी उजागर हुई थी। अहमदाबाद में हाल ही में हुई हवाई दुर्घटना ने नागरिक विमानन की निगरानी और आपातकालीन तैयारियों की कमजोरियों को दर्शाया है। जमाअत के उपाध्यक्ष ने कहा कि पिछले छह महीनों में भारत ने औद्योगिक आग, नागरिक बुनियादी ढांचे के ढहने और सार्वजनिक समारोहों में भगदड़ देखी है, जिससे कार्यस्थलों, त्योहारों और रोजमर्रा के वातावरण में सुरक्षा के बारे में जनता की चिंताएं बढ़ रही हैं। रचनात्मक सहभागिता और राष्ट्रीय हित की भावना के मद्देनज़र जमाअत-ए-इस्लामी हिंद कुछ ठोस सुझाव प्रस्तुत किया है।

## दिल्ली जल बोर्ड अब खुद कर सकेगा परियोजनाओं को स्वीकृत



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने जल बोर्ड को पहली बार निर्णय लेने और काम पूरा करने की ताकत दी है। जल बोर्ड को अब करोड़ों रुपये की परियोजनाओं के लिए कैबिनेट की स्वीकृति का इंतजार नहीं करना होगा। यह जानकारी सीएओ दिल्ली ने एक्स पर साझा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब दिल्ली जल बोर्ड यमुना की सफाई, नालों के उपचार और पेयजल व्यवस्था से जुड़ी तमाम योजनाएं स्वयं स्वीकृत करेगा और जमीन पर उतारेगा। उसे करोड़ों रुपये की परियोजनाओं के लिए बोर्ड को कैबिनेट की स्वीकृति का इंतजार नहीं करना होगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड के वित्तीय अधिकार बढ़ाने का यह निर्णय केवल एक प्रशासनिक सुधार नहीं, बल्कि शासन को तेज, उत्तरदायी और परिणामोन्मुखी बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। इससे हर स्तर पर निर्णय लेने की क्षमता बढ़ेगी, कार्यों में देरी घटेगी और व्यवस्था अधिक पारदर्शी व जवाबदेह बनेगी। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन को दिल्ली में जमीन पर उतारने की एक मजबूत शुरुआत है। दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि दिल्ली जल बोर्ड को स्वायत्तता और वित्तीय अधिकार देने का निर्णय प्रशासनिक नहीं, बल्कि जनसेवा की दिशा में ऐतिहासिक सुधार है। अब यमुना की सफाई, नालों के उपचार और जल आपूर्ति की योजनाएं बिना देरी जमीन पर उतरेंगी।

## डीयू की अकादमिक परिषद की बैठक में अहम फैसले, 'सिख शहादत' पर नया कोर्स, रेडियो जॉकिंग भी स्किल कोर्स में शामिल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की अकादमिक परिषद (एसी) की 1023वीं बैठक कुलपति प्रो. योगेश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक की शुरुआत डीयू के पूर्व प्रति-कुलपति एवं कार्यवाहक कुलपति स्वर्गीय प्रो. पीसी जोशी को श्रद्धांजलि देकर की गई और उनके योगदान को याद करते हुए शोक प्रस्ताव पारित किया गया।

बैठक में जीरो ऑवर के दौरान एक सदस्य द्वारा उठाए गए पेपर चेकिंग भुगतान की देरी के मुद्दे पर कुलपति ने सभी विभागों को लंबित बिल शीघ्र सबमिट करने और परीक्षा शाखा व वित्त विभाग को तुरंत भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को समय पर भुगतान मिलना चाहिए। बैठक में डीयू के कॉलेजों में भारतीय इतिहास में सिख शहादत (1500-1765) विषय पर नया सामान्य वैकल्पिक कोर्स पढ़ाने की स्वीकृति दी गई। यह कोर्स डीयू के स्वतंत्रता एवं विभाजन अध्ययन केंद्र (सीआईपीएस) द्वारा प्रस्तुत किया गया है। कुलपति ने इस कोर्स को ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण बताते हुए इसकी सराहना की इसके अतिरिक्त, स्किल एन्हांसमेंट कोर्स



(एसईसी) के तहत रेडियो जॉकिंग सहित आठ नए पाठ्यक्रमों को भी स्वीकृति दी गई। विद्यार्थियों को इसमें आवाज़ प्रशिक्षण, स्टूडियो संचालन और लाइव शो होस्टिंग जैसी व्यावहारिक जानकारी दी जाएगी। अकादमिक परिषद की बैठक में यूजी पाठ्यक्रमों के चौथे वर्ष में शोध प्रबंध, शैक्षणिक परियोजना या उद्यमिता में से किसी एक को चुनने का विकल्प देने पर सहमति बनी। इसके लिए पर्यवेक्षण और मूल्यांकन संबंधी मसौदा दिशा-निर्देश भी पारित किए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि शैक्षणिक सत्र 2016-17 में दाखिला लेने वाले वे छात्र जो किसी कारणवश निर्धारित अवधि में डिग्री पूरी नहीं कर सके, उन्हें बैकलॉग पूरा करने के लिए दो वर्ष की अतिरिक्त अवधि दी जा सकती है। यह निर्णय सीबीसीएस से यूजीसीएफ में हुए पाठ्यक्रम परिवर्तन के कारण उत्पन्न समस्याओं को देखते हुए लिया गया है।

# दिल्ली विश्वविद्यालय में स्नातक प्रवेश 2025-26 के लिए अलॉटमेंट-कम-एडमिशन शेड्यूल जारी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कॉमन सीट अलोकेशन सिस्टम (सीएसएएस -यूजी) के द्वितीय चरण की तिथि घोषित कर दी है। विश्वविद्यालय के अनुसार, सीयूईटी-यूजी 2025 के परिणाम घोषित हो चुके हैं और अब मंगलवार, 8 जुलाई से सीएसएएस का फेज-2 शुरू होगा।दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने बताया कि सीएसएएस फेज-1 और फेज-2 दोनों 14 जुलाई रात 11:59 बजे तक खुले रहेंगे। इस दौरान पहले चरण में सफलतापूर्वक रजिस्ट्रेशन करा चुके छात्र अपने पसंदीदा कोर्स और कॉलेज की प्राथमिकताएं चुन सकते हैं। जिन छात्रों ने अभी तक रजिस्ट्रेशन नहीं किया है, वे भी इस अवधि में सीएसएएस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। प्राथमिकताओं को अंतिम समय तक ऑटो-लॉक कर दिया जाएगा। विश्वविद्यालय ने छात्रों को एक बार की सुधार सुविधा भी प्रदान की है। छह से 11 जुलाई 2025 रात 11:59 बजे तक छात्र अपने आवेदन फॉर्म में सुधार कर सकते हैं। यह सुविधा केवल उन्हीं छात्रों को उपलब्ध है जिन्होंने सीएसएएस फेज-1 पूरा कर लिया है। फॉर्म एक बार सबमिट करने के बाद दोबारा नहीं खोलेगा, अतः सावधानीपूर्वक बदलाव करें। दाखिला प्रक्रिया की शुरुआत 6 जुलाई से होगी, जब पहले चरण में पंजीकृत उम्मीदवारों के लिए आवेदन पत्र में सुधार (संशोधन) करने की सुविधा दी जाएगी। यह सुधार विंडो 11 जुलाई की रात 11:59 बजे तक खुली रहेगी। इसके बाद, आठ से 14 जुलाई की रात 11:59 बजे तक, उम्मीदवारों को अपनी पसंद के पाठ्यक्रम और कॉलेज चुनने होंगे। 14 जुलाई को रात 11:59 बजे सभी उम्मीदवारों की भरी गई प्राथमिकताएं स्वतः लॉक हो जाएंगी। 15 जुलाई को शाम 5 बजे, विश्वविद्यालय द्वारा अनुमानित रैंक (सिम्युलेटेड रैंक) जारी की जाएगी, ताकि विद्यार्थी अपने चुने गए विकल्पों की स्थिति को समझ सकें। उसी दिन से 16 जुलाई की रात 11:59 बजे तक, उम्मीदवार अपनी प्राथमिकताओं को बदल सकते हैं। 19 जुलाई को शाम 5 बजे पहली प्रवेश सूची जारी होगी। इसके बाद, उम्मीदवारों को 21 जुलाई की शाम 4:59 बजे तक अपनी सीट को स्वीकार करना होगा।

# हजारीबाग का इंटरनेशनल छड़वा मोहर्रम मेला शांति सौहार्द के साथ संपन्न

● इंटरनेशनल छड़वा मोहर्रम मेले में उमड़ा जन सैलाब ● मोहर्रम त्याग और बलिदान का त्यौहार हैः डीडीसी ● उत्साह उमंग के साथ छड़वा मोहर्रम मेला संपन्न हुआः एएसपी ● हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मुहर्रम मनाया जाता हैः पूर्व सांसद ● आपसी भाईचारे की मिसाल है छड़वा मोहर्रम मेलाः मुख्तार अंसारी ● छड़वा मोहर्रम मेला में गगनचुंबी इस्लामी परचम विश्व प्रसिद्ध है जिसके कारण यह इंटरनेशनल छड़वा मोहर्रम मेले के रूप में मशहूर है






**आदिवासी एक्सप्रेस**
**कटकमसांडी (हजारीबाग)।** प्रेम और भाईचारे की मिसाल तीन दिवसीय हजारीबाग का इंटरनेशनल छड़वा मोहर्रम मेला रविवार को कटकमसांडी प्रखंड अंतर्गत छड़वा मैदान में मोहर्रम की दसवीं को भव्य आयोजन के साथ आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ जिसमें बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह और आरक्षी अधीक्षक अंजनी अंजन शामिल हुए मुख्य अतिथियों और मुख्य मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों को छड़वा मोहर्रम कमेटी के द्वारा पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। हजारों की संख्या में लोग मोहर्रम मेला को देखने पहुंचे। बता दें कि इस मोहर्रम मेले में मुख्य आकर्षण बिंदु गगनचुंबी निशान को देखने दूर-दूर से लोग यहां पहुंचते हैं साथ ही आकर्षक रूप से सजे ताजिया भी मेले का मुख्य आकर्षण बिंदु होता है।

ऐसे में बताना अहम यह होगा कि विगत कई वर्षों से छड़वा मोहर्रम मेला सौहार्दपूर्ण आयोजित किया जाता रहा है। इस वर्ष भी छड़वा मोहर्रम कमेटी के द्वारा भव्य रूप से इंटरनेशनल छड़वा मोहर्रम मेले का आयोजन किया गया जिसमें दो दर्जन से अधिक अखाड़ा - जुलूस शामिल हुए।

तीन दिवसीय छड़वा मोहर्रम मेले के आयोजन को लेकर 04 जून आठवीं 05 जून नवमी और 06 जून को इंटरनेशनल छड़वा मोहर्रम मेले का मुख्य आयोजन दसवीं के दिन छड़वा मोहर्रम के मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जनसैलाब उमड़ पाड़ा।

मेले को व्यवस्थित करने के लिए प्रशासनिक महकमा मुस्तैद दिखाई दिया। छड़वा मोहर्रम मेला में इस वर्ष भी महिला पुरुष बच्चे शामिल हुए और मेले का लुत्फ उठाया मोहर्रम मेले में आकर्षक झूले एवं कई स्टाल लगाए गए थे।

**क्यों मनाया जाता है मोहर्रम का त्यौहार**

मोहर्रम का यह त्योहार पैगंबर हजरत मोहम्मद के प्यारे नवासे (नाती) हजरत इमाम हुसैन और उनके साथ शामिल मैदान ए कर्बला की जंग में शहादत हासिल करने वाले खानदान वालों और अजीजों की याद में मनाया जाता है। मोहर्रम के महीने में दसवीं तारीख (यौम -ए-आशुरा) का खास तौर पर महत्व है। इसी दिन हजरत इमाम हुसैन की शहादत हुई थी हजरत इमाम हुसैन ने जालिम बादशाह यजिद जो इस्लाम धर्म के विरुद्ध जाकर जुल्म और बरबर्रियत की हदों को पार कर चुका था अत्याचारी बादशाह यजिद के खिलाफ जंग का ऐलान किया और कर्बला के मैदान में यजिदी फौज और इमाम हुसैन के बीच में जंग का वाकिया पेश आया। हजरत इमाम हुसैन ने अपनी शहादत देकर इस्लाम को जिंदा किया और जुल्म और अन्याय के आगे कभी भी झुके नहीं। कर्बला की जंग करीब 1400 साल पहले 10 मोहर्रम 61 हिजरी (10 अक्टुबर 680 ईस्वी) में हुई थी। कर्बला की जंग इस्लाम की सबसे बड़ी जंग में से एक है, क्योंकि इसमें इस्लाम के आखिरी पैगंबर मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन धर्म की रक्षा करते हुए शहादत हासिल किया।

यह लड़ाई पैग़म्बर मुहम्मद के नवासे हज़रत इमाम हुसैन इब्न अली के समर्थकों और रिश्तेदारों के मात्र 72 लोगों के काफिले जिसमें महिलाएं एवं बच्चे शामिल थे और दुसरी तरफ अत्यचारी शासक यज़ीद की हजारों की संख्या में एक बड़ी लश्कर के बीच हुई थी।

**मोहर्रम मेले में यह अतिथि हुए शामिल, पगड़ी पहनाकर किया गया सम्मानित**

छड़वा मोहर्रम मेले में शामिल पुर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता, कांग्रेस के पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी डॉ आरसी प्रसाद मेहता, कांग्रेस नेता सह सदर विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी मुन्ना सिंह, कांग्रेस प्रदेश महासचिव विनोद कुशवाहा, कांग्रेस महिला जिला अध्यक्ष बेबी देवी, कटकमसांडी पूर्वी के पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मिस्बाह उल इस्लाम, सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी उदय मेहता (जेएलकेएम) भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष सैयद तनवीर अहमद, कंचनपुर मुखिया प्रतिनिधि अशोक राणा, कंडसार मुखिया प्रतिनिधि रामकुमार मेहता लुपुंग मुखिया दिलीप कुमार पासवान, कांग्रेस नेता रजी अहमद, खुटरा पंचायत समिति सदस्य प्रदीप मिश्रा, खुटरा मुखिया अनवार उल हक, झामुमो कटकमसांडी प्रखंड अध्यक्ष सह केंद्रीय समिति सदस्य राजा खान, एआईएमआईएम के पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी नदीम खान सहित कई जनप्रतिनिधि समाजसेवी एवं कई गणमान्य लोगों को छड़वा मोहर्रम कमेटी ने पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया।

**मेले के सफल संचालन को लेकर प्रशासनिक महकमा पूरी तरह रहा मुस्तैद**

छड़वा मोहर्रम मेले को शांति सौहार्द के साथ संपन्न कराने और विधी व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन की ओर से हजारीबाग डीडीसी इश्तियाक अहमद, सदर एसडीएम बैद्यनाथ कामती, एएसपी अमीत कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी निर्भय कुमार, डीआरडीए डाइरेक्टर देवप्रिया, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुधीर कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक आकाश कुमार, सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट शीलक राम, डीएसपी प्रशांत कुमार, कटकमसांडी अंचल अधिकारी अनिल कुमार गुप्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी पुजा कुमारी, पेलावल ओपी प्रभारी वेद प्रकाश पांडे, आरक्षी निरीक्षक पेलावल विनोद कुमार, दारू अंचल के आरक्षी निरीक्षक मो. शाहिद रजा मुख्य मंच से लगातार मेले पर निगरानी बनाए हुए थे। इस मेले के सफल संचालन को लेकर प्रशासनिक महकमा पूरी तरह मुस्तैदी के साथ डटा रहा।

**तीन प्रखंडों के जुलूस हुए शामिल**

हजारीबाग जिला अंतर्गत तीन प्रखंडों कटकमसांडी, कटकमदाग और इचाक के लगभग दो दर्जन गांवों के अखाड़ा जुलूस में शामिल हुए। जिसमें खुटरा, पबरा, हरिना, लुपुंग, सुलमी,, डाड़, पिचरी, सारूगारु, रोमी, हेदलाख, पकरार, नवादा, गदोखर, बलियंद, भुसवा, कंचनपुर के अखाड़े शामिल थे।

**मेले का मुख्य आकर्षण बिंदु रहा गगनचुंबी निशान**

विशेष रुप से छड़वा मोहर्रम मेला में गगनचुंबी इस्लामी परचम (निशान) विश्व प्रसिद्ध है जिसके कारण इसे इंटरनेशनल छड़वा मोहर्रम मेले के रूप में ख्याति प्राप्त है। जिसे देखने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से लोग इस मोहर्रम मेले में पहुंचते हैं। इस अवसर पर आकर्षक एवं रंग-बिरंगे कपड़ों से सजाए गए ऊंचे - ऊंचे गगनचुंबी निशान की लोगों ने काफी सराहना की जो इस मोहर्रम मेले का मुख्य आकर्षण बिंदु भी रहा। और इस इंटरनेशनल छड़वा मोहर्रम को भव्यता के तौर पर दर्शाता है।

इस गगनचुंबी इस्लामी परचम जो हजारीबाग के मोहर्रम को इंटरनेशनल मोहर्रम की ख्याति के लिए जाना जाता है जिसे देखने के लिए हजारीबाग सहित पूरे झारखंड के विभिन्न प्रांतो से लोग यहां पहुंचते हैं जो एक जन सैलाब के रूप में उमड़ पड़ता है।

**आकर्षक रूप से सजे ताजिया को देखने के लिए लोग दिखे बेताब**

छड़वा मोहर्रम मेले में लगभग 20 से अधिक ताजिया सभी अखाड़ा जुलूस में अपने-अपने गांव से लेकर पहुंचे जो छड़वा मोहर्रम मेले में लोगों के बीच में चर्चा का विषय रहा। सभी आकर्षक ताजिया जो काफी दिलकश मंजर पेश कर रहा था जिसे देखने के लिए लोगों की आंखें जमीं थी सभी एक झलक इन ताजिया को देखने के लिए बेताब दिखे।

**अखाड़ा में शामिल खिलाड़ियों ने दिखाया खेल करतब**

छड़वा मोहर्रम मेले में शामिल सभी अखाड़ा में शामिल खिलाड़ियों ने पारंपरिक हथियारों से विभिन्न जांबाज़ी भरे खेल करतब दिखाये जिसने मेले का उत्साह बढ़ाया। खिलाड़ियों ने अपने खेल करतब से सभी को मनमोहित कर दिया और जमकर वाहवाही लूटी।

**सम्प्रदायिक सौहार्द की मिशाल बना अंतू साव का ताजिया**

मोहर्रम मेले में जैलमा निवासी अंतू साव का ताजिया प्रत्येक वर्ष आकर्षण का केंद्र बिंदु होता है और छड़वा मोहर्रम मेले की कौमी एकता को दर्शाने का सफल प्रयास करती है। इस वर्ष भी अंतू साव द्वारा बनाए गए ताजिया की खुब सराहना हुई। सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल के तौर पर लोगों ने इसकी सराहना की।

इस मौके पर डीडीसी इश्तियाक अहमद ने कहा कि मोहर्रम त्याग और बलिदान का त्यौहार है। धर्म की रक्षा का संदेश देता है मोहर्रम। छड़वा मोहर्रम मेला शांति सौहार्द के साथ संपन्न हुआ इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं।

एएसपी अमित कुमार ने कहा कि छड़वा के ऐतिहासिक मोहर्रम मेले में लोगों ने काफी उत्साह उमंग के साथ शामिल होकर मेले का लुत्फ उठाया और बारिश में भी खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ खेल करतब दिखाएं। मोहर्रम मेले को सफल बनाने में जिस प्रकार से छड़वा मोहर्रम कमेटी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों का सहयोग मिला वह काफी सराहनीय रहा।

समाजसेवी मुन्ना सिंह ने कहा कि यह त्यौहार बलिदान का त्यौहार है यह इस बात का संदेश देता है कि समाज में प्रेम और सद्भावना कायम रखें। कांग्रेसी नेता आरसी प्रसाद ने कहा कि मोहर्रम के इस मेले को सफल संचालन को लेकर प्रशासन की अहम भूमिका रही। सभी प्रशासनिक महकमा के लोगों को इसके लिए धन्यवाद दिया।

पूर्व सांसद भूवनेश्वर प्रसाद मेहता ने छड़वा मोहर्रम मेले को ऐतिहासिक मेला बताते हुए कहा कि छड़वा के इस ऐतिहासिक मेले को लेकर लोगों में काफी जोश और उत्साह नजर आता है। पिछले कई वर्षों से उत्साह उमंग के साथ छड़वा मोहर्रम मेला आयोजित किया जा रहा है। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। श्री मेहता ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मुहर्रम मनाया जाता है जिसको लेकर छड़वा में भव्य मोहर्रम मेला आयोजित किया जाता है।

इस अवसर पर छड़वा मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष मुख्तार अंसारी ने कहा कि यह मेला विगत कई वर्षों से आपसी भाईचारे की मिसाल के तौर पर जाना जाता है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ऐतिहासिक तौर पर मनाया गया। शांति सद्भाव बनाए रखने एवं सफल मेले के लिए सभी जाति एवं संप्रदाय के लोगों का अहम योगदान रहा। साजिद अली खान ने कहा कि छड़वा मोहर्रम मेला हजारीबाग सहित झारखंड के आसपास के इलाकों में काफी मशहूर है इस मोहर्रम मेले में हजारों की संख्या में लोग शामिल होते हैं और मेले का लुत्फ उठाते हैं। हजारीबाग के इस ऐतिहासिक मोहर्रम मेले को सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल के तौर पर ख्याति प्राप्त है।

मौके पर मौजूद पेलावल ओपी प्रभारी वेद प्रकाश पांडे ने मोहर्रम मेले के आयोजन को लेकर मोहर्रम कमेटी के सदस्यों सहित कई समाजसेवी संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी ने अहम भूमिका निभाई मोहर्रम मेले के सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर सभी बधाई के पात्र हैं।

**या शहीद -ए- कर्बला के नारों से गूंजा माहौल**

छड़वा मोहर्रम मैदान पहुंचने के क्रम में छड़वा मोहर्रम कमेटी के द्वारा जुलूस में शामिल विभिन्न गांव मोहल्ले के अखाड़ा में या हुसैन के नारों से पूरा माहौल गूंजायमान हो गया जब सभी गांवों का अखाड़ा जुलूस छड़वा मोहर्रम मैदान में शामिल हुए जहां पर सभी जुलूस का मिलान हुआ उस वक्त का माहौल एक अलग ही मंजर पेश कर रहा था कर्बला की जंग का मंजर का एहसास दिला गया जब पूरा छड़वा मोहर्रम मैदान या अली, या हुसैन और या शहीद -ए- कर्बला के नारों से गुंजायमान हो उठा।

**मेले के सफल आयोजन में निभाई अहम भूमिका**

छड़वा मोहर्रम मेले को सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने में छड़वा मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष मुख्तार अंसारी, मिडिया प्रभारी साजिद अली खान, सचिव नौशाद खान, कमालुद्दीन, बाबर अंसार, महबूब आलम,अनवारूल हक,अकबर अंसारी, बबलू अंसारी, जमशेद खान,कमरूजमा, मोहम्मद मुमताज, हैदर अली, पंसस सलाउद्दीन उर्फ बबलू, पंसस मोहम्मद साबिर, एजाज अहमद, कंचनपुर मुखिया प्रतिनिधि अशोक राणा, कंडसार मुखिया प्रतिनिधि रामकुमार मेहता, मुखिया नारायण साव, जमशेद खान, अब्दुल लतीफ मलिक, गुलाम साबिर उर्फ बबलू, इंतखाब हुसैन, नईम रही, बाबर अंसारी, रब्बानी अंसरी, रोमी मुखिया प्रतिनिधि अकबर अंसारी, भोला खान, डिस्को खान, फिरोज खान, अब्दुल सत्तार शामिल, जहीर खान, अब्दुल लतीफ मलिक, ओबैदुल्लाह मलिक, आफताब मलिक ने अहम भूमिका निभाई।

मेले के दौरान घायल खिलाड़ियों और मेले में शामिल लोगों के लिए फर्स्ट एड चिकित्सा के लिए फोर्ड अस्पताल अतिया की मेडिकल टीम और जिला प्रशासन के द्वारा गठित मेडिकल टीम में डॉक्टर भूषण राम, प्रदीप गिरी, इसराफिल अंसारी शामिल थे।

वहीं दहेज मुक्त झारखंड संस्था की ओर से कैंप लगाया गया जिसमें छड़वा मोहर्रम कमेटी और अखाड़ा धारियों को सम्मानित किया गया।

## गुरु चट्टी बाजार के पास 3 तीन दिवसीय शिव शक्ति पूजन हवन एवं रुद्राभिषेक



**बड़कागांव संजय कुमार**
**बड़कागांव।** मां अंबे दुर्गा पूजा समिति के द्वारा गुरु चट्टी बाजार टांड़ में आषाढी पूर्णिया एवं हरि सायन एकादशी के पावन अवसर पर हवन एवं रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बढ़-चढ़कर के श्रद्धालुओं ने भाग लिया, रुद्राभिषेक एवं हवन कार्य किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में दामोदर प्रसाद मेहता, हुलास प्रसाद दांगी, विष्णु सत्यजीत ,विद्यालंकर मंटू, बिगल किशोर महतो, माधव महतो, अरविंद कुमार, नारायण कुमार, परमेश्वर महतो, सरोज कुमार, संतोष कुमार ,इंदर नाथ महतो, जय नंदन महतो ,सुखदेव महतो, पुरुषोत्तम कुमार ,राम कुमार प्रसाद, अंकित कुमार, अनिल कुमार , अवधकिशोर कुमार आचार्य मंडली ,आचार्य प्रेमचंद पांडे बनारस प. युगल किशोर पांडे गोवर्धन दास, खूंटा बाबा के अलावा अन्य शामिल थे।

## त्याग और बलिदान का त्यौहार मोहर्रम शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न

**संवादाता चरही**
**चरही।** पैगंबर मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन तथा उनके साथियों की शहादत की याद में मनाया जाने वाला त्यौहार मोहर्रम पर्व पर रविवार को कोयलांचल क्षेत्र में तथा आसपास के ग्रामीण इलाकों में भव्य जुलूस निकाला गया। जिसके आकर्षण के केंद्र पिपरा कजरी तथा करीमगंज के अखाड़े और ताजिया रही। गगनचुंबी फतेह निशान का मिलान अंसार चौक पर किया गया। इमाम हुसैन तथा उनके साथियों के याद में मनाए जाने वाले इस त्याग और बलिदान के त्यौहार में मुस्लिम समुदाय के द्वारा भव्य जुलूस निकाला गया जिसमें सभी अखाड़ों के द्वारा एक से बढ़कर एक आकर्षित करने वाली ताजिया बनाई गई थी। सभी अखाड़ों के द्वारा परंपरागत हथियार के साथ कई तरह के करतब और खेल का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान या अली या हसन या हुसैन जैसे कई नारे भी जुलूस में लगाए गए।



इस दौरान पिपरा के मैदान में हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग इकट्ठा हुए। वही जुलूस के दौरान प्रशासन भी पूरी तरह से मुस्तैद रही और त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया। मोहर्रम का त्योहार इस्लाम धर्म के हिसाब से साल का पहला महीना है इस महीने में कर्बला में हुई जंग में इमाम हुसैन और उनके साथी शहीद हुए थे। मान्यता है कि इमाम हुसैन ने बुराई के आगे अपने सर को नहीं झुकाया था और अपनी शहादत दे दी थी। कोयलांचल क्षेत्र में मोहर्रम जुलूस के विशेषता या भी है कि इसमें सभी धर्म के लोग सम्मिलित होते हैं। वहीं इसकी पहली तारीख से कई लोग पूरे 10 दिन तक रोज भी रखते हैं जो नफल रोज कहलाता है।

## पूर्व विधायक सौरभ नारायण सिंह दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल पहुंचकर शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की ली जानकारी


● झारखंड के विकास कार्यों को लेकर सौरभ नारायण सिंह और सीएम हेमंत सोरेन के बीच हुई चर्चा



**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** हजारीबाग सदर के पूर्व विधायक और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सौरभ नारायण सिंह ने दिल्ली स्थित सर गंगाराम अस्पताल में झारखंड के संरक्षक और झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक बाबा शिबू सोरेन से मुलाकात की। उन्होंने बाबा के स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस दौरान सौरभ नारायण सिंह ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मुलाकात की, जो अपने पिता बाबा शिबू सोरेन के साथ सर गंगाराम अस्पताल में मौजूद थे। उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन से बाबा के इलाज की विस्तृत जानकारी ली और कहा कि बाबा झारखंड की आत्मा हैं, उनका स्वस्थ रहना पूरे राज्य के लिए आवश्यक है। पूर्व विधायक ने कहा कि बाबा शिबू सोरेन झारखंड की राजनीति के एक स्तंभ हैं। उनके संघर्षों से यह राज्य बना है। मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूँ और इस कठिन समय में पूरे परिवार के साथ खड़ा हूँ। बता दें कि कुछ दिनों से बाबा शिबू सोरेन अस्वस्थ चल रहे हैं, जिसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए दिल्ली में भर्ती कराया गया है। राज्य के विभिन्न हिस्सों से उनके समर्थक और शुभचिंतक उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंतित हैं और लगातार उनके जल्द ठीक होने की प्रार्थना कर रहे हैं। सौरभ नारायण सिंह की इस मुलाकात को राजनीतिक से ज्यादा सामाजिक और मानवीय जुड़ाव के रूप में देखा जा रहा है। दिल्ली स्थित सर गंगाराम अस्पताल में झारखंड के संरक्षक बाबा शिबू सोरेन से मुलाकात के बाद पूर्व विधायक सौरभ नारायण सिंह और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बीच राज्य के विकास कार्यों को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने झारखंड के भविष्य, जनता की जरूरतें और सरकार की प्राथमिकताओं पर आपसी विचार साझा किए। बातचीत के दौरान राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, शैक्षणिक संस्थानों की मजबूती, सड़क और यातायात सुधार, तथा युवाओं को रोजगार से जोड़ने जैसे विषयों पर विशेष रूप से चर्चा हुई। सौरभ नारायण सिंह ने कहा कि झारखंड एक संभावनाओं से भरा राज्य है। सीएम हेमंत सोरेन ने इस अवसर पर राज्य में उनके द्वारा शुरू की गई योजनाओं और उनकी प्राथमिकताओं को साझा करते हुए कहा कि झारखंड की जनता का भरोसा हमारे लिए सबसे बड़ी ताकत है, और हम हर वर्ग के लिए काम कर रहे हैं। इस मुलाकात को झारखंड की राजनीति में एक सौहार्दपूर्ण संवाद और सहयोग की दिशा में सकारात्मक पहल माना जा रहा है। सौरभ नारायण सिंह ने यह भी कहा कि यदि सभी दल राज्य हित में साथ आएं तो झारखंड देश के अग्रणी राज्यों में गिना जा सकता है। उन्होंने बाबा शिबू सोरेन के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना के साथ झारखंड के सुनहरे भविष्य की उम्मीद भी जताई।

## बड़कागांव प्रखंड में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मनाया मोहर्रम का त्योहार, हैरत अंग्रेज करतब दिखलाएं

बादम में आपस में ही लोग भिड़े, कई लोग घायल हजारीबाग रेफर




**बड़कागांव संवाददाता**
**बड़कागांव।** रविवार को मुहर्रम की दसवीं तारीख पर मुस्लिम समुदाय की ओर से बड़की चौकी व अखाड़ा के साथ प्रखंड के बड़कागांव, बादम बलिया, डाड़ी कलां, चेपा खुर्द, सिंदवारी, महगांई, चंदौल, छवनियां, सिरमा, चट्टी मुस्लिम मोहल्ला सहित कई गाँव से जुलूस निकाला। इस दौरान लोगों ने परंपरागत हथियारों का प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों को मन मुग्ध कर दिया। जुलूस में शामिल लोग हजरत ईमाम हसन-हुसैन की याद में या हसन, या हुसैन, या अली, कर्बला दूर है, जाना जरूर है.. आदि नारे लगा रहे थे। मुहर्रम के दसवीं तारीख के मौके पर कई अकीदत मंदों ने रोजा भी रखा। डाड़ी कलां, चेपा खुर्द, कनकी डाड़ी एवं सिंदवारी के जुलूस का मिलान डाड़ी कालं के मेला टांड पर किया गया। जबकि बलिया, महगांई, चंदौल सहित अन्य गांव का मिलान अलग अलग जगह किया गया इस दौरान एक से बढ़कर एक ताजिया निकाला गया। इस दौरान लोगों ने हैरतअंगेज करतब दिखाया इसके बाद सभी ताजियादार व अखाड़ेदार अपने-अपने ताजिया व अखाड़ा को लेकर कर्बला पहुंचे। इसके बाद लोगों ने कर्बला पर सिरनी फातिहा करने के मिट्टी ठंडा किया के साथ ही मुहर्रम समाप्ति हो गई। बादम में मोहर्रम मनाते जुलूस में दो गुट आपस में भिड़ गए जिसमें कई लोग घायल हुए हैं । प्राथमिक उपचार के बाद नासिर हसन और जीशान को इलाज के लिए हजारीबाग रेफर किया गया। जुलूस के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर विभिन्न जगहों पर पुलिस के जवान तैनात किए गए थे। जबकि अप्रिय घटना से बचने के लिए विद्युत विभाग द्वारा जुलूस के समय प्रखंड में बिजली आपूर्ति बंद की गई थी। पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साहू ने कई क्षेत्रों में जाकर मुस्लिम धर्म लंबियों से मिले एवं मोहर्रम की कार्यक्रम में शामिल हुए। वही प्रखंड में मुहर्रम त्यौहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने में प्रशासन का सहारणीय योगदान रहा। जिसमें में एसडीपीओ पवन कुमार, बीडीयो जितेंद्र कुमार मंडल, सीओ मनोज कुमार इंस्पेक्टर अनिल कुमार, बड़कागांव थाना प्रभारी नेमधारी रजक, 20 सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, डाड़ी कलां थाना प्रभारी पिंटू कुमार सीकरी थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह , जिप सदस्य यासमीन निशा, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, पंसस रितेश ठाकुर, मुखिया तकरीमुला खान, मनोज गुप्ता ,झमन महतो, सोनू इराकी, मोहम्मद इब्राहिम , आफताबआलम ,मोहम्मद आसिम जानेसार अंसारी ,सदर शोएब अंसारी, शहजाद आलम, मोहम्मद साबिर ,मोकितूल्ला खान, शमशेर आलम, मोहम्मद फारूक, मोहम्मद आजाद के अलावा कई लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### वित्तीय अनियमित है हम विभाग से जांच की मांग करते हैं- सदानंद महतो



**तोपचांची।** तोपचांची प्रखंड अंतर्गत नवनिर्मित 50 बेड का क्षेत्रीय अस्पताल बनकर तैयार हो चुका है। यह अस्पताल निर्माण के लिए लगभग 3.47 करोड़ लागत लगा है. इस क्षेत्रीय अस्पताल का शिलान्यास टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो के द्वारा किया था. इस क्षेत्रीय अस्पताल का निर्माण करने वाला एजेंसी व नविदा कार्य में घोर भ्रष्टाचार देखने को मिल रहा है.निविदा ने 50 बेड का क्षेत्रीय अस्पताल निर्माण के दौरान पेयजल व्यवस्था अब तक नहीं किया है. उन्होंने पूर्व विधायक स्वर्गीय राजकिशोर महतो के अनुशंसा से निर्मित भवन प्रमंडल विभाग के द्वारा बनाई गई,दो इकाई की शौचालय की बोरिंग समरसेबल पंप पूर्व की दी गई योजना से जोड़ दी गई है. पूर्व की योजना को वर्तमान योजना में मर्ज कर दिया गया है.इस अवसर पर आजसू पार्टी के जिला संगठन सचिव व सामाजिक कार्यकर्ता सदानंद महतो ने कहा कि निविदा व एजेंसी ने पूर्व योजना में अस्पताल के योजना को मर्ज किया है. वित्तीय अनियमिता है,हम विभाग से जांच की मांग करते हैं. वहीं सामाजिक कार्यकर्ता शंकर रवानी ने कहा कि यह घोटाला है, इसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

### भारतीय वुडबॉल टीम में चयन होने पर देव पूजन ठाकुर को निपु सिंह ने किया सम्मानित



राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड अगेंस्ट करप्शन के केंद्रीय संगठन मंत्री निपु सिंह ने भारतीय वुडबॉल टीम में चयन होने पर रांची के देव पूजन ठाकुर को मोराबादी स्थित ऑक्सीजन पार्क में फूलों का माला पहनाकर और विवेकानंद का पुस्तक देकर सम्मानित किया। इस मौके पर श्री सिंह ने कहा कि झारखंड के लिए गौरव की बात है की रांची के सुकुरहुटू गांव से एक गरीब लड़का भारतीय वुडबॉल टीम में पूरे देश में 12 सदस्य टीम में अपना जगह बनाई और उन्होंने कहा कि थाईलैंड में 8 से 12 सितंबर के बीच टूर्नामेंट होगा उसमें रांची के देव पूजन ठाकुर भाग लेंगे यह हमारे राज्य के लिए गौरव की बात है और सिंह ने और कहा कि झारखंड के खिलाड़ी आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण आगे नहीं बढ़ पाते हैं सरकार इस पर ध्यान दें इस मौके पर राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोनिका गौतम पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामानुज सिंह और समाजसेवी सह लेखक मिथिलेश पांडे ने बधाई दी और देव पूजन ठाकुर के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### गोमो तथा आसपास के इलाकों में मोहर्रम पर्व धूमधाम से हुआ संपन्न



**गोमो।** गोमो तथा आसपास के इलाकों में मोहर्रम पर्व काफी धूमधाम से मनाया गया। मोहर्रम पर्व 10वीं का अखाड़ा लोको बाजार, पुरानी बाजार, लालूडीह, मंसूरी मोहल्ला, तेहरा टांड़, हरिहरपुर, तोपचांची आदि इलाकों में ताजिया जुलूस काफी धूमधाम से निकाला गया। इस दौरान खिलाड़ियों द्वारा एक से बढ़कर एक लाठी खेल का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान सभी अखाड़ों में पहुंचे टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, सीओ संजय कुमार सिंह, तोपचांची सर्किल इंस्पेटर का ग्रामीणों द्वार पगड़ी बांध कर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर हरिहरपुर थाना प्रभारी राहुल कुमार झा अपने दल बल के साथ काफी चुस्त दुरुस्त दिखे। मौके पर सैकड़ों पुरुष एवं महिलाएं मौजूद थे।



**रांची।** आज दिनांक 06.07.20225 दिन रविवार को कोकर दुर्गा पूजा एचबी रोड चंचल कांपेलकस की बैठक हुई। यह बैठक चंचल चटर्जी की अध्यक्षता में हुई सर्व समिति से पुरानी कमेटी भंग करके नयी कमेटी का गठन किया गया, जिसमें चंचल चटर्जी को पुन॰ अध्यक्ष बनाया गया। कोकर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष चंचल चटर्जी ने कहा हर वर्ष की भांति इस बार भी हम दुर्गा पुजा का आयोजन बडे भव्य तरीके से करेंगे।

इस बैठक में मुख्य संरक्षक राजेश जायसवाल, कार्यकारणीय अध्यक्ष नीरज शर्मा, कोषाध्यक्ष सानू सरकार और सभी पदाधिकारी हरि जयसवाल, धर्मेंद्र चौधरी, विक्की सिंह, सम्राट चटर्जी, गुड्डू सोनी ,उत्तम दुबे, कुमार कौशल, संतोष शर्मा, अजय जायसवाल और शुभम सिंह एवं रोहित सिंह इत्यादि उपस्थित थे। इसकी जानकारी मीडिया प्रभारी रोहित सिंह ने दी।

# केंद्रीय मंत्री अनपूर्णा देवी पहुंची माता भद्रकाली अपने समर्थकों के साथ की पूजा अर्चना

## झारखंड में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है: केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी

**आदिवासी एक्सप्रेस / संतोष कुमार दास**



**इटखोरी (चतरा)।** रविवार को केंद्रीय मंत्री अनपूर्णा देवी पहुंच कर माता भद्रकाली की पूजा अर्चना। चतरा विधायक जनार्दन पासवान एवं सिमरिया विधानसभा के विधायक कुमार उज्जवल दास अपने दर्जनों समर्थकों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। माता भद्रकाली में असीम निष्ठा रखने वाली केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी पूजा के बाद अन्नपूर्णा देवी ने पत्रकार वार्ता में कही झारखंड की मौजूदा हेमंत सरकार पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने झारखंड की सरकार को झूठी सरकार का संज्ञा दिया। केंद्रीय मंत्री आगे कहा हेमंत सोरेन की सरकार झारखंड के आदिवासी समाज के साथ अन्याय कर रही है। जिसका जीता जागता उदाहरण भोगनादिह घटना कांड है। जिसका जवाब झारखंड की सरकार को देना होगा , अगर झारखंड की सरकार इस पर चुप्पी साधे रही तो तो यहां की आदिवासी जनता वोट के माध्यम से इन्हें जवाब देगी। झारखंड में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है। जिससे से झारखंड की आम आवाम काफी परेशान है, जबकि वोट के समय लोक लुभावना वादे कर सरकार सत्ता में काबिज हुई है। पर सरकार बनने के बाद सभी वायदे हेमन्त शोरेन भूल गए। वे अपने समर्थकों के साथ प्रसिद्ध तीर्थस्थली भद्रकाली मंदिर पहुंची थी।

# वन है तो जीवन और अमन है: अविनाश देव



**मेदिनीनगर।** तीन जुलाई से एक सप्ताह के लिए पर्यावरण दिवस मनाया जाता है।इसकी शुरुआत तो पचास के दशक में ही हो गया था किंतु वैश्विक ताप के मद्देनजर विभाग का नाम भी बदला गया और वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग रखा गया। वन के बेतहाशा कटाई से पर्यावरण असंतुलित हुआ और विकास के नाम पर आधारभूत संरचना के निर्माण से जलवायु भी परिवर्तन किया। इन्हीं सब बातों को लेकर हर साल वन महोत्सव मनाया जाता है। इस साल पलामू वन प्रमंडल के द्वारा 76 वाँ वन महोत्सव का आयोजन स्थानीय कचरवा डैम क्षेत्र में वृक्षारोपण किया गया जहां विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। स्वच्छता के ब्रांड एंबेसडर होने के नाते नगरनिगम के लोग विशेष तौर पर आमंत्रित किये। मुख्य अतिथि पलामू सांसद बी. डी. राम, उप विकास आयुक्त पलामू, अनुमंडल अधिकारी सदर व छतरपुर वन प्रमंडल पदाधिकारी पलामू के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर वन महोत्सव को उद्घाटन किए। आज मेरे संत मरियम विद्यालय के बेटियों ने वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन पर धारदार बात रखी। साथ में पौधारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए। अल्प संबोधन में हमने कहा वन है तब ही जीवन है, वन है तो अमन है। विकास और अत्याधुनिक जीवनशैली के नाम पर आज मानव जीवन नरकीय बनता जा रहा है। धरती पर युद्ध की स्थिति है हम सबको आने वाली नस्लों और पृथ्वी के अस्तित्व के लिए हर आदमी को एक एक पेड़ लगाना चाहिए। तभी अमन के साथ जीवन बचेगा।

## जंगली हाथियों का आतंक जारी, कई घरों को किया नष्ट



**संवाददाता राम कुमार**

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड के शेरेगड़ा, चेटर और मननडीह गांवों में जंगली हाथियों के झुंड ने भारी तबाही मचाई है। शुक्रवार देर रात करीब 16 जंगली हाथियों का झुंड अचानक गांव में घुस आया और देखते ही देखते कई घरों, अनाज और फसलों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। इस घटना में सेरेगड़ा गांव के मनोज यादव (जाला) के मक्का का फसल और बाउंड्री दीवार को हाथियों ने पूरी तरह रौंद डाला। चेटर गांव में राजेंद्र गंझू के घर में घुसकर हाथियों ने अनाज,केला और धान की बीड़ा को तहस-नहस कर दिया। वहीं मननडीह गांव में दामोदर गंझू का घर हाथियों ने पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। जंगली हाथियों के गांव में घुसने की सूचना मिलते ही पूर्व मुखिया सुरेंद्र उरांव ने तत्काल वन विभाग को जानकारी दी। सूचना पाते ही वन विभाग के अधिकारी अमित कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर नुकसान का जायजा लिया। पीड़ितों का नुकसान लगभग लाखों रुपया का हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल मुआवजा और सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है। लोगों का कहना है कि जंगली हाथियों का झुंड लगातार क्षेत्र में आतंक मचा रहा है, जिससे लोग दहशत में हैं और रात होते ही लोगों को अपने घर छोड़कर सुरक्षित जगहों पर जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ने और स्थायी समाधान निकालने की मांग की है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

# फुलबसिया कोयला साइडिंग पर राहुल दुबे गैंग का तांडव, हाइवा में लगाई आग



**बारियातू।** बारयातू थाना क्षेत्र के फुलबसिया रेलवे कोयला साइडिंग के पास शनिवार रात अपराधियों ने दहशत फैलाने की नीयत से एक खाली हाइवा JH 02BR 9715 में आग लगा दी। बताया जा रहा है कि बाइक पर सवार होकर पहुंचे अपराधियों ने हाइवा में आग लगाने के साथ-साथ फायरिंग भी की और घटनास्थल पर एक पर्चा फेंक कर घटना की जिम्मेदारी ली। पर्चा में राहुल दुबे गैंग ने चेतावनी दी है कि बिना गैंग से संपर्क और सौदा किए कोयला कारोबार नहीं चलेगा। इस वारदात के पीछे रंगदारी वसूली की मंशा बताई जा रही है। गनीमत रही कि हाइवा रेलवे साइडिंग से अलग खड़ी थी और उसमें कोयला लोड नहीं था, वरना बड़ी घटना घट सकती थी। घटना की सूचना मिलते ही बारियातू थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। डीएसपी विनोद रवानी ने बताया कि यह गैंग इस इलाके में सक्रिय नहीं था,लेकिन अब पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कोयला कारोबारियों से रंगदारी वसूलने के लिए इस तरह की घटना को अंजाम दिया गया है। सोशल मीडिया के माध्यम से भी गैंग ने कुछ व्यवसायियों को धमकी दी है। इस घटना के बाद क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है।

## युवा वीर अहीर सेना ने सदस्यता अभियान किया शुरू

- अनुमंडल अध्यक्ष मनोहर यादव के नेतृत्व में युवाओं को दिलाया गया सदस्यता का शपथ ग्रहण
- युवा वीर अहीर सेना को संगठित करने को लेकर चलाया जा रहा है अभियान, करेंगे जागरूक-मनोहर यादव
- संगठन के सभी पदाधिकारियों को अपने क्षेत्र से युवाओं को सदस्यता अभियान चलाकर जोड़ने का किया आग्रह- मनोहर यादव
- सदस्यता अभियान का मूल उद्देश्य समाज को विकास की शिखर पर पहुंचाना सचिव-अमित यादव



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**

**छतरपुर, पलामू।** युवा वीर अहीर सेना ने रविवार को छतरपुर नगर पंचायत स्थित ग्राम लोहराही से युवा वीर अहीर सेना की सदस्यता अभियान शुरू कर दिया गया है. मौके पर अनुमंडल अध्यक्ष मनोहर यादव ने बताया की सामाजिक व अन्य क्षेत्रों में यादव समुदाय की अगर भागीदारी बढ़ानी है, तो समाज को संगठित करने के लिए अभियान चलाना होगा. वहीं संगठन के सचिव अमित यादव ने बताया कि सदस्यता अभियान का मूल उद्देश्य समाज को विकास की शिखर पर पहुंचाना। इसी कड़ी में लोहराही गाँव से शुरू कर दिया गया है जब तक समाज एकजुट होकर आगे नहीं बढ़ेगा, तब तक यादव समाज का विकास संभव नहीं है। सभी युवाओं ने कहा कि जब तक हम सभी एकजुट नहीं होते है तबतक किसी भी चीज को हासिल करना संभव नहीं है इसी के साथ सभी कोई ने सदस्यता का शपथ ग्रहण लिया .सदस्यता ग्रहण लेने वाले शिवनाथ यादव, सुनील यादव,रघु रंजन यादव,गुड्डू यादव, दिनेश यादव, नवीन यादव, बसंत यादव, कमलेश यादव, विमलेश यादव, अर्जुन यादव, संजय यादव, सुरेंद्र यादव, बालदेव यादव, शिवटूल यादव, ददन यादव, चंदन यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

# हंटरगंज में लापता मासूम का शव बरामद

- शव मिलने से आस-पड़ोस में फैला सनसनी, जांच में जुटी पुलिस
- ग्रामीणों ने शराबियों पर लगाया हत्या का आरोप

**आदिवासी एक्सप्रेस / ब्यूरो संतोष कुमार दास**



**हंटरगंज(चतरा)।** रोंगटे खड़े करने वाली बड़ी खबर चतरा जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के सोहाद गांव से है जहां विगत शनिवार शाम से लापता 10 वर्षीय मासूम (बच्चे) का शव संदिग्ध अवस्था में एक छोटे गड्ढे (लगभग 2 फीट) में मिला है।शव मिलने से इलाके में सनसनी फ़ैल गया है। सूचना मिलते ही हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार,पुलिस इंस्पेक्टर पप्पू कुमार शर्मा, बीडीओ निखिल गौरव कमान कच्छप, सीओ अरुण कुमार मुंडा, दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया कि थाना क्षेत्र के पत्सुगिया डेम के समीप से कुछ शराबियों के द्वारा ब्लैक स्कॉर्पियो से शनिवार शाम बच्चे को अपहरण कर लिया गया था। इसके बाद लापता हुए बच्चे की तलाश में परिजन लगातार जुटे हुए थे। लेकिन नागर गांव के पास सोहाद पत्सुगिया चैकडेम के समीप रविवार को उसका शव बरामद किया गया है। शव मिलने से सभी स्तब्ध हैं। मृतक बच्चे की पहचान थाना क्षेत्र के नागर गांव का निवासी सनूप भारती का 10 वर्षीय पुत्र अजय कुमार है। ग्रामीणों के अनुसार शराबियों के द्वारा अचानक गायब कर दिया गया था, जिसके बाद से परिजन लगातार उसकी तलाश कर रहे थे। लेकिन कोई सुराग नहीं मिल पा रहा था । रविवार सुबह, सोहाद गांव के समीप कुछ लोगों ने बच्चे का शव देखा और तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। इसके बाद हंटरगंज पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव की स्थिति को देखते हुए आशंका जताई जा रही है कि मासूम की हत्या की गई है।

मासूम का शव मिलने से नागर गांव में मातम का माहौल है. परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।वहीं स्थानीय लोगों में घटना को लेकर भारी आक्रोश है और वे पुलिस से जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने और उन्हें कड़ी सजा देने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सैकड़ों शराबी प्रतिदिन सीमावर्ती राज्य बिहार से यहां शराब पीने के लिए पहुंचते है। बगल में सरकारी शराब खरीदकर उसी मैदान में बैठकर और शराब पीकर हुडदंग मचाते हैं हम सभी ग्रामीण महिलाएं डरे सहमे रहते है। हमलोगों को शौच के लिए भी काफी परेशानी होती है। परिजनों का आरोप है कि बिहार से आए काला स्कॉर्पियो से शराबियों घटना को अंजाम दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि शराबियों के द्वारा ऐसा घटना का अंजाम दिया जाता है लेकिन पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। यह खुला मैदान शराबियों का अड्डा बन चुका यदि समय रहते इसपर अंकुश नहीं लगाया तो शराबियों द्वारा और भी बड़ी घटना का अंजाम दिया जा सकता है।इस घटना ने एक बार फिर बच्चों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है, लेकिन यह जरूरी है कि समाज भी बच्चों की सुरक्षा के प्रति जागरूक हो और उन्हें सुरक्षित माहौल प्रदान करने में अपना योगदान दे। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, जिससे मौत के कारणों का पता चल सके। पुलिस आसपास के लोगों से भी जानकारी जुटा रही है।

# कोडरमा स्कूल सहोदया कॉम्प्लेक्स के तत्वावधान में बी आर इंटरनेशनल स्कूल, चाराडीह में आर्ट एंड पेंटिंग एक्जीविसन कॉम्पीटिशन का आयोजन किया गया



**कोडरमा।** इस प्रतियोगिता में कोडरमा जिले के 13 सीबीएसई से संबद्ध विद्यालयों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद और मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पर्चन और दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जे जे कॉलेज के बीएड विभागाध्यक्ष डॉ. शमशाद आलम उपस्थित रहे।वहीं विशिष्ट अतिथियों में सेवानिवृत्त शिक्षक नवल किशोर सिंह, विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संपर्क प्रमुख अरविंद सिंह, क्लोरोफिल स्कूल के निदेशक अजय अग्रवाल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संपर्क प्रमुख दिलीप सिंह, कोडरमा सहोदया स्कूल्स कॉम्प्लेक्स के अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह तथा सचिव प्रमोद कुमार शर्मा शामिल रहे। मौके पर बी आर इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक ओम प्रकाश राय एवं प्राचार्या डॉ. राखी कुमारी शर्मा एवं उपप्राचार्य नवल किशोर आनंद के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया।

बी आर इंटरनेशनल स्कूल की प्राचार्या डॉ. राखी कुमारी शर्मा ने अपने स्वागत भाषण में सभी प्रतिभागियों, विद्यालयों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में रचनात्मकता और आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि कला मनुष्य की भावनाओं को अभिव्यक्त करने का सशक्त माध्यम है और विद्यार्थियों को इस दिशा में निरंतर प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में सौंदर्यबोध और दृष्टिकोण विकसित करती हैं। उन्होंने प्रतिभागी विद्यालयों को उनकी सक्रियता और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने सभी निर्णायकों और शिक्षकों का भी विशेष आभार जताया जिनके सहयोग से यह आयोजन सफल हुआ।

कार्यक्रम में सहोदय कॉम्प्लेक्स के अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह ने प्रेरणादायक संबोधन में बच्चों की कलात्मकता की सराहना की और इस तरह के आयोजनों को नियमित रूप से करने पर बल दिया। सचिव प्रमोद कुमार शर्मा ने समापन पर धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों, शिक्षकों और छात्रों का आभार व्यक्त किया।

डॉ. नवल किशोर सिंह ने कला को विद्यार्थियों के मानसिक विकास से जोड़ा और इसके महत्व को विस्तारपूर्वक समझाया। अजय अग्रवाल ने अपने वक्तव्य में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आयोजकों की सराहना की। डॉ. शमशाद आलम ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ कला भी आवश्यक है और दोनों का संतुलन ही सम्पूर्ण व्यक्तित्व का निर्माण करता है। कार्यक्रम में शीतल ग्रुप द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत की वहीं शाहीन द्वारा मधुर गीत की प्रस्तुति ने सभी दर्शकों को भावविभोर कर दिया। अंत में अतिथियों द्वारा विजेता प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन जज सुदीप्तो विश्वाश, मुकुंद अग्रवाल एवं आशीष कुमार ठाकुर द्वारा किया गया। मौके पर तीनो जजों ने सभी प्रतिभागियों का काफ़ी सराहना की।प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जी एस पब्लिक स्कूल, डोमचांच के सौम्य राज एवं पवन कुमार ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान बी आर इंटरनेशनल स्कूल, चाराडीह की दिव्यांका कुमारी एवं स्वस्तिका पाण्डेय को मिला। वहीं तृतीय स्थान ग्रिज्जली विद्यालय, झुमरी तिलैया के आभाष कुमार एवं आयुष कुमार को मिला। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका प्रियंका सलूजा ने किया।वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में लक्ष्मी कुमारी इंद्रमणि कुमारी अजय राणा शिवम सिंह रौशन सिंह अंशु राज सहिस्ता परवीन राजेंद्र कुमार यादव फूल कुमारी कामना सिंह रूप गुप्ता आरती कुमारी समेत सभी शिक्षकों का सहयोग रहा ।प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अन्य विद्यालयों में कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर, मंजुला शर्मा मेमोरियल अकादमी, संस्कार इंटरनेशनल स्कूल, आदर्श +2 उच्च विद्यालय, कोनदिन्य पब्लिक स्कूल, मेरिडियन अकादमी, नेशनल पब्लिक स्कूल, सेक्रेड हार्ट स्कूल, विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल एवं पीवीएसएस डीएवी पब्लिक स्कूल शामिल थे। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

संक्षिप्त समाचार

## अभाविप दुमका नगर इकाई 9 जुलाई को मनाएगी राष्ट्रीय छात्र दिवस, प्रतिभाओं का होगा सम्मान




**ललित कुमार पाल की रिपोर्ट।**
**दुमका।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) दुमका नगर इकाई इस वर्ष अपने स्थापना दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय छात्र दिवस सह प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन करने जा रही है। यह कार्यक्रम 09 जुलाई 2025, बुधवार को श्री अग्रसेन भवन, दुमका (झारखंड) में सुबह 11:00 बजे से शुरू होगा।

कार्यक्रम के आयोजन की जानकारी नगर अध्यक्ष विरेन गोराई और नगर मंत्री गणेश मुर्मू ने दी। उन्होंने बताया कि इस समारोह में प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित किया जाएगा और विद्यार्थियों में ज्ञान, शील और एकता का संदेश प्रसारित किया जाएगा। अभाविप ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और समाज के प्रबुद्ध वर्ग से कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य लोगों के साथ-साथ कई छात्र-छात्राओं के भाग लेने की संभावना है। परिषद ने उम्मीद जताई है कि इस समारोह से युवाओं में नई ऊर्जा और राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूकता उत्पन्न होगी।

## बगबिंधा में धुमधाम से मनाया गया नागदेवता की पुजा अर्चना दी गई बकरे की बलि



**रामगढ़/रामजी साह।**
हर बर्ष की भांति से बर्ष भी रामगढ़ हंसडीहा सड़क मार्ग के बगविंधा में रविवार को धुमधाम से नागदेवता की पुजा अर्चना पुरे भक्ती भाव श्रद्धा के साथ किया गया। रविवार अहले सुबह से ही भक्तों ने बगविंधा नाग देवता मंदिर में पहुंचे तथा नागदेवता की बांस की डलिया में नाग देवता को चढ़ने वाला प्रसाद फुल फल सका चढ़ावा अर्पित कर पूजा अर्चना कर अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना किया। मान्यता है की क्षेत्र में किसी व्यक्ति को अगर कोई बिषेला सर्प दंश कर लेता है तो उक्त पिडीत व्यक्ति को नागदेवता मंदिर में नागदेवता की चढ़ावा नीर को पीने मात्र से व्यक्ति ठीक-ठाक है जाता है।वहीं दर्जनों बकरेकी भी बलि दी गई।वहीं आज नागदेवता पुजा अर्चना के के साथ मेला का भी लोगों ने लुफ्त उठाया।

## इंसानियत फाउंडेशन के महताब आलम ने किया रक्तदान तो दूसरा मो आलम किया स्टॉक




**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो**
**पाकुड़-** इंसानियत फाउंडेशन के सदस्यों ने मानवता का परिचय देते हुए एक 6 वर्षीय थैलेसीमिया पीड़ित तमन्ना यास्मीन क़ो ए पॉजिटिव रक्तदान किया. पिछ्ले कई वर्षो से मरीज यास्मीन क़ो ए पॉजिटिव रक्त मुहैया करा रहे है इसका पूरा श्रेय संस्था के सदस्यों एवं सचिव बानिज शेख एवं अध्यक्ष सद्दाम हुसैन क़ो जाता है, अभिभावक अलाउद्दीन ने कहा इंसानियत फाउंडेशन हमेशा मुझे स्पोर्ट किया है कही भी कभी भी एवं जिला पाकुड़ मे खासकर असहाय जरूरतमंदो क़ो रक्तदान, वस्त्रदान, राशन वितरण आदि किया करते है. आज मेरी बेटी तमन्ना यास्मीन क़ो ए पॉजिटिव संस्था के सदस्य महताब आलम ने किया एवं मो आलम ने ए पॉजिटिव स्टॉक किया. मौक़े पर अलाउद्दीन, पियूष और नवीन कुमार थे.

# जंनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपा ने संगोष्ठी आयोजित किया



**पाकुड़।** देश के प्रथम उद्योगमंत्री व भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर आज भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अमृत पाण्डेय की अध्यक्षता में अपर्णा मार्केट कॉम्प्लेक्स में संगोष्ठी आयोजित हुई। इस कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री सरोज सिंह जी एवं प्रदेश मंत्री श्री दुर्गा मरांडी जी मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। संगोष्ठी के शुभारंभ के पूर्व प्रदेश मंत्री सरोज सिंह एवं प्रदेश मंत्री दुर्गा मरांडी जी ने टीन बंगला मार्केट कॉम्प्लेक्स में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

संगोष्ठी में मुख्य वक्ता प्रदेश मंत्री सरोज सिंह जी ने राष्ट्र निर्माण में डॉ. मुखर्जी के अतुलनीय योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि प्रखर राष्ट्रवादी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक विचारक ही नहीं, बल्कि महान कर्मयोगी थे। उन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। डॉ. मुखर्जी का जीवन हमें राष्ट्र हित को सर्वोपरि मानने की प्रेरणा देता है। उनके आदर्श और सिद्धांतों को अपने जीवन में आत्मसात कर हम एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकते हैं।

प्रदेश मंत्री दुर्गा मरांडी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन एक ऐसी प्रेरणा है जो भारतीय राष्ट्रवाद और सांस्कृतिक एकता के सिद्धांतों पर आधारित है। उनके नेतृत्व में भारतीय जनसंघ ने अपने गठन से ही भारतीय राजनीति की दिशा को नया आयाम दिया। वे न केवल एक महान विचारक थे, बल्कि एक दृढ़ नायक भी थे, जिन्होंने कश्मीर के विशेष दर्जे के खिलाफ अविचल संघर्ष किया।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अमृत पाण्डेय ने कहा कि प्रखर राष्ट्रवादी, शिक्षाविद् और भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी देश में 'एक विधान, एक प्रधान और एक निशान' विचार के अग्रदूत हैं। आज के तमाम युवाओं को प्रेरणा देते हैं, भाव जगाते हैं और भावों को पल्लवित करते हैं कि देश सेवा में वे अपने आपको झौंक दें। समर्पित कर दें। जब 2019 में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाई गई तब मुखर्जी का वह सपना पूरा हुआ जो उन्होंने दशकों पहले हमारे देश की आंखों में दिया था।डॉ. मुखर्जी ने देश की सामाजिक और आर्थिक स्थितियों में सुधार लाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। वे शिक्षा, औद्योगिकीकरण और औद्योगिक नीति के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सुधारों के पक्षधर थे। उनका योगदान न केवल भारतीय राजनीति बल्कि भारतीय समाज के हर पहलू में अनमोल है, जो सर्वदा ही हम सभी का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

मंच संचालन जिला महामंत्री रूपेश भगत ने किया।

इस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनुग्राहित प्रसाद साह, पूर्व जिलाध्यक्ष विवेकानंद तिवारी, हिसाबी राय, मनीष पाण्डेय, अजजा मोर्चा प्रदेश मंत्री श्रीमती अनिता मुर्मू, मंडल अध्यक्ष सुशांत घोष, मनोरंजन सरकार, सोहन मंडल, जिला उपाध्यक्ष विजय भगत, धर्मेंद्र त्रिवेदी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शबरी पाल, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष मो राजा, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष रतन भगत, अजीत रविदास, मोहन मंडल, सपन दुबे, दुलाल सिंह ,पवन भगत ,राणा शुक्ला ,पार्वती देवी, संजीव साह, प्राची चौधरी, निधि गुप्ता, नियति साहा, सादेकुल आलम, बासु मंडल, अनिकेत गोस्वामी, सुशील साह, त्रिलोचन दास, संजीत मुखर्जी, अश्वनी झा, टोनी मंडल सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# इटखोरी में अकीदत के साथ इस्लाम मातावलंबियों ने मनाया मोहर्रम का पर्व

- **इटखोरी प्रखंड में पहली बार मुस्लिम समाज की महिलाओं ने बुर्का पहन कर खेली लाठियां**



**आदिवासी एक्सप्रेस / ब्यूरो संतोष कुमार दास**
**इटखोरी (चतरा)।** इटखोरी प्रखंड में सौहार्दपुर्ण माहौल में रविवार को मोहर्रम त्यौहार मनाया गया। मोहर्रम के मौके पर इटखोरी, धनखेरी, चट्टी, कोनी सोनिया, सीलाड, परसौनी, टोनाटांड, गोलकाबर, तुंबी चौक, नवादा, करनी, कल्याणपुर इत्यादि स्थलों से ताजिया और जुलूस निकाली गई। स्थानो पर ताजिया का मिलान कर मेले का आयोजन किया गया। मेले में दोनों समुदाय के युवाओं ने लाठी और अस्त्र-शस्त्र का परिचालन कर उपस्थित लोगों का खूब मनोरंजन किया। पुलिस प्रशासन भी गस्ती करती रहे। जिससे शांति व्यवस्था बहाल हो। अंत में विभिन्न कर्बला में ताजिए का विसर्जन कर दिया गया। इधर सोनिया मैदान में पहली बार मुस्लिम समाज की महिलाओं ने बुर्का पहन कर लाठियां खेली। इटखोरी में ऐसा पहली बार देखा गया। मौके पर इटखोरी अंचल अधिकारी सविता सिंह, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह, एएसआई दिलबाग सिंह, एएसआई सुनील दुबे, एएसआई विजय सिंह, एसआई राजेश राम, एसआई पंकज कुमार, पुलिस दल बल की जवान मौजूद रहें।

# स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के तहत चल रहे ऑनलाइन सिटीजन फीडबैक देने में पाकुड़ राज्य में दूसरे नंबर पर

- **उपायुक्त ने कहा कि आपका हर एक फीडबैक पाकुड़ जिला को अव्वल बनाने के लिए महत्वपूर्ण**
- **सिटीजन फीडबैक अभियान 31 अगस्त तक चलेगा**



**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो**
**पाकुड़।** पाकुड़ उपयुक्त मनीष कुमार ने कहा सिटीजन फीडबैक के अंतर्गत जनता की भी जिम्मेदारी तय की गयी है और इसे निभाकर हम ना केवल पाकुड़ जिले की रैंकिंग में सुधार कर सकते हैं बल्कि पूरे राज्य एवं देशभर में बेहतर स्थान प्राप्त कर सकते है। स्वच्छता सर्वेक्षण में सिटीजन फीडबैक के अंक भी स्वच्छता रैंकिंग में अहम भूमिका निभाएंगे। स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के तहत नागरिक सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सिटीजन फीडबैक अभियान चलाया जा रहा है। जितने ज्यादा लोग इस फीडबैक में शामिल होंगे। पाकुड़ जिले की स्वच्छता रैंक उतनी ही ऊपर आयेगी?। फीडबैक में अलग -अलग 13 प्रश्न आपसे पूछे गये है। स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत सिटीजन फीडबैक गूगल प्ले स्टोर से https://play.google.com/store/apps/details?id=com.ssg.abc.ssg SBMSSG2025 एप्लीकेशन डाउनलोड कर अपना फीडबैक जरूर दें और हाँ सिर्फ पाकुड़ जिले के लिए ही फीडबैक डालें।

# ताजिया जुलूस के दौरान शहर की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह निर्बाध बनी रहेगी




**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**
**साहिबगंज।** मोहर्रम के अवसर पर आयोजित होने वाले ताजिया जुलूस के दौरान शहर की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह निर्बाध बनी रहेगी। यह जानकारी विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, साहिबगंज के कार्यपालक अभियंता शंभूनाथ चौधरी ने दी। उन्होंने बताया कि जुलूस मार्गों पर बिजली आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने हेतु विभाग ने पहले से विशेष तैयारियां शुरू कर दी हैं।जुलूस मार्गों पर हटाए जा रहे हैं लटकते तार को कार्यपालक अभियंता ने बताया कि ताजिया जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार की अवरोध उत्पन्न न हो, इसके लिए जुलूस मार्गों पर विद्युत पोल से लटकते तारों को ऊंचा किया जा रहा है। इससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि ताजिया या अन्य जुलूस सामग्री तारों के संपर्क में न आए।

**विभाग रहेगा पूरी तरह अलर्ट**

उन्होंने कहा कि जुलूस के समय विद्युत विभाग की टीम पूरी तरह अलर्ट मोड में रहेगी, ताकि किसी भी आकस्मिक समस्या का त्वरित समाधान किया जा सके। विशेष तौर पर विभागीय कर्मियों की ड्यूटी जुलूस मार्गों पर तैनात की जाएगी, जिससे किसी तकनीकी बाधा को समय रहते ठीक किया जा सके।

**ताजिया की ऊंचाई को लेकर सुझाव**

जुलूस आयोजकों को सलाह दी गई है कि ताजिया की ऊंचाई को संयमित रखा जाए ताकि लटकते तारों या अन्य बाधाओं से कोई समस्या उत्पन्न न हो। विभाग ने यह स्पष्ट किया है कि समन्वय और सावधानी के साथ जुलूस की सुरक्षा और बिजली आपूर्ति दोनों को सुनिश्चित किया जा सकता है।

**आपात स्थिति में करें संपर्क**

विभाग और जिला प्रशासन ने संयुक्त रूप से अपील की है कि जुलूस के दौरान यदि कहीं विद्युत से जुड़ी समस्या उत्पन्न होती है, तो तत्काल संबंधित विद्युत विभाग कार्यालय या थाना को सूचित करें, ताकि आवश्यक कार्रवाई तत्काल की जा सके।

# बंद घर में दिनदहाड़े चोरी करने की घटना को 6 दिन के अंदर किया उद्भेदन

**मामले में दो व्यक्ति गिरफ्तार मोटरसाइकिल सहित जेवरात बरामद**




**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो**
**हिरणपुर (पाकुड़)।** बीते एक जुलाई को हिरणपुर थाना क्षेत्र के तोड़ाई निवासी देवदास की घर में अज्ञात चोरों के द्वारा दिनदहाड़े ताला तोड़ कर सोना चांदी के जेबरात एवं रुपया की चोरी हुआ था । जिसे हिरणपुर पुलिस ने 6 दिनों के अंदर उद्भेदन करने में सफल हुई है। चोड़ी के घटना को अंजाम देने वाले में किरणपुर थाना क्षेत्र के तोरई निवासी नयन मंडल और देवपुर निवासी सोहन साहा को बीते शनिवार रात को हिरणपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया। जिसके पास से चोरी की जेवरात सहित एक हीरो सीडी डीलक्स मोटरसाइकिल, मोबाइल भी बरामद हुआ है। मामले को लेकर हिरणपुर थाना में रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता करते हुए पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार गुप्ता ने जानकारी दिए।

इन्होंने बताया कि एक टीम गठित की गई थी जिसमें इंस्पेक्टर अनिल गुप्ता एवं थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह के नेतृत्व मे टीम के द्वारा छापामारी करके एक को तोड़ाई से दूसरे को नगर थाना क्षेत्र पाकुड़ के शहरकोल से गिरफ्तार किया गया है। एक तोड़ाई निवासी नयन मंडल उम्र 27 वर्ष, पिता , अमित मंडल, दूसरा अपराधी सोहन साहा उम्र 22 वर्ष , पिता लोगेन साहा , जो देवपुर के रहने वाला है । अगर अपराधिक मामला की बात की जाए तो नयन मंडल का आपराधिक मामला हिरणपुर थाना में पहले से जुड़ा हुआ है। जबकि सोहन साहा का हिरणपुर थाना में कोई भी मामला पहले से दर्ज नहीं था । गठित टीम में थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह, पु. अ. नि. गौरी शंकर प्रसाद, स. अ.नि. नयमुलअंसारी, स.आई. गोविंद कुमार साहा, स.आई. किशोर टुडू, राजेश कुमार साहू, रिजर्व गार्ड , एवं अमोद कुमार रंजन उपस्थित थे। गिरफ्तार दोनों आरोपी ने घटना की संलिप्तता स्वीकार किया है। दोनों आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस टीम ने शहरकोल स्थित एक घर से चोरी के जेवरात चांदी के पायल, कान का बाली, मंगलसूत्र आदि बरामद किया है। जबकि नजदीक के एक झाड़ी से मोटरसाइकिल को भी जप्त किया गया है। इसके अलावा एक रियलमी मोबाइल भी मिला है।

## हिरणपुर पुलिस ने जबरदाहा निवासी हुना अंसारी के घर इश्तेहार चिपकाया




**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता हिरणपुर (पाकुड़)**
**हिरणपुर (पाकुड़)** हिरणपुर पुलिस ने थाना कांड संख्या-02/23 के अभियुक्त शहनाज़ खातुन पति हुना अंसारी ग्राम जबरदहा थाना हिरणपुर के घर विधिवत इश्तेहार चिपकाया गया।

## छतरपुर नगर पंचायत अंतर्गत जितेंदर कुमार के पहल से गरीब असहाय लोगों को मिल रहा हमेशा मदद



**आदिवासी एक्सप्रेस/पप्पू यादव**
**नौडीहा बाजार, पलामू।** जिले के छतरपुर प्रखंड ग्राम मदनपुर निवासी जितेंदर कुमार ने अपनी सक्रियता दिखाते हुए सोशल मीडिया के जरिए सदैव गरीब शोषित वंचितों की मदद करते हैं। देश के किसी भी कोने का मामला हो वे विभाग से संपर्क स्थापित कर उसका कल्याण करवाते हैं। इनके द्वारा सोशल मीडिया पर उठाए गए मामले पर मुख्यमंत्री/विधायक तक संज्ञान ले चुके हैं। तत्काल हालिये मामले में इन्होंने छतरपुर नगर पंचायत क्षेत्र के,ग्राम-मदनपुर वार्ड नंबर 02 के निवासी कमला देवी ( उम्र 51 वर्षीय) जानकारी के अभाव में अभी तक वृद्धा पेंशन योजना से वंचित थी। जिसकी जानकारी जितेंदर को मिला और उन्होने इनका वृद्धा पेंशन चालू करवाने में निस्वार्थ भाव से मदद म किय सोसल मिडिया पर सक्रिय जितेंदर कुमार को दिया गया उन्होंने तत्काल इस मामले को सोशल मीडिया के (एक्स् ट्विटर)के जरिए झारखण्ड पलामू उपुक्त और विधायक जयराम कुमार महतो को दिए ज्ञात हो की जितेंदर कुमार हमेशा से जरूरतमंदों के लिए आवाज उठाते हैं और उनके मामलों को सुलझाने का प्रयास करते हैं। आज के युग में जितेंदर कुमार युवाओं के लिए प्रेणा सोत है।


## विनोबा भावे विश्वविद्यालय के शिक्षा शास्त्र विभाग (एम0 एड0) में नामांकन की प्रक्रिया शुरू



**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हज़ारीबाग़।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग कैंपस में संचालित शिक्षा शास्त्र विभाग के एम0 एड0 कोर्स में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। झारखंड सरकार ने संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद द्वारा बी0 एड0 की भाँति एम0 एड0 की प्रवेश परीक्षा भी आयोजित की थी। इसका परीक्षाफल 04 जुलाई 2025 को प्रकाशित किया गया है। इसमें 608 उम्मीदवारों ने क्वालिफ़ाई किया है। इन्ही अभ्यर्थियों से शिक्षा शास्त्र विभाग के निदेशक डॉ0 के. के. गुप्ता, विभागाध्यक्ष डॉ0 तनवीर युनूस एवं नोडल पदाधिकारी डॉ0 मृत्युंजय प्रसाद ने अपील की है कि, उक्त प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थी अपने नामांकन के लिए वरीयता क्रम में प्रथम स्थान वि0 भा0 वि0 शिक्षा शास्त्र विभाग को प्रदान करें। जिसकी तिथि पर्षद द्वारा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 07 जुलाई 2025 से 14 जुलाई 2025 तक निर्धारित की है।

इसी के आधार पर JCECEB राँची द्वारा 14 जुलाई से सीट एलॉट किया जायेगा। इसी के आधार पर शिक्षा शास्त्र विभाग में नामांकन ले सकते हैं। ज्ञात हो कि, विनोबा भावे विश्वविद्यालय के शिक्षा शास्त्र विभाग में 2009 से एम0 एड0 की पढ़ाई हो रही है। अब तक यहाँ से पास आउट विद्यार्थियों ने भारत वर्ष के कोने- कोने में अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में अपना परचम लहरा चुके हैं। इन सारे सूचनाओं की जानकारी विभागाध्यक्ष डॉ0 तनवीर युनूस द्वारा दी गई है।

## कांग्रेस नेता विनोद कुशवाहा ने निभाई सामाजिक जिम्मेदारी, भक्ति और भाईचारे का दिया संदेश, सैकड़ों लोगों ने चखा लंगर



**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** मोहर्रम के पावन अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव विनोद कुशवाहा ने क्षेत्र में सामाजिक समरसता और भाईचारे का परिचय देते हुए लंगर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने लंगर ग्रहण कर इस सेवा कार्य में भागीदारी की। लंगर वितरण कार्यक्रम खास तौर पर मुस्लिम समाज के प्रति सम्मान और एकता के संदेश को लेकर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय लोग, धर्मप्रेमी, युवा एवं कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। विनोद कुशवाहा ने इस अवसर पर कहा कि मोहर्रम त्याग, बलिदान और इंसानियत की शिक्षा देता है। यह केवल मुस्लिम समुदाय का पर्व नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने वाला अवसर है। उन्होंने कहा कि झारखंड कांग्रेस हमेशा सामाजिक सौहार्द, धर्मनिरपेक्षता, और सेवा भाव के सिद्धांतों पर काम करती रही है और आगे भी करती रहेगी। लंगर वितरण कार्यक्रम में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने हिस्सा लिया। सभी ने एकजुट होकर अल्पाहार ग्रहण किया और विनोद कुशवाहा के इस प्रयास की सराहना की। विनोद कुशवाहा ने सभी का आभार जताया और कहा कि भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से सभी धर्मों के लोगों को एक मंच पर लाने का प्रयास जारी रहेगा।

# संविधान की प्रस्तावना के साथ न हो खिलवाड़

>> विचार

"42वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा संविधान की प्रस्तावना में 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द जोड़े गए थे लेकिन यह सच नहीं है कि ये मूल्य संविधान की भावना या स्वभाव के खिलाफ जाते हैं। प्रभावी रूप से संशोधन के ये एकमात्र हिस्से हैं जो आज 50 साल बाद भी अधोरेखित हैं। संशोधन के अन्य हिस्सों को निरस्त कर दिया गया है या हटा दिया गया है लेकिन प्रस्तावना में जोड़े गए शब्द बने रहे क्योंकि वे भारत के संविधान के व्यापक रूप से स्वीकृत लोकाचार को सुदृढ़ और उजागर करने में मदद करते हैं। 7वीं, 8वीं और 9वीं लोकसभा के पूर्व महासचिव और संविधान पर अपनी लोकप्रिय पुस्तकों के लिए जाने जाने वाले संविधान विशेषज्ञ सुभाष सी. कश्यप ने लिखा है

**जगदीश रत्तनानी**

यह वह बहुमूल्य विरासत है जिसे अब नष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी तरह का एक प्रयास 2015 में देखा गया था जब केंद्र सरकार ने विज्ञापन जारी किया था जिसमें प्रस्तावना की एक छवि को चित्रित किया गया था लेकिन 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्दों के बिना। इसके तुरंत बाद भाजपा नेताओं अरुण जेटली, एम. वेंकैया नायडू और अमित शाह ने इस बात से इनकार किया कि प्रस्तावना में संशोधन करने का कोई कदम उठाया गया है। आज के भारत में भारतीय संविधान की प्रस्तावना में 'धर्मनिरपेक्ष' और 'समाजवादी' शब्दों पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ-भाजपा के समन्वित हमले को एक च्बहसज् के रूप में वर्गीकृत करना गलत होगा। यह एक सोचा-समझा एजेंडा है जो न तो राष्ट्र की भलाई करता है और न ही आरएसएस-भाजपा के हित में है। वास्तव में यह केवल उन व्यापक आशंकाओं की पुष्टि करता है कि आरएसएस-भाजपा संविधान की मूल संरचना के साथ खेलने के नए तरीकों की तलाश कर रहा है जो लंबे समय से प्रचारित इस दृष्टिकोण को और वजन देता है कि आरएसएस ने वास्तव में डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान को कभी स्वीकार नहीं किया। यह उस 'चार सौ पार' के असफल अभियान की भी याद दिलाता है जिसमें भाजपा ने 2024 के आम चुनावों में तीन-चौथाई बहुमत की मांग की थी। यह संविधान के साथ छेड़छाड़ करने और उसके चरित्र को बदलने वाली संख्या थी। इस अभियान की असफलता ने भाजपा के इरादों पर पानी फेर दिया था। अगर यह लक्ष्य आज भी जारी है तो यह केवल विभाजनकारी एजेंडे की बात करता है जिसे आपातकाल का हवाला देकर भारत के संविधान से 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' को हटाने या मिटाने की कोशिश से छिपाया नहीं जा सकता।

इस अभियान को चलाकर भाजपा बड़े व्यवसायों के शक्तिशाली हितों से जुड़ी पार्टी के रूप में अधिक देखे जाने का खतरा उठा रही है जो कल्याणवाद से दूर हो रही है और उन चुने हुए क्रोनी पूंजीपतियों की मजबूत पकड़ में है जो 2014 में पार्टी के केंद्रीय सत्ता में आने के बाद से मोटे हो गए हैं। नीतियों ने असमानता को बढ़ाया है, बेरोजगारी को बढ़ाया है और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) जैसे उपहारों को बढ़ावा दिया है जिसे सरकार द्वारा 'खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दुनिया की सबसे बड़ी सामाजिक कल्याण योजनाओं में से एक' के रूप में वर्णित किया गया है। पीएमजीकेएवाई 2024-2028 से पांच साल की अवधि में 11.80 लाख करोड़ रुपये की अनुमानित कुल लागत पर 80 करोड़ से अधिक भारतीयों को मुफ्त अनाज प्रदान करता है। यदि यह योजना (और कई अन्य) कल्याणकारी राज्य के आदर्शों में विश्वास नहीं दिलाती है तो इसका क्या अर्थ है? क्या ये खैरात जब अमीर समर्थक नीतियां जोर पकड़ती हैं तब गरीबों को चुप रखने के लिए है? क्या नीति निर्माण के केंद्र में बेईमानी है या वास्तव में भारत की स्थिति इतनी विकट है कि इस योजना से लाभान्वित होने वाला 70 प्रतिशत हिस्सा मुफ्त अनाज के बिना नहीं रह सकता है? प्रधानमंत्री के विचारों से तस्वीर और जटिल हो जाती है। उदाहरण के लिए कई राज्यों में महिलाओं के लिए गतिशीलता और आर्थिक सशक्तिकरण को सक्षम बनाने वाली मुफ्त सार्वजनिक बस सवारी के खिलाफत की नीति। तो आरएसएस-भाजपा समान न्याय और पुनर्वितरण की विचारधारा के पक्ष में हैं या उसके खिलाफ हैं?




दक्षिण में भारत की छवि चमकाने का अवसर हालांकि यह सच है कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में एक काला अध्याय बने आपातकाल के दौरान 42वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा संविधान की प्रस्तावना में 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द जोड़े गए थे लेकिन यह सच नहीं है कि ये मूल्य संविधान की भावना या स्वभाव के खिलाफ जाते हैं। प्रभावी रूप से संशोधन के ये एकमात्र हिस्से हैं जो आज 50 साल बाद भी अधोरेखित हैं। संशोधन के अन्य हिस्सों को निरस्त कर दिया गया है या हटा दिया गया है लेकिन प्रस्तावना में जोड़े गए शब्द बने रहे क्योंकि वे भारत के संविधान के व्यापक रूप से स्वीकृत लोकाचार को सुदृढ़ और उजागर करने में मदद करते हैं। 7वीं, 8वीं और 9वीं लोकसभा के पूर्व महासचिव और संविधान पर अपनी लोकप्रिय पुस्तकों के लिए जाने जाने वाले संविधान विशेषज्ञ सुभाष सी. कश्यप ने लिखा हैः '... (दो शब्दों के) जोड़ने का प्रभाव केवल उस बात की पुष्टि और स्पष्टीकरण देने का था जिसे संविधान की मूल विशेषता के रूप में पहले से मौजूद माना जाता था। कश्यप लिखते हैं कि 1974 में सेंट जेवियर कॉलेज सोसाइटी बनाम गुजरात राज्य मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि 'हालांकि संविधान धर्मनिरपेक्ष राज्य की बात नहीं करता है लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं हो सकता है कि संविधान निर्माता ऐसे राज्य की स्थापना करना चाहते थे'। इसके अलावा जैसा कि संविधान नोट करता है, विशेष रूप से धर्मनिरपेक्षता एक मौलिक अधिकार के रूप में धर्म की स्वतंत्रता की गारंटी में निहित है। समाजवाद शब्द के लिए भी यही बात है क्योंकि जब सभी नागरिकों को 'सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक' न्याय सुरक्षित करने का संकल्प लिया गया और 'स्थिति और अवसर की समानता' के विचार को स्वयं प्रस्तावना ने अपना उच्च आदर्श बताया था।

आपातकाल से काफी पहले 1973 के ऐतिहासिक 'केशवानंद भारती' मामले में 13 न्यायाधीशों की पीठ ने बहुमत से फैसला सुनाया था कि 'संविधान का धर्मनिरपेक्ष चरित्र' इसकी 'मूल संरचना' का हिस्सा है जो 'सर्वोच्च महत्व' का है और 'किसी भी संशोधन के द्वारा नष्ट नहीं किया जा सकता'। अदालत ने निम्नलिखित मुद्दों को 'मूल संरचना' की विशेषताओं के रूप में पहचाना जिन्हें छुआ नहीं जा सकता हैः (ए) संविधान की सर्वोच्चता (बी) सरकार का रिपब्लिकन और लोकतांत्रिक रूप (सी) संविधान का धर्मनिरपेक्ष चरित्र (डी) विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच शक्तियों का पृथक्करण (ई) संविधान का संघीय चरित्र। न्यायाधीशों ने कहा, 'उपरोक्त नींव और उपरोक्त बुनियादी विशेषताएं न केवल प्रस्तावना से बल्कि संविधान की पूरी योजना से आसानी से समझी जा सकती हैं। आपातकाल के बाद जुलाई 1980 के 'मिनर्वा मिल्स' मामले में न्यायालय ने फैसला सुनाया कि प्रस्तावना में बदलाव के लिए 'कोई अपवाद नहीं लिया जा सकता है' क्योंकि 'वे संशोधन न केवल संविधान के ढांचे के भीतर हैं बल्कि वे इसके दर्शन को जीवन शक्ति देते हैं; वे इसकी नींव को ताकत और सहायता प्रदान करते हैं'। अदालत ने कहाः 'वे और अधिक का वादा करते हैं; वे एक अनमोल विरासत को नष्ट नहीं करते हैं। यह वह बहुमूल्य विरासत है जिसे अब नष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी तरह का एक प्रयास 2015 में देखा गया था जब केंद्र सरकार ने विज्ञापन जारी किया था जिसमें प्रस्तावना की एक छवि को चित्रित किया गया था लेकिन 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्दों के बिना। इसके तुरंत बाद भाजपा नेताओं अरुण जेटली, एम. वेंकैया नायडू और अमित शाह ने इस बात से इनकार किया कि प्रस्तावना में संशोधन करने का कोई कदम उठाया गया है। अब इस मुद्दे को फिर से उठाया जाना इंगित करता है कि भाजपा के बारे में कुछ भी अनौपचारिक नहीं हो सकता है या वैचारिक मान्यताओं के भार एवं निश्चित फ्रेम के साथ सोचा नहीं जा सकता है जो तेजी से बदलती दुनिया में नीतियों में मददगार हो। अगर यह देश को एक नई दिशा में ले जाने के लिए एक अति-नियोजित, रणनीतिक रूप से डिज़ाइन किया गया सटीक हमला है तो यह सत्तारूढ़ गठबंधन की चिंताओं और प्राथमिकताओं के बारे में अच्छी तरह से नहीं बोलता है। यह एक ऐसा समय है जब भारत कई ज्वलंत मुद्दों का सामना कर रहा है, वैश्विक उथल-पुथल के कारण आंतरिक संकट बढ़ रहे हैं। अगर सत्तारूढ़ गठबंधन भविष्य के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय प्रस्तावना के अच्छी तरह से स्वीकृत और वास्तव में अत्यधिक सम्मानित भागों को संशोधित करने पर अपनी ऊर्जा खर्च करेगा तो यह बहुत अफसोस की बात होगी।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

## संपादकीय

# जनता सांस मांग रही वाहनों की उम्र नहीं

यह बेवजह नहीं है कि गुरुवार को दिल्ली सरकार ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को पत्र लिख कर कहा कि तकनीकी चुनौतियों और जटिल प्रणाली के कारण तय मियाद पूरी कर चुके वाहनों पर ईंधन प्रतिबंध लगाना व्यावहारिक नहीं है। यानी फिलहाल पुराने वाहनों को सड़कों से हटाने की कवायद थमती दिख रही है। हालांकि इसे लेकर आम लोगों के बीच जैसी प्रतिक्रिया सामने आई, उसके बाद यह देखने की बात होगी कि इस मसले पर सरकार क्या रुख अपनाती है। माना जाता है कि तकनीकी रूप से पुराने, अधिक ईंधन खपत करने और खराब रखरखाव वाले वाहनों से प्रदूषण ज्यादा फैलता है और ऐसी स्थिति में ऐसे वाहन पर्यावरण और लोगों की सेहत के लिए जोखिम भरे हो सकते हैं। मगर ऐसे सवाल भी उठते रहे हैं कि प्रदूषण फैलाने के लिए किसी वाहन की उम्र को पैमाना माना जाना चाहिए या फिर प्रदूषित पदार्थ उत्सर्जित करने की जांच के आधार पर वाहन के दुरुस्त होने के बारे में तय किया जाएगा। अगर कोई पुराना वाहन पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिहाज से पूरी तरह सुरक्षित है, तो उसकी उम्र को ही अकेला मानदंड क्यों बनाया जाना चाहिए? जहां तक दिल्ली का सवाल है, यह न केवल अन्य राज्यों के कुछ शहरों को मिला कर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के रूप में जाना जाता है, बल्कि दिल्ली के अलावा अन्य शहरों में पुराने वाहनों को लेकर अलग नियम हैं। साथ ही दिल्ली में आसपास के राज्यों से हर रोज ऐसे हजारों वाहन आते-जाते हैं, जो पुराने हो सकते हैं, हालांकि उन्हें दूसरे राज्यों में प्रदूषण जांच के पैमाने पर दुरुस्त माना जाता है। शायद इसीलिए ऐसे सवाल उठते रहे हैं कि जिन वाहनों को दूसरे राज्यों या इलाकों में प्रदूषण फैलाने की कसौटी पर सुरक्षित माना जाता है, उन्हें दिल्ली के लिए मुसीबत क्यों माना जाना चाहिए! या फिर अन्य राज्यों के वाहनों के लिए अलग नियम कैसे सही हैं! निश्चित रूप से प्रदूषण एक गंभीर समस्या है। मगर इससे निपटने के तौर-तरीकों में अगर विरोधाभास होगा तो उसकी व्यावहारिकता कसौटी पर रहेगी।

# कम में अधिक कहने की कला: चन्द्रधर शीर्मा गुलेरी की साहित्य-यात्रा

**प्रो. आरके जैन "अरिजीत"**

चन्द्रधर शर्मा गुलेरी का नाम हिंदी साहित्य के उस दीप्तिमान आकाश में एक तारे-सा जगमगाता है, जिसकी किरणें समय की सरहदों को पार कर आज भी पाठकों के हृदय को प्रज्वलित करती हैं। 7 जुलाई, उनकी जयंती, महज एक तारीख नहीं, बल्कि एक ऐसी साहित्यिक तीर्थयात्रा का प्रतीक है, जो संवेदना, विचार और शिल्प की त्रिवेणी से रची गई। गुलेरी जी ने भले ही चुनिंदा रचनाएँ दीं, किंतु प्रत्येक रचना एक रत्न-सी चमकती है, जिसने हिंदी साहित्य को अभूतपूर्व ऊँचाइयों तक पहुँचाया। उनकी अमर कृति 'उसने कहा था' न केवल हिंदी की पहली आधुनिक कहानी के रूप में एक युगांतकारी उपलब्धि है, बल्कि मानव मन की गहन संवेदनाओं और भावनाओं का ऐसा सजीव चित्र है, जो हर युग में जीवंत और प्रासंगिक रहेगा। उनकी जयंती पर उनके साहित्यिक अवदान को स्मरण करना प्रत्येक साहित्यप्रेमी के लिए एक गौरवमयी क्षण है, जो हमें साहित्य की अमर शक्ति और उसकी परिवर्तनकारी ताकत से जोड़ता है।

गुलेरी जी की लेखनी में एक ऐसी मंत्रमुग्ध कर देने वाली सादगी थी, जो पाठक के मन को सहज ही बाँध लेती थी। उनकी कहानियाँ महज शब्दों का संयोजन नहीं, बल्कि भावनाओं का एक अथाह सागर थीं, जिसमें गोता लगाकर पाठक आत्ममंथन की गहराइयों में खो जाता है। 'उसने कहा था' एक ऐसी कालजयी रचना है, जो प्रेम, कर्तव्य और बलिदान के त्रिकोण को इतने हृदयस्पर्शी अंदाज में पिरोती है कि वह पाठक के अंतर्मन को झकझोर देती है। लहना सिंह और सूबेदारनी की क्षणभंगुर मुलाकात, उनके बीच का अनकहा प्रेम और अंत में लहना सिंह का सर्वोच्च बलिदान झ यह कहानी केवल एक कथा नहीं, बल्कि मानव जीवन के उन शाश्वत सत्यों का साक्षात्कार है, जो समय की कसौटी पर और भी प्रखर हो उठते हैं। गुलेरी जी ने प्रेम को एक ऐसी अलौकिक शक्ति के रूप में उकेरा, जो स्वार्थ को तजकर कर्तव्य और निष्ठा के साथ एकरूप हो जाती है। इस कहानी का प्रत्येक संवाद, प्रत्येक दृश्य और प्रत्येक भाव इतना सजीव है कि वह पाठक को एक अविस्मरणीय भावनात्मक यात्रा पर ले जाता है, जहाँ हर शब्द हृदय की गहराइयों को स्पंदित करता है।



गुलेरी जी केवल एक कथाकार ही नहीं, बल्कि एक विद्वान, शिक्षक और विचारक भी थे। संस्कृत, पाली, प्राकृत, अंग्रेजी, फारसी और उर्दू जैसी भाषाओं में उनकी गहरी पकड़ थी। इतिहास, पुरातत्त्व और भारतीय संस्कृति पर उनके शोध ने उनकी रचनाओं को एक वैचारिक गहराई प्रदान की। जयपुर और बनारस के शिक्षण संस्थानों में अध्यापन के दौरान उन्होंने अपने विद्यार्थियों में न केवल ज्ञान का प्रकाश फैलाया, बल्कि उनमें स्वतंत्र चिंतन और सृजनात्मकता का बीज भी बोया। उनकी लेखनी में विद्वता और सहजता का अद्भुत समन्वय था। उनके निबंध, जैसे 'बुद्धि-विलास', उनकी बौद्धिक प्रखरता और व्यंग्यात्मक शैली के उत्कृष्ट उदाहरण हैं। वे मानते थे कि साहित्य का उद्देश्य केवल कहानी कहना नहीं, बल्कि पाठक के मन में गहरे विचारों और संवेदनाओं को जागृत करना है। उनकी भाषा में एक ऐसी स्वच्छंदता थी, जो विद्वानों को प्रेरित करती थी और सामान्य पाठकों के लिए भी सहज थी।

गुलेरी जी की रचनाएँ उनकी शब्दों पर अद्भुत पकड़ और विचारों की क्रिस्टल-स्पष्ट गहराई का जीवंत प्रमाण हैं। वे जटिलता के कट्टर विरोधी थे, और उनकी लेखनी में ऐसी मनोहारी सरलता थी, जो पाठक को सहज ही कथा के हृदय तक ले जाती थी, मानो कोई जादुई प्रवाह हो। उनकी कहानियाँ और निबंध केवल साहित्यिक कृतियाँ नहीं, बल्कि मानव जीवन की गहन जटिलताओं, संवेदनाओं और सत्य का दर्पण हैं, जो पाठक के मन को झकझोर देते हैं। 'उसने कहा था' में प्रेम और कर्तव्य के द्वंद्व को उन्होंने जिस संवेदनशीलता और गहराई से उकेरा, वह उस युग के साहित्यिक क्षितिज पर एक क्रांतिकारी मील का पत्थर साबित हुआ। यह कृति न केवल हिंदी साहित्य की पहली आधुनिक कहानी के रूप में अमर है, बल्कि एक ऐसी शक्तिशाली रचना है, जो पाठक को सच्चे प्रेम, बलिदान और मानवीय मूल्यों की गहन खोज में डुबो देती है, उन्हें आत्म-चिंतन के लिए विवश करते हुए।

गुलेरी जी का व्यक्तित्व उनकी रचनाओं की तरह ही गरिमामय और विनम्र था। उनकी विद्वता कभी आडंबर में नहीं बदली। वे ज्ञान को एक साधन मानते थे, जिसका उपयोग समाज को समृद्ध करने के लिए होना चाहिए। उनका जीवन और लेखन दोनों ही बौद्धिक ईमानदारी और संवेदनशीलता का प्रतीक था। आज के दौर में, जब साहित्य तेजी से उपभोक्तावादी संस्कृति का हिस्सा बन रहा है, गुलेरी जी का साहित्य हमें यह सिखाता है कि साहित्य का असली मूल्य उसकी गहराई और संवेदना में है, न कि उसकी मात्रा में। उनकी रचनाएँ हमें यह याद दिलाती हैं कि सच्चा साहित्य वही है, जो समय और स्थान की सीमाओं को पार कर पाठक के हृदय तक पहुँचे।

7 जुलाई को उनकी जयंती मनाना केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक ऐसी प्रेरणा को आत्मसात करने का अवसर है, जो हमें साहित्य की सच्ची शक्ति से जोड़ती है। उनकी रचनाएँ आज भी स्कूल-कॉलेजों के पाठ्यक्रमों में पढ़ाई जाती हैं, उन पर नाटक और फिल्में बनती हैं, लेकिन उनका सबसे बड़ा योगदान यह है कि वे पाठकों के मन में एक जीवंत भावना के रूप में बसती हैं। 'उसने कहा था' का हर पात्र, हर संवाद और हर दृश्य इतना प्रामाणिक है कि वह पाठक को अपने साथ एक भावनात्मक यात्रा पर ले जाता है। गुलेरी जी का साहित्य हमें यह सिखाता है कि कुछ शब्द, यदि दिल से निकलें, तो वे अनंत काल तक गूँज सकते हैं।

गुलेरी जी का साहित्य हिंदी साहित्य के उस स्वर्ण युग का हिस्सा है, जब लेखक केवल कहानीकार नहीं, बल्कि समाज के मार्गदर्शक भी थे। उनकी रचनाएँ हमें यह सिखाती हैं कि साहित्य का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि आत्मा को जागृत करना, सोच को विस्तार देना और जीवन को सार्थक बनाना है। उनकी जयंती पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम उनके साहित्य को न केवल पढ़ेंगे, बल्कि उसकी भावना को अपने जीवन में उतारेंगे। चन्द्रधर शर्मा गुलेरी का साहित्य एक ऐसी ज्योति है, जो कभी मंद नहीं पड़ती। उनकी लेखनी की गूँज आज भी हमारे बीच जीवित है और हमेशा रहेगी। उनकी जयंती पर उन्हें स्मरण करना एक साहित्यप्रेमी के लिए सबसे बड़ी श्रद्धांजलि है, क्योंकि उनका साहित्य न केवल एक रचना है, बल्कि एक ऐसी प्रेरणा है, जो हमें मानवता, संवेदना और सृजनात्मकता के पथ पर ले जाती है।

# भोजन के बाद, भारतीय शादियों पर सबसे ज्यादा खर्च करते हैं

विजय गर्ग

भारतीय विवाह उद्योग का मूल्य करीब 10 लाख करोड़ रुपए है, जो खाद्य और किराना के बाद दूसरे स्थान पर है। एक रिपोर्ट कहती है कि औसतन भारतीय शिक्षा पर जितना खर्च करते हैं, उसका दोगुना खर्च शादियों पर करते हैं। भारत में सालाना 400,000 से 100,000 शादियां होती हैं, जबकि चीन में 700,000 से 800,000 और अमेरिका में 250,000 से 250,000 शादियां होती हैं। ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने एक रिपोर्ट में कहा कि भारतीय विवाह उद्योग का आकार अमेरिका ($70 बिलियन) से लगभग दोगुना है। हालांकि, यह चीन ($170 बिलियन) से छोटा है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में शादियां दूसरी सबसे बड़ी उपभोक्ता श्रेणी है। अगर शादियां एक श्रेणी होतीं, तो वे खाद्य और किराना ($681 बिलियन) के बाद दूसरी सबसे बड़ी खुदरा श्रेणी होतीं अनावश्यक शादियों पर अंकुश लगाने के प्रयासों के बावजूद, विदेशों में भव्य शादियाँ भारतीय वैभव को प्रदर्शित करती हैं। हर साल 8 मिलियन से 10 मिलियन शादियाँ होने के साथ, भारत में



दुनिया में सबसे ज़्यादा शादियाँ होती हैं। सीएटी के अनुसार, इसका अनुमानित मूल्य 130 बिलियन अमेरिकी डॉलर है। भारत का विवाह उद्योग अमेरिका के लगभग दोगुना है और प्रमुख उपभोग श्रेणियों में महत्वपूर्ण योगदान देता है। भारतीय शादियाँ कई दिनों तक चलती हैं और साधारण से लेकर बहुत भव्य तक होती हैं। क्षेत्र, धर्म और आर्थिक पृष्ठभूमि इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**(विजय गर्ग सेवानिवृत्त प्रिंसिपल शैक्षिक स्तंभकार मलोट पंजाब)**

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक व संपादक **सरोज चौधरी** द्वारा ई-37, अशोक विहार रांची से प्रकाशित तथा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस लालगुटवा रांची से मुद्रित, **संस्थापक संपादक : स्व. राधाकृष्ण चौधरी, प्रबंध संपादक अरूण कुमार चौधरी * फोन :** 9471170557/08084674042, **ई-मेल :** aadivashiexpress@gmail.com

# बरहरवा सीएचसी में अत्याधुनिक जांच लैब का शुभारंभ, अब आयुष्मान कार्डधारकों को मिलेगी मुफ्त जांच सुविधा

**आदिवासी एक्सप्रेस**
**प्रिंस मिश्रा**
रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), बरहड़वा में एक बड़ी स्वास्थ्य सुविधा की शुरुआत हुई। सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया और प्रखंड विकास पदाधिकारी सन्नी कुमार दास ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर अत्याधुनिक जांच लैब का उद्घाटन किया।



इस अवसर पर सिविल सर्जन ने बताया कि अब सीएचसी में लीवर फंक्शन टेस्ट (LFT), किडनी फंक्शन टेस्ट (KFT), लिपिड प्रोफाइल, सीबीसी समेत कई अत्यावश्यक रक्त जांचें आसानी से की जा सकेंगी। यह सुविधा पहले स्थानीय स्तर पर उपलब्ध नहीं थी, जिससे मरीजों को निजी अस्पतालों के चक्कर में फरक्का, धुलियान, मालदा, बहरमपुर, रामपुरहाट, बर्दवान, भागलपुर या पटना तक का सफर करना पड़ता था।

**आयुष्मान कार्डधारकों को मुफ्त सुविधा**
सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत जिन लोगों के पास आयुष्मान कार्ड है, उन्हें ये सभी जांचें निशुल्क मुहैया कराई जाएंगी। वहीं अन्य मरीजों से अस्पताल प्रबंधन समिति द्वारा निर्धारित न्यूनतम शुल्क लिया जाएगा। बरहड़वा व आसपास के क्षेत्र के गरीब मरीजों को अब इन जांचों के लिए न तो दूर जाना होगा और न ही अधिक खर्च उठाना पड़ेगा। इससे समय की बचत तो होगी ही, साथ ही आर्थिक बोझ भी कम होगा। वहीं बीडीओ सन्नी कुमार दास ने भी लैब की शुरुआत को इलाके के लिए एक मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि इससे लोगों को समय पर सटीक जांच सुविधा मिल पाएगी और उन्हें इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

**अब तक की स्वास्थ्य सेवाओं पर उठ रहे हैं सवाल**
हालांकि, जहां एक ओर इस नई पहल की सराहना हो रही है, वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य केंद्र की पूर्ववर्ती सेवाओं की स्थिति पर सवाल भी खड़े हो रहे हैं। लंबे समय से बरहड़वा सीएचसी में न तो नियमित जांचें हो पा रही थीं और न ही दवाएं समय पर उपलब्ध थीं। कई बार डॉक्टरों की अनुपस्थिति, जांच उपकरणों की खराबी और स्टाफ की कमी को लेकर मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जो सुविधाएं पहले से मौजूद थीं, उनका संचालन ही प्रभावी ढंग से नहीं हो रहा था, ऐसे में नई सुविधाओं का क्रियान्वयन कितना प्रभावी होगा, यह देखने वाली बात होगी।
मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. पंकज कर्मकार, बीपीएम दिनेश कुमार, बीडीएम प्रताप कुमार, मुकेश कुमार, राजीव रंजन समेत कई अधिकारी और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# मुहर्रम के दिन ग्रामीणों व थाना प्रभारी नीतेश कुमार पांडे के बीच बवाल हो गया

**आदिवासी एक्सप्रेस** W . Alam
**साहिबगंज।** तालझारी थाना क्षेत्र के मोती झरना गांव में मुहर्रम के दिन ग्रामीणों व थाना प्रभारी नीतेश कुमार पांडे के बीच बवाल हो गया है। ग्रामीणों ने घटना के बाद सड़क जाम करते हुए, थाना प्रभारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की मांग पर अड़ गए। बाद में डीएसपी रूपक कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रण में किया। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर मोतीझरना पंचायत की मुखिया मेरी टुडू ने थाना प्रभारी नीतेश कुमार पांडे के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है। लिखित आवदेन में है पुलिस अधीक्षक को संबोधित करते हुए है कि मुहर्रम के



मौके पर ग्रामीण जुलूस निकाल रहे थे, इसी दौरान तालझारी थाना प्रभारी ने अपनी सरकारी गाड़ी बीच सड़क में लगा दी, जिसके बाद ग्रामीणों ने थाना प्रभारी से अनुरोध किया कि गाड़ी को सड़क के साईड लगाया जाए क्योंकि जुलूस अवरुद्ध हो रही थी। जिस पर थाना प्रभारी आग बबूला हो गए और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया और गाली गलौज भी किया, बाद में लाठी चार्ज भी किया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि थाना प्रभारी ने गांव वालों पर एफआईआर कराने की धमकी भी दिया है तथा मुहर्रम कमेटी का लाइसेंस रद्द करने की भी बात की। जिसके बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए और थाना प्रभारी के रवैए से नाराज होकर सड़क जाम कर दिया। ग्रामीण उक्त थाना प्रभारी के तबादला की मांग कर रहे थे। हालांकि पंचायत की मुखिया व डीएसपी रूपक कुमार सिंह ने सभी ग्रामीणों को समझा बुझाकर सड़क जाम को हटवा दिया। मामले में डीएसपी ने बताया कि ग्रामीणों के नाराज़गी को समझने के बाद आवेदन ले लिया हूं, इसे उच्च अधिकारियों को भेज दूंगा। वही इस संबंध में थाना प्रभारी नीतेश कुमार पांडे को कॉल किया गया लेकिन बात नहीं हो पाई।

# रविवार को अचानक तबियत बिगड़ गई, इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पंहुचा, तब तक बच्ची की मौत हो चुकी थी

**आदिवासी एक्सप्रेस** W . Alam
**साहिबगंज।** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र मुक बधिर स्कूल की छात्रा को गंभीर स्थिति में रविवार को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां जांच के दौरान डॉ. कुलदीप गुप्ता ने मृत घोषित कर दिया है। मृत बच्चा लिट्टीपाड़ा के जियापानी गांव के रहने वाले देव माल्टो की 12 वर्षीय पुत्री जिया माल्टो थी। मुक बधिर छात्रावास की सिस्टर ने बताया कि बच्ची को शुक्रवार को बुखार होने पर दवा दी गई है। इसके बाद रविवार को अचानक तबियत बिगड़ गई। इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पंहुचा। तब तक बच्ची की मौत हो चुकी है। वही बच्ची यहां करीब दो



साल से रह रही थी। बच्ची के परिजन जब विद्यालय पहुंचा तो बच्ची मृत अवस्था में पाया गया। मृत बच्ची की पिता देव माल्टो से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि आज रविवार को विद्यालय से 2:00 बजे फोन आया कि आप लोग कहां पर हैं जल्दी से आई आपकी बच्ची का तबीयत बिगड़ गया है, तब मृत बच्ची की पिता ने बोला कि जल्दी से डॉक्टर के पास इलाज के लिए लेकर जाइए और हो सके तो प्राइवेट डॉक्टर के पास भी लेकर जाइए हमलोग आ रहे हैं, जबकि मृत बच्ची पहले से स्वस्थ थी। बच्ची की पिता ने बताया कि जब दो दिन से तबीयत खराब था तो अच्छे से डॉक्टर से इलाज क्यों नहीं कराया...? और जब ज्यादा बच्ची का गंभीर स्थिति हो गया तो हमलोग को आज सूचना दिया गया पहले सूचना विद्यालय से क्यों नहीं दिया गया..? मृत बच्ची के पिता ने विद्यालय पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बच्ची का इलाज सही समय पर नहीं होने के कारण मौत हुआ है। और आगे बताया कि स्कूल में एक हजार रुपए हर माह लेते थे। वहीं पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# रविवार को मारवाड़ी समाज द्वारा खाटूवाले श्याम बाबा का निशान यात्रा निकाली गई

**आदिवासी एक्सप्रेस** W . Alam
**साहिबगंज।** शहर में आषाढ़ मास के एकादशी पर रविवार को मारवाड़ी समाज द्वारा खाटूवाले श्याम बाबा का निशान यात्रा निकाली गई। यह यात्रा चौक बाजार डाकियानाथ मंदिर के ठाकुरबाड़ी से सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष शामिल होकर बाबा का गीत को गुनगुनाते हुए आगे बढ़ रहे हैं। एक, दो, तीन, चार खाटू वाले श्याम की जय जयकार, नीले घोड़े पर सवार भजन को गुनगुनाते हुए शहर भ्रमण करते हुए यह कार्यक्रम पुरुषोत्तम गली में जहां खाटू वाले श्याम का शीश स्थापना है उस मंदिर में जाकर समापन हुआ।



यह शोभा यात्रा निशान यात्रा चौक बाजार होते हुए महात्मा गांधी चौक होते हुए नगर थाना होते हुए जे एन राय रोड होते हुए महाजन पट्टी होते हुए धर्मशाला चौक होते हुए होते हुए पुरुषोत्तम गली में जाकर खाटू श्रीश्याम मंदिर निशाने रखकर बहुत सारे महिला और पुरुष ने आज आषाढ़ का एकादशी को मानते हैं। इसमें मंदिर में पूजा अर्चना भी की गई। इसका नेतृत्व मारवाड़ी समाज के पुरोहित महेंद्र शर्मा, अजय शर्मा, संजय तिवारी, रवि भगत, शंकर खंडेलवाल, गोपाल चौखानी आशा देवी, अन्नपूर्णा देवी, मेरा झुनझुनवाला, शामिल थे।

# बरहरवा के हरिहरा पंचायत में खुलेआम बालू का अवैध कारोबार, नियम के विरुद्ध कर रहे भंडारण एवं विक्रय

**आदिवासी एक्सप्रेस प्रिंस मिश्रा (साहिबगंज), बरहरवा**
झारखंड सरकार द्वारा बालू खनन और भंडारण को लेकर जारी स्पष्ट नियमों और राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) के सख्त दिशा-निर्देशों के बावजूद साहिबगंज जिले के बरहरवा थाना क्षेत्र के हरिहरा बायपास रोड के किनारे अवैध बालू कारोबार जोर-शोर से चल रहा है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यहां बड़े पैमाने पर बालू की खरीद-फरोख्त हो रही है, जिससे न सिर्फ राज्य सरकार को भारी राजस्व की क्षति हो रही है, बल्कि आम लोगों को आर्थिक रूप से भी शोषण का शिकार होना पड़ रहा है।



**खुलेआम नियमों की उड़ा रहे हैं धज्जियां**
राज्य सरकार द्वारा बालू खनन, परिवहन और भंडारण को लेकर स्पष्ट नियमावली लागू की गई है। झारखंड खनिज नियमावली के अनुसार बिना वैध लाइसेंस के खनिजों का भंडारण करना पूरी तरह से गैरकानूनी है। इसके बावजूद हरिहरा बायपास क्षेत्र में खुलेआम बालू का स्टॉक किया जा रहा है और प्रति ट्रैक्टर के हिसाब से ऊंचे दामों में बेचा जा रहा है।
स्थानीय लोगों की मानें तो यह पूरा काम बिचौलियों के जरिए संचालित हो रहा है जो बाहरी जिलों से ट्रक और हाइवा में बालू लाकर यहां उतारते हैं और फिर उसे ट्रैक्टरों के माध्यम से ऊंची दरों पर बेच देते हैं। इतना ही नहीं, यह कारोबार मुख्य सड़क के किनारे खुलेआम चल रहा है, जिससे साफ होता है कि इन्हें प्रशासन या कानून का कोई डर नहीं है।

**एनजीटी के आदेशों की अनदेखी**
राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) ने पर्यावरणीय क्षति को देखते हुए पूरे देश में बिना पर्यावरणीय मंजूरी के बालू खनन पर रोक लगा रखी है। साथ ही झारखंड सरकार ने भी सभी जिलों के डीसी और एसडीएम को बालू भंडारण और बिक्री पर नजर रखने के सख्त निर्देश दिए हैं। बावजूद इसके, बरहरवा में नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

**दोगुने-तीगुने दामों में होती है बिक्री**
हरिहरा और आस-पास के ग्रामीणों का कहना है कि बालू की कालाबाजारी से न केवल सरकारी खजाने को नुकसान हो रहा है, बल्कि आम जनता को भी अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी दर से बालू नहीं मिलता, मजबूरी में हमें माफियाओं से दोगुने-तीगुने दामों में खरीदना पड़ता है।

**क्या कहते हैं प्रशासनिक पदाधिकारी**
इस संदर्भ में जानकारी प्राप्त करने को लेकर अंचलाधिकारी बरहरवा रामजी वर्मा से उनके दूरभाष पर कई बार संपर्क किया गया लेकिन कॉल रिसीव नहीं किया गया।
वहीं थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह ने बताया कि
इस संदर्भ में सूचना प्राप्त हुई है। आला अधिकारियों को सूचित करते हुए छापेमारी कर बिचौलियों के खिलाफ कड़ी कारवाई की जाएगी। थाना क्षेत्र में ऐसी कालाबाजारी बर्दास्त नहीं की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### एक किशोर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया



**आदिवासी एक्सप्रेस** W . Alam
**साहिबगंज।** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक किशोर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मदनशाही निवासी अकरम अंसारी का 6 वर्षीय पुत्र अरमान अंसारी घर के सामने ट्रैक्टर लगा हुआ था उसी पर ट्रैक्टर पर चढ़कर खेल रहा था खेलने के दौरान ट्रैक्टर के ऊपर से गिर गया और सर में चोट लगने से बुरी तरह जख्मी हो गया। उक्त घायल बालक को परिजनों ने उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों के द्वारा इलाज किया गया।

### लाठी खेलकर विधायक ने किया मोहर्रम टूर्नामेंट का उद्घाटन



**आदिवासी एक्सप्रेस** W . Alam
**साहिबगंज।** उधवा प्रखंड के दक्षिण सरफराजगंज पंचायत अंतर्गत इंग्लिश खेल मैदान में मुहर्रम पर्व के अवसर पर प्रति वर्ष की भांति इस बार भी मुहर्रम खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में राजमहल विधायक मो. ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा उपस्थित हुए।इसके अलावे विशिष्ट अतिथि के रूप में नजरुल इस्लाम, राजमहल एसडीओ सदानंद महतो, एसडीपीओ विमलेश त्रिपाठीजी, उधवा बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार तिवारी शामिल हुए। इस दौरान सभी अतिथियों ने लाठी भांजकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।प्रतियोगिता में प्रखंड के विभिन्न मोहर्रम कमेटियों ने हिस्सा लिया।इस दौरान खिलाड़ियों ने लाठी तलवार कुश्ती सहित अन्य कर्तव्य पेश किया। यहां खेल देखने के लिए दूर दराज से हजारों की संख्या में लोग देखने पहुंचे। वही मैदान में बच्चों की झूला,स्केटिंग,ब्रेक डांस,रेल रेलिंग सहित अन्य प्रकार के मनोरंजन के लिए सामग्री लगाया गया।

### डॉ. परवीन कुमार संथालिया द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट का औचक निरीक्षण किया गया



**आदिवासी एक्सप्रेस** W . Alam
**साहिबगंज।** बरहेट मे आज दिनांक 6 जुलाई 2025 को सिविल सर्जन साहिबगंज डॉ. परवीन कुमार संथालिया द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन ने डिलीवरी रूम, आईपीडी और लैब सहित पूरे संस्थान का गहन मूल्यांकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई की व्यवस्था, दवाओं की उपलब्धता, रोगियों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं तथा उपकरणों की स्थिति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। मौके पर उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश दिया गया कि वे स्वास्थ्य केंद्र की सेवाओं की गुणवत्ता में और सुधार लाएं तथा साफ-सफाई और रिकॉर्ड की अद्यतन स्थिति बनाए रखें।सिविल सर्जन ने चिकित्सा पदाधिकारी एवं कर्मियों की उपस्थिति पंजी, रोस्टर के अनुसार कर्मियों की उपस्थिति आदि को भी बारी बारी से देखे।इस निरीक्षण का उद्देश्य जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में सेवा गुणवत्ता की निगरानी करना एवं जिम्मेदार कर्मियों को सक्रिय बनाए रखना है। निरीक्षण के दौरान जिला डाटा प्रबंधक आईडीएसपी, एलटी, एएनएम एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### पूरे जोश के साथ मुस्लिम समुदाय ने मुहर्रम का पर्व मनाया गया



**आदिवासी एक्सप्रेस** W . Alam
**साहिबगंज।** राजमहल रविवार को राजमहल के विभिन्न भागों में पूरे जोश के साथ मुस्लिम समुदाय ने मुहर्रम का पर्व मनाया गया। शहर के विभिन्न हिस्सों में ताजिया जुलूस निकाले गए और लोगों ने कर्बला के शहीदों की याद में शोक सभाएं आयोजित की। मुहर्रम की दसवीं तारीख को आशुरा के दिन हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में विशेष आयोजन किए गए। मुहर्रम के दौरान शहर में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस और प्रशासन की टीम ने शहर के विभिन्न मार्गों पर सुरक्षा के लिए तैनाती की थी, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। मुहर्रम के दौरान शहर में विभिन्न इलाकों से ताजिये निकाले गए। इन ताजियों को बड़े ही श्रद्धा और सम्मान के साथ सजाया गया था। इसके अलावा जुलूसों में शामिल लोगों ने हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में नारे लगाए। साथ ही मुहर्रम के दौरान शहर में विभिन्न स्थानों पर पानी की सबील और लंगर लगाए गए। लोगों ने हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में विभिन्न लाठी, फरसा एवं विभिन्न हथियारों से करतब दिखाते हुए पर्व मनाया। इस दौरान लोगों की भीड़ में तिरंगा झंडा भी शान से लहराया जा रहा था। अनहोनी से बचने के लिए नगर में बिजली की आपूर्ति को बाधित किया गया।

### कोटाल पोखर में चार दिवसीय CLF प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू




**आदिवासी एक्सप्रेस मोहित मंसूरी**
**बरहरवा।** कोटालपोखर में आज रविवार को झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (JSLPS) के तत्वावधान में कोटालपोखर आजीविका महिला संकुल संगठन द्वारा 4 जुलाई से 7 जुलाई तक चार दिवसीय गैर-आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण सामुदायिक स्तर की फेडरेशन (CLF) के शासन और नेतृत्व (Governance and Leadership) पर केंद्रित है, जिसका उद्देश्य ग्राम संगठन (VO) और कार्यकारिणी समिति (OB) के सदस्यों को सशक्त बनाना है। प्रशिक्षण का शुभारंभ 4 जुलाई को सुबह 10 बजे हुआ, जिसमें CLF की अध्यक्ष बेली कुमारी, सचिव हिरण देवी, और कोषाध्यक्ष सिबका देवी सहित कई सदस्य सक्रिय रूप से शामिल हैं। JSLPS द्वारा आमंत्रित बाहरी प्रशिक्षक साइना खातून इस कार्यक्रम में विशेषज्ञता के साथ प्रशिक्षण प्रदान कर रही हैं। यह प्रशिक्षण सामुदायिक नेतृत्व, संगठन प्रबंधन, और आजीविका संवर्धन के लिए आवश्यक कौशलों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM) के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के समापन समारोह में प्रशिक्षण के परिणामों और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। JSLPS और कोटालपोखर संकुल संगठन द्वारा इस तरह के प्रयास ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं।

### सुदर्शन मुंडा ने रविवार को अपने घर में फांसी लगा ली



**आदिवासी एक्सप्रेस** W . Alam
**साहिबगंज।** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के सोतीचौकी पांगरो निवासी व्यक्ति सुदर्शन मुंडा पिता स्व. गोविंद मुंडा ने रविवार को अपने घर में फांसी लगा ली। जहां मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मृतक के घर पहुंचकर उसके शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल लेकर आई। उधर सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. कुलदीप कुमार गुप्ता ने मृतक व्यक्ति के शव का पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को शव सौंप दिया। उधर मामले को लेकर थाना प्रभारी शशि सिंह ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है।

### रविवार को आपसी विवाद में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया

**आदिवासी एक्सप्रेस** W . Alam
**साहिबगंज।** राजमहल थाना क्षेत्र के नया बाजार में रविवार को आपसी विवाद में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार नया बाजार के साबिर शेख 42 वर्षीय का पड़ोसी के साथ किसी बात पर कहा सुनी होते-होते बात मारपीट तक पहुंच गई। वहीं दूसरी ओर तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के नीचे टोला के दीपक कुमार 32 वर्षीय आपसी विवाद में हुई मारपीट में घायल हो गया। दोनों घायलों को परिजनों ने इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल राजमहल लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने दोनों घायलों का इलाज किया। ड्यूटी में मौजूद डॉ. कुमार सौरभ ने बताया कि दोनों घटना की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई।

# गिरिडीह में मुहर्रम पर सुबह निकला अखाड़ा जुलूस

**पारंपरिक हथियारों से युवाओं ने दिखाए करतब**



**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** हजरत इमाम हुसैन के शहादत में मनाया जाने वाला पर्व मुहर्रम का उत्साह गिरिडीह में भी जबरदस्त अंदाज में देखने को मिला। गिरिडीह शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण इलाकों में रविवार की सुबह मुहर्रम के अखाड़े निकाले गए और खिलाड़ियों ने गर्मजोशी के साथ अपने खेल का प्रदर्शन किया। अलग अलग हिस्से और इलाको में खिलाड़ी की टोली निकली। और डंके की आवाज के बीच कई जोश और जुनून भरे खेल को दिखाया। कई इलाकों में ताजिया का जुलूस भी निकला गया जिसमें काफी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए। इस दौरान खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए मौलाना आज़ाद चौक में नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद के साथ डीएसपी नीरज सिंह के साथ पुलिस जवानों के साथ मौजूद थे। वहीं ग्रामीण इलाकों में सदर एसडीपीओ जीत वाहन उरांव के साथ बीडीओ गणेश रजक और मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो भी अहले सुबह से मुफस्सिल इलाको में खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते दिखे।

# माइनिंग से निकले मिट्टी के डंप से ग्रामीण रास्ता हुआ बाधित, लोगों ने किया विरोध

**फॉरवर्ड ब्लॉक ने की प्रशासन से कार्रवाई की मांग, कहा रास्ते या सरकारी जमीन पर मिट्टी डंप करना गलत**



**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** जिले के बेंगाबाद प्रखंड के फिटकोरिया पंचायत में चल रही है एक पत्थर खदान से निकाली गई मिट्टी को सरकारी जमीन और रास्ते में डंप कर दिए जाने से दुर्गापुर सहित अन्य कई गांवों का रास्ता बाधित हो गया है। ग्रामीणों द्वारा विरोध किए जाने पर भी मनमाने तरीके से माइनिंग चला रहे लोगों पर कोई फर्क नहीं पड़ा। आखिरकार ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लाक की अगुवाई में स्थानीय लोगों ने इसका विरोध जताते हुए प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। इसी क्रम में स्थानीय लोगों के साथ स्थल का निरीक्षण और उनकी बातें सुनने के बाद फारवर्ड ब्लाक नेता एवं बेंगाबाद के पूर्व जिप सदस्य राजेश यादव ने कहा कि, किसी भी परिस्थिति में ग्रामीणों का रास्ता अवरुद्ध करना गलत है। ग्रामीणों के विरोध किए जाने के बावजूद इस स्थिति के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई जरूरी है। कहा कि, कोई भी माइनिंग नियम संगत तरीके से होती है। लेकिन इस माइनिंग के लिए नियम-प्रावधानों का पालन किया जा रहा है या नहीं, यह जांच का विषय है। उन्होंने कहा कि, सड़क से सटाकर सरकारी जमीन पर मिट्टी का डंप किए जाने से बारिश आते ही मिट्टी ने सरककर रास्ते को अवरुद्ध कर दिया है। इससे पहले से ही जर्जर उक्त सड़क की हालत और भी दयनीय हो गई है। श्री यादव ने प्रशासन से इसकी जांच और कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि, हर हाल में ग्रामीणों का रास्ता क्लियर करना होगा। सड़क किनारे सटा कर मिट्टी का डंप किए जाने को उन्होंने गलत बताया। मौके पर अन्य लोगों के अलावा शंभू तुरी, कुमार सिंह, गजाधर सिंह, भगत सिंह, सहदेव तुरी, लालू यादव, जितेंद्र सिंह, प्रेम सिंह, इंचार्ज सिंह, उदय सिंह, पंकज सिंह सहित अन्य थे।

# गिरिडीहः सिकदारडीह स्थित करबला ज़ियारत स्थल पर मोहर्रम के अवसर पर नगर विकास एवं पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू पहुंचे



**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** गिरिडीह जिले के सिकदारडीह स्थित करबला ज़ियारत स्थल पर मोहर्रम के अवसर पर खेल, उच्च तकनीकी शिक्षा, नगर विकास एवं पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने विशेष रूप से पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके साथ जिला उपाध्यक्ष शाहनवाज अंसारी, युवा नेता सन्नी राईन और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित रहे। ज़ियारत के दौरान मंत्री ने मोहर्रम की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए समाज में शांति, सौहार्द और एकता बनाए रखने का संदेश दिया। इस मौके पर सिकदारडीह ग्राम पंचायत की ओर से मुखिया प्रतिनिधि महताब मिर्जा ने सभी अतिथियों का भव्य स्वागत किया। स्थानीय अंजुमन के सरपरस्त हसन इमाम, सचिव शमीम आलम, तबारक मिर्जा, मुस्ताक अंसारी और कई सामाजिक कार्यकर्ता भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। ज़ियारत के इस पावन अवसर ने धार्मिक श्रद्धा के साथ-साथ सामाजिक एकता की मिसाल भी पेश की। मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने इस दौरान कहा मोहर्रम सिर्फ मातम का नहीं, बल्कि इंसानियत, बलिदान और भाईचारे का प्रतीक है।

# श्री लंगटा बाबा स्टील प्राइवेट लिमिटेड में 105 यूनिट रक्त संग्रह




**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** श्री लंगटा बाबा स्टील्स प्राइवेट लिमिटेड में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कंपनी के निदेशक अभिषेक कुमार के जन्मदिन के अवसर पर फैक्ट्री में आयोजित मेगा रक्त दान शिविर में कुल 105 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। निदेशक अभिषेक कुमार ने रक्त दान कर इस शिविर की शुरुआत की। इसके बाद फैक्ट्री के एक सौ से अधिक कर्मियों ने रक्त दान किया। इस अवसर पर कंपनी के निदेशक अभिषेक कुमार ने कहा कि रक्तदान महादान है। दान की गई रक्त की दो बूंद किसी का जीवन बचा सकती है। सभी को वर्ष में कम से कम चार बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान करने से शरीर में किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती, बल्कि रक्तदान करने वाला व्यक्ति कई प्रकार की बीमारियों से सुरक्षित रहता है। आज के समय में हमारे शहर में थैलीसीमिया से पीड़ित बहुत से बच्चे हैं जिसे हर महीने बड़ी मात्रा में खून की आवश्यकता होती है। इसी को देखते हुए रक्तदान शिविर के रूप में एक छोटी सी पहल की गयी है। शिविर में मौजूद रेड क्रॉस के चेयरमेन अरविंद कुमार ने मेगा रक्तदान शिविर के आयोजन के लिए टफकॉन परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यहाँ संग्रहित रक्त से कई जरूरतमंद लोगों को नया जीवन मिल पायेगा। उन्होंने अन्य संस्थाओं के लोगों से भी स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाने के लिए आगे आने की अपील की। मौके पर कंपनी के निदेशक सूरज गुप्ता, डॉ सोहेल अख्तर, हिमांशु कुमार समेत कंपनी व ब्लड बैंक के कई कर्मी मौजूद थे।

# शांति और सौहार्द्रपूर्ण माहौल में मना मुहर्रम, निकाले गए ताजिया जुलूस, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**
**छतरपुर, पलामू।** छतरपुर शहर के विभिन्न इलाकों में रविवार को शांतिपूर्ण तरीके से मातमी पर्व मोहर्रम मनाया गया। मोहर्रम में विभिन्न गांव से आए जुलूस पूरे छतरपुर शहर को भ्रमण करते हुए छतरपुर थाना पहुँचे। अलग-अलग गांव से जुलूस लेकर आए लोगों ने लाठी डंडे और अस्त्र शस्त्रों से अपना-अपना करतब दिखाया। इसमे कुछ अलग देखा गया कि सिर्फ मुस्लिम धर्म के लोग ही नहीं बल्कि हिंदू धर्म लोगों ने भी आगे आकर अपना करतब दिखाने में पीछे नही रहें। शहर भ्रमण के दौरान बाजे गाजे के साथ डीजे एवं अन्य ध्वनि विस्तार के यंत्र से या अली या हुसैन के नारों से गूंजता रहा पूरा छतरपुर शहर। अलग अलग गांव से आए हुए ताजिया कमेटियों को उनके ताजिया की खूबसूरती के हिसाब से उन्हें पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी आशीष कुमार साहू, छतरपुर इंस्पेक्टर द्वारिका राम एवं थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद के साथ -साथ जुलूस के दौरान हर मोड़ पर पुलिस की चौकसी देखी गई।

# मुहर्रम पर जमुआ में निकला अखाड़ा, हजारों जुटे कर्बला में



**जमुआ, प्रतिनिधि।** रविवार को जमुआ प्रखंड में मुहर्रम का त्योहार सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया। मुस्लिम बहुल गांवों में सुबह से ही साफ-सफाई और फातेहा-नियाज़ का सिलसिला चलता रहा। शाम को पुरुष और महिलाएं सिरनी लेकर अपने-अपने कर्बला पहुंचे। वहां रोट फातेहा करवाया गया।सुबह जमुआ चौक पर मगहा खुर्द और गंधकपरी के ग्रामीणों ने अखाड़ा निकाला। इसमें नुमाइशी खेल दिखाए गए। शाम को काजी मगहा और कंदाजोर के ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचे। वहां लाठी, तलवार और बान जैसे पारंपरिक खेलों का प्रदर्शन किया गया। लोगों ने इन खेलों का आनंद लिया। अखाड़ा कार्यक्रम में जमुआ बीडीओ अमल कुमार, थाना प्रभारी मनीकांत कुमार, प्रमुख प्रतिनिधि संजीत यादव, हरला के पूर्व मुखिया महेंद्र यादव, मगहा कलां के मुखिया अबुजर नोमानी, शांति समिति के प्रखंड अध्यक्ष असगर अली, जाहिद अली, महशर इमाम, मो. एसरार, नाजल हक मंटु, जुन्नैद आलम, नुरुल्लाह सिद्दीकी, नोशेर आदिल, इकरार आलम, लालबेग अंसारी, खुभलाल मियां सहित कई अन्य नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने अखाड़ा खेला और खेलों का आनंद लिया। मौके पर जमुआ बीडीओ, पुलिस इंस्पेक्टर, थाना प्रभारी, प्रमुख प्रतिनिधि सहित कई प्रतिष्ठित व्यक्ति, नेता और पत्रकार भी मौजूद रहे। सभी ने नुमाइशी खेलों में भाग लिया और अखाड़ा कमेटियों का उत्साह बढ़ाया। जमुआ प्रखंड और थाना से प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट भी मौके पर मौजूद थे। जमुआ थाना के दर्जनों पुलिसकर्मी और जवान सुबह से ही मुस्तैद रहे। वे पूरे दल-बल के साथ विधि व्यवस्था संभालते दिखे। बीडीओ अमल कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर रोहित कुमार, थाना प्रभारी मनीकांत कुमार और अंचलाधिकारी संजय पांडे अलग-अलग रूटों पर निगरानी करते रहे। शाम को जमुआ स्थित कर्बला में हजारों लोग जुटे। वहां फातेहा करवाया गया। जमुआ के अलावा खुर्द मगहा, काजी मगहा, कंदाजोर, गंधकपरी, सवयंटांड सहित कई गांवों के लोग मौजूद रहे। निशान और ताजिए को कर्बला में दफन कर मुहर्रम का समापन किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### गिरिडीह : वज्रपात से महिला की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

**● खेत जाते समय घटी दर्दनाक घटना**



**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** जिले के बेंगाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत गादी गांव में रविवार शाम वज्रपात की चपेट में आकर फुलवा देवी (34) की मौके पर मौत हो गई, जबकि मनीता देवी (35) गंभीर रूप से घायल हो गईं। दोनों महिलाएं सोनबाद पतारी गांव की रहने वाली थीं और खेत की ओर शौच के लिए जा रही थीं, तभी तेज गर्जना के साथ गिरी आकाशीय बिजली ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों की मदद से दोनों को गिरिडीह सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने फुलवा देवी को मृत घोषित कर दिया। मनीता देवी की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### बैराज गेट बंद किए जाने के कारण बाढ़ में कुछ दुकान व मकान को नुकसान हुए लोगों को मुआवजा देने का बात कही गई




**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता- अबुल कलाम**
**टंडवा- (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र में वर्ष 2021 एवं 2025 में हुई अत्यधिक वर्षा एवं एनटीपीसी द्वारा बैराज गेट बंद किए जाने के कारण बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई, जिससे दुकानों व घरों में पानी घुसने से व्यापक जन-धन की काफी क्षति हुई। आज दिल्ली स्थित कार्यालय में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सह सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक किशुन कुमार दास ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के आप्त सचिव एवं एनटीपीसी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह से भेंट कर घटनाक्रम की पूरी जानकारी दी और प्रभावित क्षेत्रों का भौतिक सर्वेक्षण कराकर शीघ्र मुआवजा भुगतान करने का आग्रह किया। साथ ही अवगत कराया कि 2021 की बाढ़ के बाद भी मुआवजे का आश्वासन दिया गया था, परंतु आज तक पीड़ितों को राहत नहीं मिली है। एनटीपीसी प्रबंधन ने आश्वस्त दिया कि इस बार संबंधित विभाग द्वारा सर्वेक्षण कराकर यथाशीघ्र मुआवजा दिलाया जाएगा। इस अवसर पर टंडवा बाजार से बैराज तक 10 फीट चौड़ी नाली (ढक्कन सहित) निर्माण तथा स्थानीय लोगों को फ्लाई ऐश एवं कोयला ट्रांसपोर्टिंग में प्राथमिकता देने की भी मांग किया गया।

### कान्हाचट्टी में 9 अगस्त को मनाया जाएगा विश्व आदिवासी दिवस



**विकाश कुमार कान्हाचट्टी**
प रविवार को केंद्रीय आदिवासी सरना समिति की बैठक प्रखंड अध्यक्ष सिकेंद्र खरवार के अध्यक्षता मे किया गया,जबकि संचालन पूर्व मुखिया बैजनाथ सिंह भोगता ने किया,बैठक मे 9 अगस्त को कान्हाचट्टी प्रखंड मे विश्व आदिवासी दिवस को भब्य रूप से मंनाने को लेकर प्रखंड के तमाम आदिवासीयों ने विशेष चर्चा किया,वही समिति के प्रखंड अध्यक्ष सिकेंद्र सिंह खरवार ने आदिवासियों एवं जनजातियों के हक अधिकार को लेकर कई बिन्दुओ पर चर्चा करते हुए सामाजिक एकजुटता, शिक्षा की ओर अग्रसर,बढ़ते नशा खोरी,अंध विश्वास पर चर्चा किया बैठक मे कान्हाचट्टी प्रखंड के आदिवासियों को जल, जंगल, जमीन पर, वन पट्टा का पूर्ण अधिकार, केन्द्र सरकार जल्दी जातीय जनगणना करे,भारत सरकार जनगणना से पहले आदिवासियों को सरना धर्म कॉलम कोड़ लागू करे, आदिवासियों जनजाति पर हो रहे, शोषण, जुल्म अत्याचार, अधिकारों की हनन पर, एवं संरक्षण पर विशेष चर्चा किया गया,अगली बैठक 13 जुलाई रविवार को रखा गया है, बैठक मे प्रखंड अध्यक्ष सिकेंद्र खरवार, सलाहकार, प्यारेलाल भोगता, संरक्षक, पूर्व मुखिया बैजनाथ भोगता, प्रखंड कोषाध्यक्ष संदीप उरांव,उपाध्यक्ष संतोष सिंह खरवार, रंथ उरांव, सदस्य राजकुमार भोगता, महिला अध्यक्ष, सरिता उरांव, सचिव, संगीता नाग,खेमलाल भोगता, सिकेंद्र भोगता शामिल थे।

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**विकाश कुमार कान्हाचट्टी**
रविवार प्रखंड के जमरी कर्बला मैदान के समीप एक युवक का शव बरामद हुआ। युवक का पहचान गोपाल कुमार सिंह पिता सीताराम सिंह उम्र करीब 19 वर्ष कान्हा कला के रूप में हुआ है। युवक का शव जमरी कर्बला मैदान के समीप एक पलाश के पेड़ से लटका हुआ मिला। घटना का खुलासा तब हुआ जब कुछ सुबह जानवर चराने पहुंचे तो देखा कि पलास के पेड़ से लटका हुआ एक युवक का शव है जिसके बाद घटना आग की तरह फैल गया और कुछ लोगों द्वारा इसकी सूचना स्थानीय थाना को किया गया। जिसके बाद राजपुर थाना प्रभारी संदीप कुमार तत्परता दिखाते हुए बिना बिलंब किए दल-बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। वही शव देखने के बाद ऐसा प्रतीत हो रहा था कि युवक को अज्ञात लोगों द्वारा हत्या करके घटना को आत्महत्या दिखाने के लिए पलास के पेड़ से लटका दिया गया हो। वही घटना को देखते हुए थाना प्रभारी ने चतरा पुलिस अधीक्षक से स्पेशल टीम के देख देख केस के अनुसंधान करने की आग्रह किए जिसके बाद स्पेशल टीम द्वारा शाम करीब 6 बजे पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया गया था। वही युवक के परिजनों ने बताया कि युवक शुक्रवार शाम 4 से ही लापता था। और उसकी खोजबीन किया जा रहा था।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिलीं जमुआ विधायक मंजू कुमारी

**● यह मुलाकात सिर्फ एक शिष्टाचार भेंट नहीं थी, बल्कि जमुआ के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक ठोस पहल थी**



**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** जमुआ विधायक मंजू कुमारी ने देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की। इस भेंट के दौरान मंजू कुमारी ने जमुआ क्षेत्र के युवाओं की देशभक्ति भावना और सेना में भर्ती के प्रति उनके उत्साह को रखते हुए एक अहम प्रस्ताव रखा। उन्होंने रक्षा मंत्री से आग्रह किया कि जमुआ और आसपास के क्षेत्रों में सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जाए और युवाओं को प्रशिक्षण देने के लिए एक स्थायी सैन्य प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की जाए। जमुआ विधायक मंजू कुमारी ने कहा कि झारखंड के ग्रामीण अंचलों में देशसेवा की तीव्र भावना है, लेकिन संसाधनों की कमी युवाओं के सपनों में बाधा बनती है। इस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उनके सुझावों की सराहना की और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। यह मुलाकात सिर्फ एक शिष्टाचार भेंट नहीं थी, बल्कि जमुआ के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक ठोस पहल थी। जिसकी चारों ओर सराहना हो रही है।

## जमुआ में मारपीट एवं जानलेवा हमला कर रूपये छीनने का लगा आरोप



**गिरिडीह।** जिले के जमुआ थाना क्षेत्र के सकरडीहा निवासी अनुज कुमार सिंह ने गांव के ही कतिपय लोगों पर मारपीट एवं जानलेवा हमला कर रूपये छीनने का आरोप लगाया हैं, इसी को लेकर जमुआ थाना में दिया आवेदन। आवेदन में उल्लेख किया हैं कि अनुज कुमार सिंह उम्र 26 वर्ष पिता त्रिवेणी प्रसाद सिंह साकिन सकरडीहा पो मिर्जागंज थाना जमुआ जिला गिरिडीह का रहने वाला हूँ। दिनांक 04/07/2025 को रात 12 बजे लगभग मै अपने निर्माणाधीन घर के टेंट में सोया हुआ था जो 1. नितेश सिंह पिता संजय सिंह 2. अमन सिंह पिता सुजीत सिंह 3. संजय सिंह पिता स्व0 लालजीत सिंह 4. सुजीत सिंह पिता स्व0 राम प्रसाद सिंह 5. विजय कुमार सिंह पिता स्व0 राम प्रसाद सिंह 6. पप्पू सिंह पिता स्व दामोदर सिंह 7. त्रिपुरारी कुमार सिंह पिता स्व राम प्रसाद सिंह ग्राम सकरडीहा पो मिर्जागंज थाना जमुआ जिला गिरिडीह 8. सुभम कुमार राय पिता त्रिपुरारी राय ग्राम नवाडीह थाना देवरी जिला गिरिडीह जो सभी लोग साजिस के तहत आया और मेरा गला में उपरोक्त लोगो द्वारा गमछा डालकर मुंह में कपड़ा डाल दिया और टेंट से 200 मीटर दूर ले जाकर टांगी और फारसा से मेरे माथा में वार कर दिया लाठी डंडा से बेरहमी से मारपीट किया। जिससे मरा हुआ समझकर फेंक दिया तथा मेरा गला में सोने का चेन और सोने की अंगूठी तथा घर निर्माण के लिए रखा तीन लाख पचास हजार रुपया तथा पचास पॉकेट सीमेंट और एक किन्टल छड़ सब मेरे घर से ले गया। मै अस्पताल में इलाजरत हूँ। जो जमुआ स्वास्थ केंद्र से गिरिडीह सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है तथा मेरे घर के परिवार वालो को जान से मारने व तरह-तरह का धमकी दे रहा है। मेरे साथ हुआ जान लेवा हमला कि जाँच पड़ताल कर उचित क़ानूनी कार्यवाही करने का कृपा करें।

## गिरिडीहः हाईटेंशन तार की चपेट में आया ताजिया, एक युवक की मौत, छह घायल



**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** गिरिडीह जिले के घोड़थम्भा ओपी क्षेत्र अंतर्गत चांगोंसिंघा गांव में रविवार को मुहर्रम के जुलूस के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। जुलूस में शामिल लोग जब ताजिया लेकर गांव के मुख्य रास्ते से गुजर रहे थे, तभी स्टील से बना ताजिया ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन तार से टकरा गया। टकराते ही करंट पूरे ताजिया में फैल गया, जिससे मौके पर ही एक युवक की मौत हो गई और अन्य छह लोग बुरी तरह झुलस गए। घटना के तुरंत बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। लोग किसी तरह झुलसे युवकों को वहां से हटाकर स्थानीय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है, जबकि गंभीर रूप से झुलसे दो लोगों को बेहतर इलाज के लिए बड़े अस्पताल रेफर किया गया है। मृत युवक की पहचान गांव के ही निवासी के रूप में हुई है, जिससे पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। इस हादसे के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि बिजली विभाग की लापरवाही इस हादसे की बड़ी वजह है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि हाईटेंशन तार की ऊंचाई काफी कम है और पहले भी इस बारे में कई बार शिकायत की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। त्योहार के मौके पर सुरक्षा व्यवस्था भी पर्याप्त नहीं थी, जिससे ऐसा बड़ा हादसा हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है और बिजली विभाग से जवाब मांगा गया है। प्रशासन ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### शांतिपूर्ण मुहर्रम का त्यौहार संपन्न



**संवाद सूत्र -पंकज कुमार ठाकुर**

**चांदन (बांका)।** मुहर्रम का त्यौहार रविवार को पारंपरिक ढंग से शांतिपूर्वक मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा मनाया गया। हजरत मो.साहव के दोनों नवासे हजरत हसन एवं हुसैन ने बुराई के खिलाफ कर्बला के मैदान में लड़ते लड़ते यजीद के हाथों शहीद हो गए थे।इस गम के महिने के नोंवी एवं दशमीं तारीख को मुस्लिम समुदाय के लोग रोजा भी रखता है। क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर तैयार किये गए तजिया के साथ भव्य जुलूस निकाला गया।जो चांदन बाजार के बस स्टैंड में जुलूस में शामिल युवकों के द्वारा लाठी-डंडा तलवार,फरसा का प्रदर्शन करते हुए एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज करतब दिखा कर लोगों का मन मोह लिया। सांप्रदायिक सौहार्द का मिशाल कायम करते हुए स्थानीय हिन्दू समुदाय के लोगों ने भी अखाड़ा में शामिल होकर लाठियां भांजी।देर शाम सभी स्थानों के कर्बला मैदान में पहलाम हो गया। इस दौरान दंडाधिकारी के थानाध्यक्ष विष्णुदेव कुमार सदलबल तैनात थे।

### एशियन यूथ गेम्स 2025 के लिए असम के निबिर हजारिका भारतीय तैराकी टीम में चयनित



**पंकज नाथ, असम, आदिवासी एक्सप्रेस**

असम के प्रतिभाशाली तैराक निबिर हजारिका का चयन आगामी एशियन यूथ गेम्स 2025 के लिए भारतीय तैराकी टीम में हुआ है। यह प्रतिष्ठित खेल प्रतियोगिता 23 से 27 अक्टूबर, 2025 के बीच बहरीन में आयोजित की जाएगी। 78वीं सीनियर नेशनल स्विमिंग चैंपियनशिप और टाइम ट्रायल के प्रदर्शन के आधार पर 12 जून 2025 को भारतीय तैराकी महासंघ द्वारा पात्रता और चयन नीति के तहत 14 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की गई, जिसमें निबिर ने असम का प्रतिनिधित्व करते हुए जगह बनाई है। इस खबर से असम के तैराकी जगत में खुशी की लहर दौड़ गई है। यह एक ही महीने में दूसरी बड़ी उपलब्धि है – इससे पहले जनांजय ज्योति हजारिका और तीर्थंकर के विश्व जूनियर एक्वेटिक चैंपियनशिप में भाग लेने की घोषणा हुई थी। असम तैराकी संघ के सचिव भास्कर रंजन दास और प्रचार सचिव मुकुटेश्वर गोस्वामी ने निबिर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंन कहा कि यह असम टीम के लिए गर्व और प्रेरणा का क्षण है।

### छतरपुर हाई स्कूल से प्रोजेक्टर, यूपीएस और कैमरा चोरी – चोरों के हौसले बुलंद, पुलिस की कार्रवाई सवालों के घेरे में




**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**

**छतरपुर, पलामू।** छतरपुर प्रखंड के उच्च विद्यालय छतरपुर में बीती रात चोरों ने स्कूल भवन में सेंध लगाकर प्रोजेक्टर, यूपीएस, बैटरी, सीसीटीवी कैमरा सहित कई जरूरी शिक्षण सामग्री पर हाथ साफ कर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जय प्रकाश गुप्ता ने इस चोरी की लिखित शिकायत छतरपुर थाना में दर्ज कराई है और अज्ञात चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। प्रधानाचार्य के अनुसार, विद्यालय में बच्चों की स्मार्ट क्लास और सुरक्षा निगरानी के लिए लगाए गए उपकरण चोरी होने से पढ़ाई व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो गई है।

***चोरी की बढ़ती घटनाओं से दहशत***

गौरतलब है कि छतरपुर प्रखंड में हाल के दिनों में चोरी की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। कभी बाइक चोरी, कभी दुकान और अब स्कूल में चोरी–आमजन का कहना है कि चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि अब वे बच्चों की पढ़ाई में भी सेंध लगा रहे हैं। पुलिस की भूमिका पर उठ रहे सवाल स्थानीय ग्रामीणों और स्कूल प्रबंधन ने पुलिस प्रशासन पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि छतरपुर थाना पुलिस की गश्ती व्यवस्था नाकाफी साबित हो रही है और चोर अब तक पुलिस की पकड़ से दूर हैं। ऐसे में कानून व्यवस्था पर भी प्रश्नचिह्न लग रहा है।

***प्रशासन से मांग***

स्कूल प्रबंधन समिति ने प्रशासन से मांग की है कि चोरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर चोरी की घटनाओं पर रोक लगाई जाए। साथ ही गांव और बाजारों के साथ-साथ स्कूलों की सुरक्षा के लिए रात्रि गश्ती बढ़ाई जाए ताकि बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो और आमजन भयमुक्त रह सके।

### श्री श्री 1008 माता नैना योगिनी धाम में चल रहें ज्ञान महायज्ञ हुयी संपन्न



**आदिवासी एक्सप्रेस / ब्यूरो संतोष कुमार दास**

**इटखोरी (चतरा)।** इटखोरी टाल स्थित श्री श्री 1008 श्री माता नैना योगिनी धाम में पिछले 27 जून से आयोजित नौ दिवसीय श्री श्री 1008 श्री लक्ष्मी नारायण वार्षिकोत्सव ज्ञान महायज्ञ शनिवार को नौ कन्याओं की पूजन, हवन-पूजन एवं भव्य भंडारा के साथ संपन्न हो गया। यज्ञ विसर्जन के मौके पर आचार्य लक्ष्मी नारायण पांडेय, उपाचार्य प्रमोद पांडेय और कैलाश पांडेय समेत सहयोगी पुरोहितों ने 5 जुलाई की अहले सुबह सबसे पहले सभी देवी देवताओं का आवाह्न करते हुए दैनिक पूजन, वेदी पूजन, पूर्णाहुति विसर्जन आचार्य की विदाई तथा महा भंडारा का आयोजन किया गया। ब्रह्मणवरण के बाद यज्ञशाला में बनें हवन कुंड में विधि-विधान से हवनपूजन किया गया। मौके पर अनुप कुमार सिन्हा, बिटू सिंह एवं प्रभु दांगी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही।

# डिस्ट्रिक बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए लिया गया ट्रायल

**संवाददाता श्रीकान्त यादव**

आज दिनांक 6 जुलाई 2025 को बीएन कॉलेज के प्रांगण में भागलपुर बॉक्सिंग एसोसिएशन के तरफ से स्टेट चैंपियनशिप के लिए जिला लेवल बॉक्सिंग ट्रायल लिया गया जिसमें भागलपुर बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष नीरज कुमार तथा भागलपुर बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव मोहम्मद शाहबाजुद्दीन और बिहार बॉक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव अभिषेक कुमार यादव बि एन कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ आरती



कुमारी के समक्ष में संपन्न हुआ, बिहार बॉक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव अभिषेक यादव ने कहा इंडियन एमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन से ही मैरी कॉम विजेंद्र सिंह ओलंपिक वर्ल्ड चैंपियनशिप इंटरनेशनल खेले है 1949 से ही फेडरेशन बॉक्सिंग के क्षेत्र में काम कर रहे हैं हजारों बॉक्सर ने सरकारी जॉब कर रहे हैं और भारत का नाम रोशन किए हैं, इंडियन एमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश मिश्र एवं राष्ट्रीय महासचिव राकेश ठाकरान दिन रात मेहनत कर रहे हैं बॉक्सिंग को बढ़ावा देने के लिए कुछ दिन पहले ही कोलंबो श्रीलंका में कई बॉक्सर ने गोल्ड मेडल सिल्वर मेडल ब्रांच मेडल लाकर भारत का नाम रोशन किया है,भागलपुर जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष नीरज कुमार ने कहा हमारे पास लगभग 100 बॉक्सिंग खिलाड़ी हैं यूथ में यानी 17 से 18 उम्र को ही स्टेट नेशनल और इंटरनेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप मैं भाग लेंगे बिहार कप यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप भागलपुर में होने जा रही है उसके बाद सब जूनियर जूनियर सीनियर हैवीवेट गर्ल्स और बॉय का जिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप होंगे वही खिलाड़ी स्टेट चैंपियनशिप में भाग लेंगे उसकी तैयारी हम लोग मिलकर कर रहे हैं,भागलपुर बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव मोहम्मद शाहबाजुद्दीन ने कहा कि आने वाले नेशनल इंटरनेशनल चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ी मेहनत कर रहे हैं हमारे पास समय कम होने के कारण खिलाड़ियों का ट्रायल लिया गया इस ट्रायल में उपस्थित भागलपुर बॉक्सिंग संघ के उप सचिव अमित कुमार यूथ कमीशन साजन कुमार सिलेक्शन कमिटी पूजा राय रिंग ऑफिशियल प्रदीप कुमार आलोक राज उपस्थित थे , जिसमें खिलाड़ी शेखर कुमार कुणाल साहनी सन्नी कुमार गुलशन कुमार आदित्य कुमार शुभम कुमार थे जो स्टेट चैंपियनशिप के लिए चुने गए।

# असम के विश्वनाथ जिले में 125वीं जयंती पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि

**पंकज नाथ, असम**
**आदिवासी एक्सप्रेस**

भारत के महान शिक्षाविद, विचारक और भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर आज देश के विभिन्न हिस्सों की तरह असम के विश्वनाथ जिले में भी श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। विश्वनाथ जिला प्रशासन की पहल पर जिला आयुक्त के सम्मेलन कक्ष में आज यह जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अनुसार, विश्वनाथ के जिला आयुक्त मुनिंद्र नाथ नाटे ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि अर्पित की और समाज के प्रति उनके योगदान पर संक्षिप्त दृष्टि



डाली। सभा में मुख्य वक्ता के रूप में भाग लेते हुए सेवानिवृत्त प्रोफेसर, सुवक्ता तथा विश्वनाथ चारआली नगर पालिका के अध्यक्ष अमरज्योति बोरठाकुर ने मानवता के उपासक और सिद्धांतों के दृढ़ व्यक्ति डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन और उपलब्धियों पर संक्षिप्त भाषण दिया। भारतीय इतिहास में उनकी छवि एक मेहनती और संघर्षशील व्यक्तित्व की है, जो उनकी मृत्यु के इतने वर्षों बाद भी कई भारतीयों के लिए आदर्श और मार्गदर्शक बने हुए हैं, ऐसा मुख्य वक्ता ने कहा। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के आज के कार्यक्रम में बिहाली सम जिला आयुक्त ध्रुवज्योति दास, अतिरिक्त जिला आयुक्तगण क्रमशः राकेश डेका, संगीता बोरठाकुर और असीम बर्गोहाई, विश्वनाथ के सर्कल अधिकारी माधुर्य पराशर, सहायक आयुक्तगण क्रमशः पुस्पांकर पातिर, दीक्षित दास, विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और जिला प्रशासन के कर्मचारी उपस्थित थे।

# यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप को लेकर बैठक

इंडियन एमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन के बैनर तले भागलपुर जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन जिला अध्यक्ष श्री नीरज कुमार की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में राज्य के कई जिलों के अध्यक्ष, सचिव और राष्ट्रीय स्तर के बॉक्सरों की उपस्थिति रही, जिन्होंने आगामी बिहार कप यूथ मेंस बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 को सफल बनाने के लिए व्यापक चर्चा की।

जिला अध्यक्ष नीरज कुमार ने कहा अंग की धरती रेशम की धरती भागलपुर में पूरे भारत से लगभग 200 बॉक्सर खिलाड़ी पार्टिसिपेट कर रहे हैं भागलपुर जिला के लिए गर्व की बात है हम लोग मिलकर बिहार कप यूथ मेंस बॉक्सिंग चैंपियनशिप को सफल बनाएंगे

बैठक में मुख्य अतिथि बिहार बॉक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव श्री अभिषेक कुमार



यादव ने सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा,

यह चैंपियनशिप बिहार के युवाओं के लिए एक बड़ा अवसर है, और हम सभी को दिन-रात मेहनत कर इसे ऐतिहासिक बनाना है।

प्रतियोगिता विवरणः

तिथिः 1 अगस्त से 4 अगस्त 2025

स्थानः यूनिवर्सिटी स्टेडियम, भागलपुर

व्यवस्थाः देशभर से आने वाले खिलाड़ियों के ठहरने, भोजन व परिवहन की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं।

बैठक में कोषाध्यक्ष एसपी कुमार ने खिलाड़ियों के भविष्य, सुविधाओं और सम्मान पर चर्चा करते हुए कहा कि इस आयोजन से खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी।

उप सचिव श्री अमित कुमार ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा, बॉक्सिंग देश का भविष्य है और यह चैंपियनशिप भारत की ओलंपिक संभावनाओं को मज़बूती देगी।

बिहार चयन समिति प्रमुख श्रीमती पूजा रॉय ने डोपिंग नियंत्रण पर विशेष बल देते हुए स्पष्ट किया कि डोप टेस्ट को किसी भी हाल में नजरअंदाज नहीं किया जाएगा, ताकि खेल की शुद्धता बनी रहे।

प्रेस एवं मीडिया की भूमिका पर चर्चा करते हुए भागलपुर जिला उप सचिव श्री जयंत कुमार ने कहा, मीडिया के सहयोग के बिना कोई भी खेल अधूरा है। मीडिया की भागीदारी इस आयोजन को नई ऊंचाई देगी।

एथलीट्स कमीशन के सजन ने खिलाड़ियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली।

वहीं श्री शिव कुमार ने कहा कि यह चैंपियनशिप बिहार के खेल परिदृश्य को नई दिशा देगी।

सभी पदाधिकारियों ने लिया संकल्प बैठक के अंत में सभी मौजूद पदाधिकारियों ने वचन लिया कि वे तन, मन और धन से चैंपियनशिप को सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

# बाल विवाह एवं दहेज प्रथा को रोकथाम हेतु आशा पायल फाउंडेशन ने वधू को उपहार दिया

**संवाद सूत्र -पंकज कुमार ठाकुर**

**चांदन (बांका)।** आशा पायल फाउंडेशन संस्था द्वारा वार्ड सदस्य पंकज कुमार मंडल मौजूदगी में विवाह योग्य तीन गरीब कन्याओं को विदाई सामग्री (उपहार)प्रदान कर विवाह में सहयोग किया गया।संस्था के बिहार झारखंड प्रभारी सह बांका जिला प्रबंधक जितेंद्र कुमार यादव ने कहा कि जिले के विभिन्न गांवों में विवाह योग्य गरीब कन्याओं को विदाई सामग्री प्रदान कर बाल विवाह व दहेज प्रथा पर अंकुश लगाते हुए जागरूकता अभियान



चलाया जा रहा है।इस क्रम में चांदन पंचायत अंतर्गत जनकपुर गांव के उमेश यादव की पुत्री मनिषा कुमारी व बिरनियां पंचायत के नीलकोठी गांव निवासी रोहन यादव के पुत्री मंजू कुमारी एवं दक्षिणी वारने पंचायत के मातडीह गांव निवासी गोबिंद यादव के पुत्री शांति कुमारी को विदाई सामग्री प्रदान की गयी। कैलाश कुमार यादव ने बताया कि बाल विवाह एवं दहेज प्रथा के रोकथाम के लिए प्रमुख रूप से कार्यरत संस्था आशा पायल फाउंडेशन के द्वारा विवाह योग्य गरीब कन्या को उपहार स्वरूप विदाई सामग्री ट्रंक,तोषक,रजाई, बेडशीट, तकिया, चुनरी, स्टील बर्तन सेट,वर वधू का वस्त्र एवं श्रृंगार समान वार्ड सदस्य पंकज कुमार मंडल आदि के हाथों दिया गया।इस मौके पर संस्था के पंचायत कार्यकर्ता कैलाश कुमार यादव,जिला प्रबंधक जितेन्द्र कुमार यादव आदि उपस्थित थे।

### ट्रेड यूनियन हड़ताल को मिला किसान और आदिवासी संगठनों का समर्थन

**फूल शंकर डामोर उदयपुर**

**उदयपुर!** केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के विरोध में 9 जुलाई को आयोजित होने वाली देश व्यापी हड़ताल को उदयपुर के किसान और आदिवासी संगठनों ने भी समर्थन दिया!

यह जानकारी देते हुए ट्रेड यूनियन काउंसिल के संयोजक पी एस खींची ने बताया कि किसान और आदिवासी संगठनों की बैठक मेवाड़ किसान संघर्ष समिति के संयोजक विष्णु पटेल की अध्यक्षता में रविवार को शिराली भवन में हुई! बैठक में विष्णु पटेल ने कहा कि जब केंद्र सरकार ने किसान विरोधी तीन काले कानून को देश में लागू करने की कोशिश की, उस समय देश के सभी मजदूर संगठनों ने किसानों के साथ एकता बना व्यापक आंदोलन से केंद्र सरकार को यह काले कानून वापस लेने को मजबूर किया! उन्होंने कहा कि अब केंद्र सरकार देश में मजदूरों के अधिकारों के 44 कानून को खत्म कर उन्हें तीन संहिता में बदल रही है, जिस पर देश का किसान भी मजदूरों के साथ एकता बना इसे लागू नहीं करने देगा! उन्होंने कहा कि देश के विकास में मजदूरों और किसानों का प्रमुख योगदान है लेकिन केंद्र सरकार की नीतियां उन्हें बर्बाद करने पर तुली हुई है ,जिसका कड़ा विरोध किया जाएगा!

बैठक में अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के जिलाध्यक्ष घनश्याम तावड ने कहा कि किसानों में भी, आदिवासी किसान नर्क का जीवन जीने को मजबूर है लेकिन भाजपा के जनप्रतिनिधि और नेता उनके जीवन से जुड़े मुद्दों पर उन्हें भटका हिंदू और गैर हिंदू होने के नाम पर बांटने का काम कर रहे हैं लेकिन आदिवासी नहीं बटेगा और वह मनरेगा में 200 दिन काम व 600 रुपये प्रति दिन मजदूरी, वन अधिकार के पत्ते, फसलों पर एमएसपी की गारंटी, आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर व्यापक एकता बना जन संघर्ष तेज करेगा!

बैठक में अखिल भारतीय किसान सभा के जिलाध्यक्ष प्रभु लाल भगोरा, आदिवासी जनाधिकार एका मंच के जिलाध्यक्ष प्रेम पारगी, राजस्थान किसान सभा के जिलाध्यक्ष देवीलाल डामोर ने भी विचार रख 9 जुलाई को होने वाली हड़ताल को अपना समर्थन देते हुए किसानों एवं आदिवासियों के भी 9 जुलाई को आयोजित होने वाली रैली में भाग लेने का विश्वास दिलाया!

खींची ने बताया कि 9 जुलाई के आयोजित होने वाली हड़ताल की तैयारी के लिए सीटू ने जिला सचिव हीरालाल सालवी की अध्यक्षता में एक अन्य बैठक हुई! बैठक में सीटू के जिलाध्यक्ष राजेश सिंघवी ने बताया कि यह औद्योगिक हड़ताल मजदूर संहिता को वापस लेने, वेतन कटौती, छटनी, महंगाई पर रोक लगाने, न्यूनतम मजदूरी 26000 रुपए प्रतिमाह घोषित करने, सामाजिक पेंशन 10000 रुपये महीना घोषित करने ,ठेका व्यवस्था बंद करने, आशा सहयोगिनी सहायका, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नियमित करने, पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने, सभी मजदूरों को पीएफ ईएसआई और कार्यस्थल पर सुरक्षा की गारंटी देने ,सफाई कर्मचारियों को नियमित करने, खान मजदूर की सुरक्षा की गारंटी करने, राष्ट्रीय संपत्तियां सरकारी उपक्रमों को बेचने पर रोक लगा सार्वजनिक सेवाओं का निजीकरण बंद करने, सभी प्रकार के कृषि यंत्रों खाद बीज को कीटनाशक दवाओं पर सभी तरह के टैक्स समाप्त करने, सहारा आदर्श संजीवनी जैसी क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी में निवेशकों की जमा राशि का भुगतान कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही उन्हें दंडित करने, उदयपुर पैराफेरि क्षेत्र के निवासियों को अतिक्रमण के नाम पर की जा रही बेदखली रोक उनके कब्जे की पूरी जमीन के पट्टे देने, ठेला फुटपाथ व्यवसायीयो को अतिक्रमण और नो वेडिंग जोन के नाम पर की जा रही बेदखली पर रोक लगा उनके रोजगार और सम्मान की सुरक्षा के साथ पथ विक्रेता अधिनियम की पालना करने, निर्माण मजदूर कल्याणकारी बोर्ड में भ्रष्टाचार पर रोक लगाने, घरेलू कामगार महिलाओं को सुरक्षा के लिए कानून लागू करने, दवा सहित आवश्यक वस्तुओं का मूल्य नियंत्रित कर उनको जीएसटी से मुक्त करने जैसी मांगों को लेकर किया जा रहा है !

इस अवसर पर ट्रेड यूनियन काउंसिल के सहसंयोजक मोहन सिन्याल एटक के हिम्मत चाग्वाल, इंट्क के खुशवंत कुमावत , ऐक्ट के सौरभ नरूका और एक्ट (यू) के लीला शर्मा भी मौजूद थी!

पी एस खींची ने बताया कि 9 जुलाई को सुबह 11 बजे मजदूर किसान संगठनो के कार्यकर्ता टउन हाल से रेली प्रारंभ करेंगे, जो रेली कलेक्ट्रि पहुंचेगी और वहाँ प्रदर्शन कर सभा आयोजित कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया जाएगा!

# भाजपा जिला कार्यालय में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जयंती पर संगोष्ठी कार्यक्रम का हुआ सम्पन्न

**आदिवासी एक्सप्रेस / ब्यूरो संतोष कुमार दास**

**चतरा।** भाजपा चतरा जिला कार्यालय में रविवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जयंती पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश महामंत्री सह हजारीबाग प्रमंडल प्रभारी मनोज कुमार सिंह और विशिष्ट अतिथि के रूप चतरा बिधानसभा से विधायक जनार्दन पासवान सिमरिया विधायक कुमार उज्वल उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष सुजीत जयसवाल ने किया, संचालन जिला महामंत्री मिथलेश गुप्ता ने की कार्यक्रम की शुरुआत डॉ श्यामा






प्रसाद मुखर्जी जी की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर किया गया। सिमरिया विधायक कुमार उज्वल ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्र को समर्पित रहा है, उन्होंने राष्ट्र के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था। चतरा विधायक जनार्दन पासवान ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के नवजवानो को मुखर्जी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। मौके पर हजारीबाग प्रमंडल प्रभारी भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह ने कहा श्रद्धेय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी नेहरू सरकार में प्रथम वित्त मंत्री थे। जब नेहरू सरकार ने कश्मीर में धारा 370 और 35 ए लागू किया तो उस समय श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने नेहरू के मंत्रालय से तुरंत त्याग पत्र देकर विपक्ष में बैठना स्वीकार किया और देश में पहले विपक्ष के नेता बने। उन्होंने कहा कि एक देश में दो निशान दो प्रधान दो झंडा नहीं चलेगा... उसी समय से उन्होंने धारा 370 एवं 35ए के खिलाफ बिगुल फूंक दिया था। भाजपा, विद्यार्थी परिषद व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लंबे संघर्ष के बाद मोदी सरकार ने देश का सबसे बड़ा धारा 370 व 35 ए को हटाकर देश का रक्षा किया और उनके सपने को साकार किया। संगोष्ठी कार्यक्रम को पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, नवीन शाह, गौरी यादव आदि ने संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष बिद्यासागर आर्य ने किया, कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष नवीन साह, प्रदेश मंत्री युवा मोर्चा अमित साहू, लोजपा क्र जिलाध्यक्ष गौरी शंकर यादव, राजेंद्र सिंह, प्रभुनाथ सिंह, वीरेंद्र सिंह मुन्ना, सुनील चौरसिया, चम्पा सबरी, गंगा देवी, चंद्रिका यादव, जिला मीडिया प्रभारी कालीचरण यादव, सोशल मीडिया प्रभारी खगेश्वर साहू, कार्यालय प्रभारी बब्लू सिंह, प्रदीप रावत, बिजय दांगी, सहित जिला कार्यसमिति सदस्य गण, सभी मंडल अध्यक्ष गण, आदि सेकड़ो कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

## इंडिया 'ए' पुरुष हॉकी टीम यूरोप दौरे के लिए नीदरलैंड रवाना, 8 जुलाई को आयरलैंड से पहला मुकाबला

**बेंगलुरु।** इंडिया 'ए' पुरुष हॉकी टीम सुबह यूरोप दौरे के लिए नीदरलैंड के आइंडहोवन रवाना हो गई। यह दौरा 8 जुलाई से 20 जुलाई 2025 तक चलेगा, जिसमें टीम कुल 8 मुकाबले खेलेगी। कप्तान संजय और उप-कप्तान मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह के नेतृत्व में भारत की यह टीम आयरलैंड, फ्रांस, नीदरलैंड, इंग्लैंड और बेल्जियम जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ मुकाबले खेलेगी।इस दौरे में इंडिया 'ए' की टीम आइंडहोवन (नीदरलैंड) में आयरलैंड, फ्रांस और नीदरलैंड के खिलाफ दो-दो मुकाबले खेलेगी। इसके अलावा टीम एक-एक मुकाबला एम्सटेलवीन (नीदरलैंड) में इंग्लैंड और एंटवर्प (बेल्जियम) में बेल्जियम के खिलाफ खेलेगी। यह दौरा टीम इंडिया की बेंच स्ट्रेंथ को मजबूत करने और भविष्य के लिए खिलाड़ियों की तैयारियों को परखने का एक बड़ा मौका माना जा रहा है। कप्तान संजय ने कहा,यह दौरा हमारे लिए अपनी ताकत और कमजोरियों को परखने का बेहतरीन मंच होगा। टीम में अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है, और हमें कड़ी प्रतिस्पर्धा मिलेगी जो हमें समझने में मदद करेगी कि हम कहां खड़े हैं। अंतरराष्ट्रीय अनुभव से हमारी मुख्य टीम भी भविष्य में और मजबूत होगी।

## डिओगो जोटा और उनके भाई के अंतिम संस्कार में हुए शामिल हुए लिवरपूल, पुर्तगाल के खिलाड़ी

**गोंडोमार (पुर्तगाल)।** लिवरपूल और पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर डिओगो जोटा और उनके छोटे भाई आंद्रे सिल्वा का पुर्तगाल के गोंडोमार में अंतिम संस्कार कर दिया गया। दोनों भाइयों की दो दिन पहले स्पेन में एक दर्दनाक कार दुर्घटना में मौत हो गई थी। अंतिम संस्कार में लिवरपूल के खिलाड़ियों, पुर्तगाली राष्ट्रीय टीम के सदस्यों और सैकड़ों रिश्तेदारों व स्थानीय लोगों ने भाग लिया। लिवरपूल के कप्तान वर्जिल वान डाइक ने लाल फूलों की एक शर्टनुमा माला लेकर शोक व्यक्त किया, जिस पर जोटा की जर्सी संख्या 20 अंकित थी। वहीं एंड्रयू रॉबर्टसन ने उनके भाई आंद्रे सिल्वा की जर्सी नंबर 30 की फूलों की माला लेकर श्रद्धांजलि दी। गोंडोमार के इग्रेजा मैट्रिज़ चर्च में सुबह 11 बजे चर्च की घंटियों के बीच शोकसभा शुरू हुई। पास के चैपल से दोनों भाइयों के ताबूत चर्च तक ले जाए गए, जहां स्थानीय क्लब गोंडोमार एफसी के खिलाड़ियों सहित कई लोगों ने अंतिम विदाई दी। यही क्लब था जहां डिओगो जोटा ने 9 साल की उम्र में फुटबॉल खेलना शुरू किया था। अंतिम संस्कार में पुर्तगाल के राष्ट्रीय कोच रॉबर्टो मार्टिनेज, मैनचेस्टर सिटी के बर्नार्डो सिल्वा और रूबेन डायस, और मैनचेस्टर यूनाइटेड के ब्रूनो फर्नांडेज़ भी उपस्थित रहे।

## भारत के खिलाफ बचे हुए टी20 मैचों से बाहर हुई नेट स्किवर-ब्रंट, टैमी ब्यूमोंट होंगी कप्तान

**लंदन।** इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम को बड़ा झटका लगा है। कप्तान नेट स्किवर-ब्रंट को बाएं ग्रोइन (जांघ) में चोट के कारण भारत के खिलाफ चल रही विटैलिटी टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज़ के बचे हुए मैचों से बाहर होना पड़ा है। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने शनिवार को इसकी पुष्टि की।ईसीबी ने अपने आधिकारिक बयान में कहा, स्कैन से पुष्टि हुई है कि नेट स्किवर-ब्रंट ब्रिस्टल में लगी बाईं जांघ की चोट के कारण भारत के खिलाफ बाकी टी20 मैचों में नहीं खेल सकेंगी। उनकी जगह स्क्वॉड में माया बाउचर को शामिल किया गया है। नेट स्किवर-ब्रंट को ब्रिस्टल में खेले गए दूसरे टी20 के दौरान चोट के चलते मैदान छोड़ना पड़ा था। उस मैच में उपकप्तान सोफिया डंकली ने अस्थायी तौर पर कप्तानी संभाली थी, लेकिन इंग्लैंड को 24 रनों से हार का सामना करना पड़ा। अब उनकी अनुपस्थिति में अनुभवी बल्लेबाज़ टैमी ब्यूमोंट इंग्लैंड की कप्तानी करेंगी। ब्यूमोंट ने अब तक 247 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और पहली बार इंग्लैंड महिला टी20 टीम की कप्तानी संभालेंगी। इंग्लैंड की टीम शुक्रवार को खेले गए तीसरे मुकाबले में पांच रन से रोमांचक जीत दर्ज कर चुकी है और पांच मैचों की सीरीज़ में अब भारत 2-1 से आगे है।

## कनाडा ओपन 2025: श्रीकांत सेमीफाइनल में, वर्ल्ड नंबर-6 चाउ तिएन-चेन को किया बाहर

**कैलगरी।** भारत के किदांबी श्रीकांत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कनाडा ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व नंबर-6 चाउ तिएन-चेन (चीनी ताइपे) को सीधे सेटों में 21-18, 21-9 से मात दी। 43 मिनट तक चले इस मुकाबले में श्रीकांत ने शुरू से ही आक्रामक खेल दिखाया और पहले गेम में 5-0 की बढ़त बनाकर दबदबा बनाया। हालांकि चाउ ने वापसी की कोशिश की और 17-16 की बढ़त भी बनाई, लेकिन श्रीकांत ने अगले छह में से पांच अंक जीतकर पहला गेम अपने नाम किया। दूसरे गेम में उन्होंने 4-4 के बाद लय पकड़ ली और 11-6 की बढ़त के बाद 19-7 तक पहुंचते हुए मुकाबला आसानी से जीत लिया। 32 वर्षीय श्रीकांत, जो इस समय विश्व रैंकिंग में 49वें स्थान पर हैं, अब फाइनल में पहुंचने के लिए जापान के तीसरे वरीय केंटा निशिमोतो से भिड़ेंगे।

# ग्रेनेडा टेस्ट : तीसरे दिन का खेल खत्म, ऑस्ट्रेलिया की बढ़त 254 रन की हुई

**एजेंसी**

**ग्रेनेडा।** वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच के तीसरे दिन का खेल खत्म हो गया है। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दूसरी पारी में सात विकेट खोकर 221 रन बना लिए हैं। एलेक्स केरी 26 और कप्तान पैट कमिंस 4 बना कर क्रीज पर हैं। टीम की बढ़त 254 रन की हो गई है। दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने 2 विकेट पर 12 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। दिन की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया को नाथन लियोन के रूप में पहला छटका लगा। लियोन 8 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद टीम के लिए कैमरून ग्रीन और स्टीव स्मिथ ने अर्धशतकीय पारी खेली। कैमरून ग्रीन ने 123




गेंद पर 5 चौकों की मदद से 52 रन बनाए, वहीं स्मिथ ने 119 गेंदों में 7 चौके और एक छक्के की मदद से 71 रन जड़े। इसके अलावा ट्रेविस हेड ने 60 गेंद पर 39 रन बनाए। ब्यू वेबस्टर मात्र 2 रन बना पाए। वेस्टइंडीज के लिए दूसरी पारी में अब तक जायडेन सील्स, शमर जोसेफ, जस्टिन ग्रीव्स ने 2-2 विकेट और अल्जारी जोसेफ ने एक विकेट चटकाया।

इससे पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 286 रन बनाए थे। वेस्टइंडीज की पहली पारी 253 रन प सिमट गई थी। इस तरह दूसरी पारी की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया को 33 रन की लीड मिली थी। अब दूसरी पारी में 7 विकेट खोकर 221 रन बनाने के साथ टीम की कुल बढ़त 254 रन हो गई है। उल्लेखनीय है कि ऑस्ट्रेलिया ने पहले टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज को 159 रनों से हराया था। इससे ऑस्ट्रेलिया की टीम सीरीज में 1-0 से आगे है।

## टीम इंडिया का बांग्लादेश दौरा स्थगित, नये शिड्यूल के साथ अगले साल सितंबर में होगी सीरीज

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** इस साल अगस्त में होने वाला भारत का बांग्लादेश दौरा स्थगित कर दिया गया है। यह सफेद गेंद (वनडे और टी20) सीरीज अब सितंबर 2026 में खेली जाएगी।भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक आधिकारिक बयान में कहा, यह निर्णय दोनों बोर्ड के बीच चर्चा के बाद लिया गया है, जिसमें दोनों टीमों की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट प्रतिबद्धताओं और शेड्यूलिंग की सुविधा को ध्यान में रखा गया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने भी इस फैसले की पुष्टि करते हुए कहा, हम सितंबर 2026 में इस बहुप्रतीक्षित श्रृंखला के लिए भारत का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। इस दौरे की नई तारीखों और कार्यक्रम की घोषणा उचित समय पर की जाएगी।यह फैसला ऐसे समय पर आया है जब कुछ दिन पहले ही बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम ने इस दौरे की अनिश्चितता को लेकर बयान दिया था। गौरतलब है कि अप्रैल में बीसीबी ने भारत के बांग्लादेश दौरे की घोषणा की थी, जिसमें तीन वनडे मैच 17, 20 और 23 अगस्त को और तीन टी20 मैच



26, 29 और 31 अगस्त को प्रस्तावित थे। ये मुकाबले मीरपुर और चटग्राम में खेले जाने थे। अब जब यह दौरा टल गया है, तो संभावना है कि भारतीय घरेलू सीजन की शुरुआत में खेले जाने वाले दलीप ट्रॉफी में भारत के शीर्ष खिलाड़ी भाग लेते नजर आ सकते हैं।

## सब जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनशिप: तीसरे दिन पुडुचेरी और उत्तराखंड की दमदार जीत

**एजेंसी**

**रांची।** मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में चल रही 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2025 के तीसरे दिन के मुकाबलों में ले पुडुचेरी हॉकी और हॉकी उत्तराखंड ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। डिवीजन 'सी' के मुकाबले में पुडुचेरी हॉकी ने हॉकी राजस्थान पर 4-1 की एकतरफा जीत दर्ज की। पहले क्वार्टर में दोनों टीम की ओर से कोई गोल नहीं हुआ, लेकिन दूसरे क्वार्टर में इंधुजा ई (33') ने खाता खोलकर पुडुचेरी को बढ़त दिलाई। तीसरे क्वार्टर में कप्तान कनगसरी (39') ने दूसरा गोल दागा और टीम की पकड़ मजबूत कर दी। चौथे क्वार्टर में दीपिका दास (48', 55') ने दो शानदार गोल करके टीम की जीत सुनिश्चित की। लक्ष्मी (56') ने हॉकी राजस्थान के लिए एकमात्र गोल किया, जो सिर्फ सांत्वना ही साबित हुआ। डिवीजन 'बी' के मैच में हॉकी



उत्तराखंड ने दादरा-नगर हवेली व दमण-दीव को 2-0 से पटखनी दी। कप्तान मानसी खतारिया (25') ने दूसरे क्वार्टर में गोल कर अपनी टीम हॉकी उत्तराखंड को बढ़त दिलाई। अंतिम क्वार्टर में मीनाक्षी (50') ने दूसरा गोल दागा और उत्तराखंड की जीत पक्की कर दी। टीम की रक्षापंक्ति ने विरोधी टीम को कोई मौका नहीं दिया और मैच को बिना गोल खाए समाप्त किया।

## भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने थाईलैंड को 2-1 से हराया, एएफसी महिला एशियन कप के लिए किया क्वालिफाई

**चियांग माई (थाईलैंड)।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने थाईलैंड के खिलाफ 2-1 की रोमांचक जीत दर्ज कर एफसी महिला एशियन कप 2026 के लिए 22 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद सीधे क्वालिफाई कर लिया है। यह मुकाबला थाईलैंड के चियांग माई स्टेडियम में खेला गया, जहां दोनों टीमों के बीच ग्रुप बी क्वालिफायर का अंतिम और निर्णायक मैच था।

भारत की ओर से संगीता बासफोर ने दोनों गोल (29वें और 74वें मिनट) कर टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई। पहला गोल उन्होंने पहले हाफ में हाफ वॉली के जरिए किया, जिससे भारत को बढ़त मिली। दूसरा और निर्णायक गोल उन्होंने दूसरे हाफ में हेडर के ज़रिए दागा, जो शिल्की देवी के असिस्ट पर आया। जबकि थाईलैंड के लिए एकमात्र गोल चत्चावन रोडहोंग ने 47वें मिनट में किया, जिससे मैच कुछ देर के लिए 1-1 की बराबरी पर आ गया था। इस मुकाबले से पहले भारत और थाईलैंड दोनों के पास 9



अंक और +22 का गोल अंतर था। ऐसे में यह मैच वर्चुअल प्लेऑफ की तरह था, जहां विजेता को सीधे एएफसी एशियन कप 2026 (ऑस्ट्रेलिया) के लिए क्वालिफिकेशन मिलना तय था।

भारतीय टीम के कोच क्रिस्पिन छेत्री ने टीम की जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि यह केवल एक फुटबॉल मैच नहीं, बल्कि भारतीय महिला खेलों के लिए एक नया अध्याय है। हमारी लड़कियों ने साबित किया है कि मेहनत और विश्वास से कुछ भी संभव है। उल्लेखनीय है कि भारत ने पिछली बार 2003 में एएफसी महिला एशियन कप के मुख्य दौर के लिए सीधा क्वालिफाई किया था। 2022 संस्करण में भारत मेजबान के रूप में शामिल हुआ था, लेकिन कोविड-19 के कारण टीम को बीच में टूर्नामेंट से हटना पड़ा था।

## 'दोहरा शतक मारने की करूंगा कोशिश', रिकॉर्डतोड़ शतक के बाद वैभव सूर्यवंशी का अगला लक्ष्य

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड अंडर 19 टीम के खिलाफ चौथे यूथ वनडे मैच में 143 रन की रिकॉर्डतोड़ पारी खेलने वाले वैभव सूर्यवंशी ने अपने अगले लक्ष्य को लेकर खुलासा किया है। उन्होंने कहा है कि वह अगले मैच में 200 रन मारने की कोशिश करेंगे। भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की यूथ वनडे सीरीज के चौथे मुकाबले में सबसे तेज शतक जड़कर नया कीर्तिमान बनाया। सूर्यवंशी ने महज 52 गेंदों में शतक पूरा किया और पाकिस्तान के कामरान गुलाम द्वारा 2013 में बनाए गए 53 गेंदों के पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया। युवा बल्लेबाज ने मैच में 78 गेंदों पर 143 रन की धमाकेदार पारी खेली, जिसमें 13 चौके और 10 छक्के शामिल थे। अपने रिकॉर्डतोड़ शतक को लेकर बात करते हुए वैभव




बताया है कि उनका अगला लक्ष्य दोहरा शतक लगाना है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर शेयर किए गए वीडियो में वैभव ने कहा कि मुझे पता नहीं था कि 100 बनाने के बाद मैंने रिकॉर्ड बनाया है, हमारे टीम मैनेजर अंकित सर ने मुझे बताया।

भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल से वैभव सूर्यवंशी को काफी इंस्पिरेशन मिली है। गिल ने जब इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन टेस्ट में दोहरा शतक लगाया तो वैभव वहां मौजूद थे। वैभव ने कहा, काफी इंस्पिरेशन मिला उनसे, मैने गेम देखा, 100 और 200 बनाने के बाद भी उन्होंने गेम छोड़ा नहीं और टीम को आगे ले गए।

143 रन पर आउट होने को लेकर वैभव ने कहा, मैं और लंबा कर सकता था क्योंकि काफी टाइम था मेरे पास, 20 ओवर बचे थे। अपनी पारी को लंबा कर सकता था। एक शॉट था जो मैं 100 प्रतिशत नहीं दे पाया जिसकी वजह से मैं आउट हो गया। वैभव सूर्यवंशी ने अपने अगले लक्ष्य को लेकर कहा, अगले मैच में ट्राई करूंगा कि 200 करूं और पूरे 50 ओवर खेलूं। जितने मैं रन करूं उतना टीम को फायदा होगा तो अगले मैच में मैं कोशिश करूंगा पूरा मैच खेलूं, यही मेरा फोकस रहेगा। इंग्लैंड के खिलाफ जारी पांच मैचों की यूथ वनडे सीरीज में वैभव सूर्यवंशी बेहतरीन फॉर्म में हैं। चौथे वनडे से पहले युवा बल्लेबाज ने 48, 45 और 86 रन बनाए थे। चौथे मैच में 143 रन की पारी खेलने के साथ वह सीरीज में अबतक कुल 322 रन बना चुके हैं।

बात करें इस सीरीज की तो पांच मैचों की इस सीरीज में भारतीय टीम ने चौथे मैच में जीत के साथ 3-1 से अजेय बढ़त हासिल कर ली है।

## हिमाचल के वरुण नेगी ने बीसीसीआई लेवल एक अंपायर कोर्स किया उतीर्ण

**एजेंसी**

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) से जुड़े वरुण नेगी ने बीसीसीआई लेवल एक अंपायर कोर्स को उत्तीर्ण किया है। इस कोर्स को पास करने के बाद अब वरुण नेगी आने वाले समय में अंपायरिंग के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी भागीदारी निभाएंगे। गौरतलब है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा 12 जून से 15 जून 2025 तक अहमदाबाद में आयोजित बीसीसीआई लेवल 1 अंपायर कोर्स को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया है। उनकी इस सफलता पर एचपीसीए ने उन्हें बधाई दी है। एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने बताया कि बीसीसीआई लेवल 1 कोर्स एक प्रतिष्ठित प्रमाणन है जिसे भारत में पेशेवर क्रिकेट अंपायरिंग के लिए आवश्यक कौशल, ज्ञान और दक्षताओं को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। उनकी उपलब्धि न केवल उनकी व्यक्तिगत यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, बल्कि हिमाचल प्रदेश में क्रिकेट जगत के लिए भी गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि वरुण नेगी के समर्पण, खेल के ज्ञान और लगातार प्रयासों ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि को जन्म दिया है। लेवल 1 परीक्षा उत्तीर्ण करना एक कठोर प्रक्रिया है और उनकी सफलता क्रिकेट कानूनों की उनकी गहरी समझ और खेल की भावना को बनाए रखने की उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। एचपीसीए की ओर से वरुण नेगी को हार्दिक बधाई देते हुए उन्होंने उनके अंपायरिंग करियर में आगे बढ़ने के साथ-साथ उनकी निरंतर सफलता की कामना की है।

## एजबेस्टन टेस्ट : शुभमन गिल का ऐतिहासिक शतक, सिराज-आकाशदीप की घातक गेंदबाजी से भारत जीत की ओर अग्रसर

**एजेंसी**

**बर्मिंघम।** एजबेस्टन टेस्ट के चौथे दिन टीम इंडिया ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों क्षेत्र में अपना दबदबा कायम रखते हुए इंग्लैंड को पूरी तरह बैकफुट पर ला दिया। जहां शुभमन गिल ने अपनी शानदार बल्लेबाजी से रिकॉर्ड बुक में नाम दर्ज कराया, वहीं मोहम्मद सिराज और आकाशदीप की तेज गेंदों ने इंग्लिश बल्लेबाजों की मुश्किलें बढ़ा दीं। भारत ने अपनी दूसरी पारी 427/6 रन पर घोषित करते हुए इंग्लैंड के सामने 608 रनों का विशाल लक्ष्य रखा। जवाब में इंग्लैंड ने दिन का खेल समाप्त होने तक 3 विकेट पर 72 रन बनाए।भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने दूसरी पारी में 161 रनों की धमाकेदार पारी खेली। उन्होंने 162 गेंदों में 13 चौके और 8 छक्के लगाए। इससे पहले पहली पारी में उन्होंने 269 रन बनाए थे।



गिल एक ही टेस्ट में दोहरा शतक और शतक लगाने वाले भारत के दूसरे और दुनिया के नौवें बल्लेबाज बन गए हैं। भारत के लिए उनसे पहले यह उपलब्धि सुनील गावस्कर ने हासिल की थी। दिन की शुरुआत भारत ने एक विकेट पर 64 रन से की थी। करुण नायर (26 रन) एक बार फिर अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सके। केएल राहुल ने शानदार 55 रन बनाए, जबकि ऋषभ पंत ने 58 गेंदों में 65 रन की आक्रामक पारी खेली। आखिर में रवींद्र जडेजा ने 69* रन बनाकर टीम की पारी को मजबूती दी। भारत ने 427 रन बनाकर पारी घोषित की और इंग्लैंड को जीत के लिए 608 रनों का लक्ष्य दिया। इंग्लैंड की दूसरी पारी की शुरुआत बेहद खराब रही। मोहम्मद सिराज ने जैक क्रॉली (9) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। फिर आकाशदीप ने पहले बेन डकेट (25) को शानदार इनस्विंग पर बोल्ड किया। इसके बाद जो रूट (6) को गिल्लियां बिखेरकर भारतीय टीम को मैच में ड्राइविंग सिट पर बैठा दिया। हालांकि स्टंप्स तक ओली पोप (24)* और हैरी ब्रूक (15)* क्रीज पर टिके रहे और इंग्लैंड की उम्मीदों को थामें हुए हैं। इंग्लैंड अब भी लक्ष्य से 536 रन पीछे है।

## भारतीय स्कीट शूटर लोनाटो वर्ल्ड कप में दिखाएंगे निशानेबाजी का दम

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय स्कीट शूटरों की एक मजबूत टीम इटली के लोनाटो में होने जा रहे आईएसएसएफ शॉटगन वर्ल्ड कप के अंतिम चरण में भाग लेने के लिए तैयार है। यह प्रतियोगिता 06 जुलाई, रविवार से शुरू होगी और प्रतिष्ठित ट्रैप कोंकावर्डे शूटिंग रेंज में आयोजित की जाएगी। भारत की छह सदस्यीय स्कीट टीम पहले ही लोनाटो पहुंच चुकी है और अभ्यास सत्र में हिस्सा लेना शुरू कर दिया है। वहीं ट्रैप शूटरों की टीम शनिवार देर शाम तक लोनाटो पहुंचने की संभावना है। स्कीट स्पर्धा में पुरुषों और महिलाओं के क्वालीफाइंग राउंड रविवार से शुरू होंगे, जिनमें पहले दिन 50 टारगेट शूट किए जाएंगे। सोमवार को अगले 50 टारगेट और मंगलवार, 08 जुलाई को फाइनल से पहले अंतिम 25 टारगेट शूट किए जाएंगे। पुरुष स्कीट में भारत की ओर से ओलंपियन मीराज अहमद खान (विश्व रैंकिंग 105), अनंत जीत सिंह नरूका (रैंकिंग 23) और भवतेग गिल (रैंकिंग 43) मैदान में उतरेंगे। ये तीनों निशानेबाज देश को गौरव दिलाने की क्षमता रखते हैं। वहीं,



महिला स्कीट में भी भारत की टीम काफी मजबूत नजर आ रही है। ओलंपियन महेश्वरी चौहान (रैंकिंग 13) और रायज़ा ढिल्लों (रैंकिंग 21) के साथ-साथ अनुभवी ग़नेमत सेखों (रैंकिंग 63) टीम का हिस्सा हैं, जो विश्व स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं।

**अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में कड़ी टक्करः** पुरुष वर्ग में अमेरिका के तीन बार के ओलंपिक चैंपियन विंसेंट हैनकॉक, इटली के गैब्रिएले रोसेटी, कुवैत के अब्दुल्ला अल-रशीदी, कतर के नासिर अल-अत्तिया, मिस्र के अज़मी मेहलबा, डेनमार्क के जेस्पर हैनसेन और ताइवान के ली मेंग-युआन जैसे दिग्गज शूटर शामिल हैं। महिला वर्ग में अमेरिका की अनुभवी किंबर्ली रोड टीम का नेतृत्व कर रही हैं, जबकि स्लोवाकिया की वेनेसा हॉकोवा (विश्व रैंकिंग 3), जो पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहीं, मुख्य दावेदारों में शुमार हैं।

## 28.66 करोड़ की लागत से पटना में बन रहा है नेशनल लेवल का स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, 40000 दर्शक बैठ सकेंगे

**एजेंसी**

**पटना।** राजधानी के खिलाड़ियों को आने वाले डेढ़ से दो वर्ष में गर्दनीबाग में राष्ट्रीय स्तर का अत्याधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स मिलने वाला है। शहर के गर्दनीबाग में पहले से मौजूद खेल स्टेडियम को विस्तार देते हुए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का स्वरूप दिया जा रहा है। 28.66 करोड़ की लागत से बन रहे इस परियोजना को बिहार सरकार की कैबिनेट से प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है। भवन निर्माण विभाग से मिली सूचना के मुताबिक, आने वाले कुछ महीने में इसके टेंडर की प्रक्रिया को अंतिम रूप दे दिया जाएगा और इसे विकसित करने वाली कंपनी का चयन कर लिया जाएगा।

भवन निर्माण विभाग की ओर से प्रस्तावित यह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स करीब 10 एकड़ भूमि में बनाया जाएगा, जिसका कुल क्षेत्रफल 1200 वर्गमीटर होगा। इस कॉम्प्लेक्स में 40,000 दर्शकों के बैठने की क्षमता होगी। खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों के लिए बनाये जा रहे इस कॉम्प्लेक्स में 10 क्रिकेट पिच विकसित किए जाएंगे, जिनमें से 5 पिच विशेष रूप से अभ्यास के लिए आरक्षित होंगे। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय मानकों को ध्यान में रखते हुए इसमें दो ऐस्ट्रो टर्फ भी लगाए जाएंगे, जो हॉकी जैसे खेलों के लिए उपयुक्त होंगे।

# नीरज चोपड़ा ने जीता एनसी क्लासिक 2025 का खिताब, 86.18 मीटर थ्रो के साथ रचा नया इतिहास

**एजेंसी**

**बेंगलुरु।** भारत के स्टार जैवलिन थ्रोअर और ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने एनसी क्लासिक 2025 का खिताब जीतकर एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता साबित की। बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में नीरज ने 86.18 मीटर की सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ पहला स्थान हासिल किया। यह प्रतियोगिता भारत के एथलेटिक्स इतिहास में ऐतिहासिक बन गई क्योंकि यह देश में आयोजित पहला वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर गोल्ड लेवल इवेंट (कैटेगरी-ए) था। इस आयोजन में कुल 12 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें 7 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल थे।

नीरज चोपड़ा ने प्रतियोगिता की शुरुआत फाउल थ्रो से की, लेकिन दूसरे प्रयास में 82.99 मीटर की दूरी तय की। तीसरे राउंड में उन्होंने 86.18 मीटर का शानदार थ्रो फेंका, जो अंततः उनकी विजयी थ्रो साबित हुई। इसके बाद उन्होंने क्रमशः 84.07 मीटर, 82.22 मीटर के थ्रो किए जबकि एक अन्य प्रयास में फाउल किया।

केन्या के जूलियस येगो, जो रियो ओलंपिक के सिल्वर मेडल विजेता और 2015 वर्ल्ड चैंपियन हैं, उन्होंने अपने चौथे प्रयास में 84.51 मीटर की दूरी के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं, श्रीलंका के रूमेश




पथिरगे ने 84.34 मीटर थ्रो कर तीसरा स्थान पाया। भारत के सचिन यादव, जिन्होंने हाल ही में एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में सिल्वर मेडल जीता था, वे इस प्रतियोगिता में 82.33 मीटर थ्रो के साथ चौथे स्थान पर रहे। जर्मनी के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता थॉमस रोहलर केवल 75.85 मीटर थ्रो कर सके और 12 में से 11वें स्थान पर रहे। इस प्रतियोगिता का आयोजन नीरज चोपड़ा ने खुद जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स, एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) और वर्ल्ड एथलेटिक्स के सहयोग से किया गया। नीरज ने इसे भारत के युवाओं और एथलेटिक्स के प्रति उनकी जागरूकता को समर्पित बताया। उन्होंने प्रतियोगिता के बाद कहा, एनसी क्लासिक मेरे लिए सिर्फ एक इवेंट नहीं, बल्कि एक सपना है। मैं चाहता हूं कि भारत के युवा ट्रैक एंड फील्ड में वैश्विक मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करें।

## देहरादून-बदरीनाथ राजमार्ग पर ट्राई का ड्राइव टेस्ट, जियो नेटवर्क अव्वल

**एजेंसी**

**देहरादून।** भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) की ओर से कराए गए स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) परिणामों के अनुसार रिलायंस जियो नेटवर्क ने देहरादून-बदरीनाथ राजमार्ग पर शानदार प्रदर्शन किया है। इस राजमार्ग का अधिकतर हिस्सा उत्तराखंड के चार धाम यात्रा मार्ग में शामिल है। रिलायंस जियो की जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इस राजमार्ग पर 325 किलोमीटर में 05 मई से 21 मई के बीच इस राजमार्ग पर दूरसंचार नेटवर्क की कार्यकुशलता का परीक्षण किया गया और इसमें कॉल कनेक्ट रेट, डेटा डाउनलोड स्पीड, कॉल ड्रॉप रेट जैसे सभी मानदंडों पर जियो अव्वल रहा। विज्ञप्ति के अनुसार इस परीक्षण में देहरादून से बदरीनाथ राजमार्ग के साथ मुरादाबाद शहर को भी परीक्षण में शामिल किया गया था, दूरसंचार के नजरिए से दोनों क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्र का हिस्सा भी शामिल किया गया था। परीक्षण में जियो नेटवर्क पर कॉल कनेक्ट होने की सफलता दर 98.77 प्रतिशत रही, यानी जितनी भी जियो नेटवर्क से कॉल की गयी सभी कनेक्ट हुईं। जबकि अन्य दूरसंचार कंपनियों के नेटवर्क 98 प्रतिशत के मानक को पूरा करने में नाकामयाब रहे। परीक्षण में एयरटेल की कॉल कनेक्ट होने की सफलता दर 96.34 प्रतिशत, तो वोडाफोन आइडिया की 92.93 प्रतिशत रही। बीएसएनएल 78.44 प्रतिशत सफलता दर के साथ चौथे नंबर पर रही।

## टाटा पावर रिन्यूएबल ने पहली तिमाही में लगाये 45,589 रूफटॉप सोलर प्लांट, वृद्धि 416 प्रतिशत

**नई दिल्ली।** टाटा पावर कंपनी लिमिटेड (टाटा पावर) की सहायक कंपनी टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (टीपीआरईएल) ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 416 प्रतिशत की वृद्धि के साथ रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन करते हुए 45,589 रूफटॉप सौर ऊर्जा प्रणालियों की स्थापना की। देश की एक नंबर कंपनी होने का दावा करने वाली टीपीआरईएल ने एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। पिछले साल कंपनी ने इसी अवधि में 8,838 रुफटॉप सौर इंस्टॉलेशन लगाये थे। इस तरह कंपनी ने इस काम में साल-दर-साल 416 प्रतिशत की वृद्धि के साथ चमत्कारिक प्रदर्शन किया है। वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के अंत तक टीपीआरईएल ने देश भर में कुल 2,04,443 रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन स्थापित किये थे, जिसकी कुल मिलाकर स्थापित क्षमता 3400 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन से अधिक बतायी गयी है। टीपीआरईएल 400 से अधिक शहरों में फैले 604 चैनल भागीदारों के एक मजबूत नेटवर्क के माध्यम से काम कर रही है। इसके साथ उसने 560 शहरों में 240 अधिकृत सेवा भागीदारों को जोड़ा है।

## पाकिस्तान के भविष्य पर गहरा संकट:Microsoft ने 25 साल बाद समेटा पूरा कामकाज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के भविष्य पर एक बड़ा संकट गहराता दिख रहा है। दिग्गज अमेरिकी टेक कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने 25 साल बाद पाकिस्तान से अपना पूरा कामकाज समेट लिया है। इस कदम को पाकिस्तान की आर्थिक अस्थिरता, लगातार बदलती राजनीतिक परिस्थितियाँ और बिगड़ते कारोबारी माहौल का सीधा परिणाम माना जा रहा है। माइक्रोसॉफ्ट पाकिस्तान के संस्थापक प्रमुख जव्वाद रहमान ने लिंक्डइन पर इस खबर की पुष्टि करते हुए इसे एक युग का अंत और देश द्वारा बनाए गए अस्थिर वातावरण का गंभीर संकेत बताया है। माइक्रोसॉफ्ट ने जून 2000 में पाकिस्तान में अपने ऑपरेशंस शुरू किए थे, लेकिन पिछले कुछ सालों से कंपनी धीरे-धीरे अपनी मौजूदगी कम कर रही थी। हालांकि माइक्रोसॉफ्ट ने औपचारिक रूप से कोई सार्वजनिक घोषणा नहीं की है, लेकिन कंपनी के आखिरी बचे कर्मचारियों को सूचित कर दिया गया है कि ऑपरेशंस पूरी तरह बंद कर दिए गए हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, अब पाकिस्तान में केवल एक संपर्क कार्यालय बचा है जिसमें लगभग पांच कर्मचारी हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि माइक्रोसॉफ्ट का यह फैसला पाकिस्तान की अस्थिर अर्थव्यवस्था, बार-बार सरकार में बदलाव, उच्च कर और टेक्नोलॉजी के आयात में आने वाली कठिनाइयों से जुड़ा है।

## भारतीय शेयर मार्केट में अमेरिकी कंपनी का बड़ा 'खेल': रिटेल निवेशकों का डूबा पैसा

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक अमेरिकी हेज फंड पर शेयर मार्केट में हेरफेर (मैनिपुलेशन) का आरोप लगा है। इस कथित 'खेल' ने कई खुदरा निवेशकों (रिटेलर्स) का पैसा डुबो दिया है, जिससे भारतीय नियामक संस्थाओं की भूमिका पर भी सवाल उठने लगे हैं। यह मामला तब सामने आया जब कुछ छोटे और मध्यम आकार की कंपनियों के शेयरों में अचानक और असामान्य रूप से तेजी देखी गई, जिसके बाद वे धड़ाम से गिर गए, जिससे हजारों छोटे निवेशकों को भारी नुकसान हुआ। सूत्रों के अनुसार, आरोप है कि अमेरिकी कंपनी ने भारतीय शेयर बाजार में एक सोची-समझी 'पंप एंड डंप' स्कीम चलाई। इस स्कीम के तहत, पहले कुछ चुनिंदा शेयरों में बड़ी मात्रा में निवेश कर उनकी कीमतें कृत्रिम रूप से बढ़ाई गईं ('पंप' किया गया)। छोटे निवेशक, जो तेजी से बढ़ते शेयरों की ओर आकर्षित होते हैं, उन्होंने भी इन शेयरों में पैसा लगाना शुरू कर दिया।

# सेफेक्स केमिकल्स ने आईपीओ के लिए सेबी के समक्ष डीआरएचपी दाखिल किया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली/मुंबई।** विशेष रसायन कंपनी सेफेक्स केमिकल्स (इंडिया) ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए धन जुटाने के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी के शेयरों को बीएसई और एनएसई में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। पूंजी बाजार नियामक सेबी के समक्ष जमा दस्तावेज के अनुसार सेफेक्स केमिकल्स (इंडिया) का 1 रुपये अंकित मूल्य वाला ये आईपीओ 450 करोड़ रुपये मूल्य के इक्विटी शेयरों के नए निर्गम और मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 3.57 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) है। प्रमोटर्स, निवेशकों सरकोलाइन, एंकर पार्टनर्स और सेज इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट के साथ मिलकर ओएफएस में शेयरधारकों की हिस्सेदारी बेचेंगे। इस प्रस्ताव में कर्मचारी आरक्षण भाग में पात्र कर्मचारियों द्वारा एक सदस्यता आरक्षण भी शामिल है। सेफेक्स केमिकल्स (इंडिया) की योजना इस निर्गम से प्राप्त राशि का उपयोग कर्ज भुगतान और सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों के लिए खर्च करने की है। सेफेक्स केमिकल्स में प्रमोटरों की हिस्सेदारी 54.3 फीसदी है और क्रिसकैपिटल अपनी इकाइयों सरकोलाइन, एंकर पार्टनर्स और सेज इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट के जरिए 44.80 फीसदी शेयरधारिता का मालिक है। एक्सिस कैपिटल लिमिटेड, जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड और एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड इसके बुक-रनिंग लीड मैनेजर हैं और केफइनटेक टेक्नोलॉजीज लिमिटेड इसका रजिस्ट्रार है। उल्लेखनीय है कि सेफेक्स केमिकल्स (इंडिया) कंपनी फसल सुरक्षा उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला प्रदान करके किसानों को फसल उत्पादकता बढ़ाने में मदद करती है। 31 मार्च, 2025 तक कंपनी का परिचालन 22 देशों में फैला हुआ था। इसकी भारत में सात और ब्रिटेन में एक विनिर्माण इकाई है।




## भारत समय सीमा के दवाब में नहीं, राष्ट्र हित में करता है बातः पीयूष गोयल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत किसी समय-सीमा के दबाव में नहीं रहता और हमेशा मजबूती से अपनी बात रखता है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार के कार्यकाल में कांग्रेस ने ऐसे समझौतों पर बातचीत की और उन्हें मंजूरी दी जो देशहित में नहीं थे। पीयूष गोयल ने यहां संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कहा, भारत समय सीमा के तहत बातचीत नहीं करता। हम राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखते हुए वार्ता करते हैं। दुनिया भर में हमारे सभी जुड़ावों में राष्ट्रीय हित सर्वोपरि है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की ओर से भारत-अमेरिकी व्यापार वार्ता पर दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए यह बात कही। गोयल ने संवाददाताओं के पूछे गए सवाल पर कहा कि यह यूपीए शासन वाला भारत नहीं है, जो राष्ट्र हित के बिना वार्ता के लिए भीख मांगता था। उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी को कोई गंभीरता से नहीं लेता। उन्होंने भारत के लोगों का विश्वास खो दिया है, लोगों ने बार-बार कांग्रेस को नकार दिया। आज तक वे देश के विकास के लिए सकारात्मक एजेंडा नहीं बना पाए हैं। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी की सरकार में भारत ने मॉरिशस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया और चार देशों के ईएफटीए समूह (स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टीन) और हाल ही में ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे पहले पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत और चार देशों के यूरोपीय ब्लॉक ईएफटीए के बीच मुक्त व्यापार समझौते अगले कुछ महीनों में लागू होने की संभावना है।

## नई प्रौद्योगिकियां भारत की विकास गाथा को परिभाषित करेंगी : पीयूष गोयल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि नई प्रौद्योगिकियां आने वाले वर्षों में भारत की विकास गाथाको परिभाषित करेंगी। भारत अब एक ऐसा देश बन रहा है, जो नौकरियां मांगने वाला नहीं, बल्कि देने वाला है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने बेंगलुरु में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) एलुमनाई एसोसिएशन के संगम 2025 कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, आपका विज्ञान, आपकी तकनीक, इस जीवंत स्टार्टअप इकोसिस्टम, आरएंडडी और इनोवेशन के साथ मिलकर भविष्य की भारत की विकास कहानी को आकार देगी। गोयल ने कहा कि भारत नौकरी चाहने वाले देश से नौकरी देने वाले देश में तब्दील हो रहा है। बेंगलुरु में बड़े नाम से मौजूद स्टार्टअप इकोसिस्टम हमारे मुकुट का एक रत्न है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार प्रौद्योगिकी उद्योग, स्टार्टअप इकोसिस्टम का पूरा समर्थन करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारे मंत्रालय ने अनुसंधान और विकास और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए 1 लाख करोड़ रुपये प्रदान करने की योजना को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि हम 2 लाख करोड़ रुपये की रोजगार सृजन प्रोत्साहन योजना और कौशल विकास, इंटर्नशिप कार्यक्रम के अलावा अन्य कार्यक्रम लेकर आए हैं...ये स्टार्टअप, तकनीक और विनिर्माण के पारिस्थितिकी तंत्र को समर्थन देने के लिए प्रोत्साहन देंगे। उन्होंने कहा कि भविष्य के लिए तैयार भारत बनाना मोदी सरकार की विभिन्न नीतिगत पहलों के केंद्र में है, जो पिछले एक दशक में देश में नवाचार और विकास को चला रहा है। गोयल ने अत्याधुनिक अनुसंधान, उद्योग सहयोग, और पोषण प्रतिभा पर अपने गहरे ध्यान के लिए संस्थान की सराहना की, जो वैश्विक प्रौद्योगिकी नेतृत्व में भारत की मजबूत स्थिति में योगदान करने के लिए जारी है।




## व्यापार गतिरोध पर राहुल की टिप्पणी कूटनीतिक अपरिपक्वता का परिचायक : खंडेलवाल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद और कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने राहुल गांधी की हालिया टिप्पणी पर पलटवार किया है। खंडेलवाल ने कहा कि राहुल की टिप्पणी, पीयूष गोयल चाहे जितना भी सीना ठोक लें, याद रखिए मोदी ट्रंप के टैरिफ अल्टीमेटम के आगे चुपचाप झुक जाएंगे। न केवल अशोभनीय है, बल्कि ये अंतरराष्ट्रीय कूटनीति और भारत की बदलती वैश्विक स्थिति की सतही समझ को भी दर्शाती है।

खंडेलवाल ने कहा कि दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों भारत-अमेरिका के बीच जटिल व्यापार वार्ताओं को इस तरह की हल्की और व्यंग्यात्मक भविष्यवाणी में समेट देना एक जिम्मेदार राष्ट्रीय नेता को शोभा नहीं देता। विदेश नीति और व्यापार समझौते गंभीरता, रणनीतिक सोच और राष्ट्रीय एकता की मांग करते हैं, न कि तुच्छ राजनीतिक लाभ के लिए की गई टिप्पणियों की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अमेरिका, चीन या वैश्विक व्यापार संस्थाओं के साथ बातचीत में अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए आत्मविश्वास और दृढ़ता का प्रदर्शन किया है। यह कहना कि भारत चुपचाप झुक जाएगा, उन भारतीय वार्ताकारों के अथक प्रयासों का अपमान है, जो कूटनीति और आत्मनिर्भरता के बीच संतुलन बनाकर काम करते हैं। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय मंत्री गोयल ने राहुल गांधी की ओर से भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता पर दिए गए बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भारत समय-सीमा के तहत बातचीत नहीं करता, बल्कि हम राष्ट्रहितों को ध्यान में रखते हुए वार्ता करते हैं।



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अमेरिका, चीन या वैश्विक व्यापार संस्थाओं के साथ बातचीत में अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए आत्मविश्वास और दृढ़ता का प्रदर्शन किया है।**

## तिमाही नतीजों, भारत-अमेरिका ट्रेड डील और एफआईआई डेटा से अगले हफ्ते तय होगा बाजार का रुझान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार के लिए अगला हफ्ता काफी अहम होने वाला है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के नतीजों, भारत-अमेरिका ट्रेड डील, मानसून की चाल और एफआईआई के डेटा से शेयर बाजार की चाल प्रभावित होगी। अगले हफ्ते से अप्रैल-जून तिमाही के नतीजों की शुरुआत हो जाएगी। इस दौरान 5पैसा, आनंदराठी, टाटा एलेक्सी, टीसीएस और डीमार्ट जैसी कंपनियों की ओर से नतीजे जारी किए जाएंगे।भारत और अमेरिका में बातचीत के बाद भी अब तक ट्रेड डील को लेकर कोई स्पष्टता नहीं आई है। ऐसे में अगर इस ट्रेड डील पर कोई अपटेड आता है तो इससे शेयर बाजार की चाल प्रभावित होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से दी गई रेसिप्रोकल टैरिफ की डेडलाइन 9 जुलाई को समाप्त हो रही है।इसके अतिरिक्त मानसून को लेकर से अपडेट भी आने वाले हफ्ते में बाजार के लिए अहम होगा। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, अगले छह से सात दिनों के दौरान उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत के कई हिस्सों में मानसून सक्रिय रहने की संभावना है।

भारतीय शेयर बाजार के लिए 30 जून से लेकर 4 जुलाई का कारोबारी हफ्ता उतार-चढ़ाव भरा रहा। इस दौरान सेंसेक्स 626.01 अंक या 0.74 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83,432.89 और निफ्टी 176.80 अंक या 0.69 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 25,461.00 पर बंद हुआ। समीक्षा अवधि में लार्जकैप इंडेक्स में बिकवाली रही, लेकिन मिडकैप और स्मॉलकैप में खरीदारी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 292.60 अंक या 0.49 प्रतिशत की तेजी के साथ 59,677.75 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 56.25 अंक या 0.30 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,033.05 पर था।

पिछले हफ्ते पीएसयू बैंक, फार्मा, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और ऑयल एंड गैस इंडेक्स ने बाजार को ऊपर खींचने का काम किया। रियल्टी, फाइनेंशियल सर्विसेज और प्राइवेट बैंक इंडेक्स में गिरावट देखने को मिली। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बीते हफ्ते शुद्ध विक्रेता थे। इस दौरान उन्होंने 6,604 करोड़ रुपए की बिकवाली की, जबकि इस अवधि में घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 7,609 करोड़ रुपए का निवेश किया। बजाज ब्रोकिंग रिसर्च के अनुसार, अगले हफ्ते अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कई अहम डेटा आएंगे, जिनसे वैश्विक के साथ घरेलू बाजार की चाल प्रभावित होगी। इसमें चीन के महंगाई के आंकड़े और अमेरिका में जॉबलेस क्लेम जैसे डेटा शामिल हैं।



## टाटा मोटर्स ने शुरू किया नये हैरियर.ईवी का उत्पादन, डिलीवरी इसी माह से

**एजेंसी**

**मुंबई।** भारत में इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र की अग्रणी विनिर्माता टाटा मोटर्स ने कहा कि उसने अपने नये स्मार्ट एसयूवी हैरियर.ईवी का उत्पादन शुरू कर दिया है। कंपनी ने एक विज्ञप्ति में बताया कि यह वाहन टाटा मोटर्स के अत्याधुनिक पुणे प्लांट की उत्पादन लाइन से निकलना शुरू हो गया है और इसे डीलरों तक पहुंचाने की तैयारी है। कंपनी ने कहा है कि इस हैरियर ईवी की बुकिंग की रफ्तार तेज है और बाजार में इसको लेकर जबरदस्त उत्साह दिख रहा है। कंपनी ग्राहकों को इसकी डिलीवरी इसी माह शुरू कर देगी। हैरियर.ईवी दो ड्राइव कॉन्फ़िगरेशन - क्वाड व्हील ड्राइव (क्यूडब्ल्यूडी) और रियर व्हील ड्राइव (आरडब्ल्यूडी) के साथ चार रंगों नैनीताल नॉकटर्न, एम्पावर्ड ऑक्साइड, प्रिस्टिन व्हाइट और प्योर ग्रे में उपलब्ध होगी। इसके अलावा इसमें स्टील्थ एडिशन भी शामिल है ।



## वैश्विक स्तर पर दिख रही भारतीय अर्थव्यवस्था की धाक, उच्च विकास दर के साथ तेजी से बढ़ रहा निर्यात

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत की अर्थव्यवस्था की विकास दर वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5 प्रतिशत रही है, जो दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्था में सबसे अधिक है। साथ ही, इस दौरान देश का निर्यात भी सार्वकालिक उच्चतम स्तर 824.9 बिलियन डॉलर पर रहा है।

यह आंकड़े दिखाते हैं कि देश की अर्थव्यवस्था आत्मविश्वास के साथ लगातार बढ़ रही है।भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में देश की विकास दर इसी आंकड़े के आसपास रहने की उम्मीद है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, भारत की विकास दर इस साल 6.3 प्रतिशत और अगले साल 6.4 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है, जबकि भारतीय उद्योग परिसंघ का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में देश की विकास दर 6.40 से 6.70 प्रतिशत के बीच रह सकती है।अर्थव्यवस्था के अच्छे प्रदर्शन के कारण देश के निर्यात में भी तेजी से इजाफा हो रहा है। भारत का कुल निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में 824.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 778.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर से 6.01 प्रतिशत अधिक है। इससे पहले वित्त वर्ष 2013-14 में देश का निर्यात केवल 466.22 बिलियन डॉलर था, जो बीते एक दशक में देश के निर्यात में निरंतर प्रगति को दिखाता है। एक तरफ देश तेजी से आर्थिक रूप से मजबूत हो रहा है। वहीं, महंगाई दर भी न्यूनतम स्तरों पर बनी हुई है। मई 2025 में खुदरा महंगाई दर 2.82 प्रतिशत पर रही थी, जो कि फरवरी 2019 के बाद खुदरा महंगाई का सबसे निचला स्तर है।इसके अतिरिक्त, भारतीय अर्थव्यवस्था के अच्छे प्रदर्शन के कारण पूंजीगत बाजारों पर भी निवेशकों का भरोसा तेजी से बढ़ रहा है। भारतीय शेयर बाजार में खुदरा निवेशकों की संख्या दिसंबर 2024 तक बढ़कर 13.2 करोड़ हो गई है, जबकि 2019-20 में यह आंकड़ा 4.9 करोड़ पर था। यह बढ़ोतरी इक्विटी बाजारों में बढ़ती सार्वजनिक रुचि और देश की दीर्घकालिक क्षमता में विश्वास को दर्शाती है। अब अधिकतर लोग शेयर बाजार को केवल बड़ी कंपनियों के लिए ही नहीं, बल्कि आम नागरिकों के लिए भी संपत्ति बनाने के एक जरिए के तौर पर देखते हैं।




## पर्यटन, कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में बढ़ेगी उप्र-जापान की साझेदारी

**एजेंसी**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश और जापान के बीच तकनीकी सहयोग, निवेश, युवाओं के कौशल विकास और पर्यटन जैसे चार प्रमुख क्षेत्रों में साझेदारी होगी।जापान के राजदूत ओनो केइची ने शाम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से यहां शिष्टाचार भेंट की और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने इन क्षेत्रों में व्यापक सहयोग को आगे बढ़ाने पर सहमति जतायी। जापान के राजदूत ने गत आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश में हुये सकारात्मक परिवर्तन और विकास कार्यों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जापानी कंपनियां उत्तर प्रदेश को निवेश के लिए एक भरोसेमंद और सकारात्मक वातावरण वाला राज्य मानती हैं। बैठक के दौरान यह तय किया गया कि उत्तर प्रदेश सरकार का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल जल्द ही जापान का दौरा करेगा। यह दौरा ग्रीन हाइड्रोजन, इलेक्ट्रॉनिक्स और विशेष रूप से सेमीकंडक्टर तकनीक के क्षेत्र में साझेदारी के अवसरों को तलाशने के लिए होगा। साथ ही, जुलाई के अंतिम सप्ताह में आयोजित होने वाले विश्व एक्सपो, ओसाका में भी उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधिमंडल शामिल होगा। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स, ग्रीन एनर्जी और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में जापानी निवेश और तकनीकी सहयोग का स्वागत करता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मेट्रो परियोजनाओं के अलावा शहरी गतिशीलता के अन्य आधुनिक मॉडल को भी अपनाने के लिए तैयार है। बैठक में उत्तर प्रदेश के युवाओं के कौशल को विकसित करने और उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर भी चर्चा हुई। इसमें विशेष रूप से जापान में रोजगार के अवसरों को ध्यान में रखते हुए, मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि राज्य सरकार जापान के साथ मिलकर युवाओं को प्रशिक्षित करेगी, ताकि वे वहां नौकरी के योग्य बन सकें। पर्यटन के क्षेत्र में भी दोनों देशों के बीच गहरा सहयोग स्थापित करने को लेकर सहमति बनी। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत का आध्यात्मिक केंद्र है, जहां हिंदू धर्म, बौद्ध धर्म और जैन धर्म से जुड़े अनेक ऐतिहासिक स्थल हैं।

## रुपये में नरमी, बाजार को अमेरिका के साथ व्यापार समझौता वार्ता का इंतजार

**एजेंसी**

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में हल्के सुधार तथा वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बावजूद अंतर बैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के समक्ष दबाव में रहा और पिछले दिन की तुलना में सात पैसे टूट कर 85.3886 पर बंद हुआ। गुरुवार को बाजार 85.31 पर बंद हुआ था। फाइनेंशियल बेंच मार्क इंडिया के मुताबिक आज रुपये-डॉलर दर 85.3886 के स्तर पर बंद रही। ब्रिटेन का पौंड 116.7769 रुपये और यूरो 100.5974 रुपये के भाव बोला गया।

जापानी येन प्रति सौ रूप में 59.1800 के स्तर पर था। सप्ताह के दौरान रुपया अमेरिका मुद्रा के मुकाबले रूपया घट बढ़ के बीच कुल मिला कर करीब एक प्रतिशत नरम हुआ। बाजार विश्लेषकों के अनुसार व्यापारियों को अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता के नतीजों की प्रतीक्षा है। व्यापार वार्ता का परिणाम सकारात्मक रहा तो रुपया वर्तमान स्तर पर मिल रहे प्रतिरोध को तोड़ कर आने वाले समय में मजबूत हो सकता है। स्थानीय शेयर बाजार दो दिन की गिरावट के बाद आज हल्के सुधार पर बंद हुए। न्यूयार्क बाजार में ब्रेंट क्रूड का भाव करीब 60 सेंट प्रति बैरल नरम हो कर 68.20 डॉलर के स्तर पर चल रहा था।


## सरकार ने बीआईएस-प्रमाणित हेलमेट के इस्तेमाल का आग्रह किया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय मानक ब्यूरो-बीआईएस ने प्रमाणन के बिना हेलमेट के निर्माण और बिक्री पर सख्त कार्रवाई करते हुए उपभोक्ताओं से सिर्फ बीआईएस-प्रमाणित हेलमेट का इस्तेमाल करने का आग्रह किया है।

सरकार के उपभोक्ता मामले विभाग तथा बीआईएस ने कहा है कि उसके लिए लोगों की सुरक्षा सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। इस समय सड़कों पर 21 करोड़ से ज़्यादा दोपहिया वाहन हैं और मोटर वाहन अधिनियम 1988 के तहत दोपहिया वाहन चालक को हेलमेट पहनना अनिवार्य है लेकिन हेलमेट की महत्ता उसकी गुणवत्ता पर निर्भर करती है। बीआईएस के अनुसार लोगों की सुरक्षा के लिए उसने घटिया हेलमेट के खिलाफ अभियान भी चलाया है और इसके तहत उसने वित्त वर्ष 2024-25 में 500 से अधिक हेलमेटों का परीक्षण करते हुए 30 से अधिक तलाशी और जब्ती अभियान चलाए हैं। उसक यह भी कहना है कि घटिया या निम्न गुणवत्ता के हेलमेट सुरक्षा से समझौता करते हैं इसलिए उपभोक्ता को सुरक्षा देने में विफल रहते हैं। इस समस्या से निपटने के लिए, 2021 से एक गुणवत्ता नियंत्रण आदेश लागू किया गया जिसके तहत सभी दोपहिया सवारों के लिए बीआईएस मानकों के तहत प्रमाणित आईएसआई-चिह्नित हेलमेट पहनना अनिवार्य है।

बीआईएस का कहना है कि गुणवत्ता मानकों को लागू करने के लिए वह नियमित रूप से कारखाने और बाजार की निगरानी करता है। पिछले वित्तीय वर्ष में, 500 से अधिक हेलमेट नमूनों का परीक्षण किया गया और बीआईएस मानक चिह्न के दुरुपयोग के लिए 30 से अधिक तलाशी और जब्ती अभियान चलाए गए। दिल्ली में एक अभियान में ऐसे नौ निर्माताओं से 2,500 से अधिक गैर-अनुपालन वाले हेलमेट जब्त किए गए जिनके लाइसेंस समाप्त हो चुके थे या रद्द कर दिए गए थे। उसका कहना था कि सरकार इस अभियान में सख्त है इसलिए 17 खुदरा और सड़क किनारे के स्थानों पर इसी तरह की कार्रवाई के परिणामस्वरूप लगभग 500 घटिया हेलमेट जब्त किए गए, जिन पर कानूनी कार्यवाही चल रही है। देशभर में सड़क सुरक्षा बढ़ाने और उपभोक्ताओं को घटिया हेलमेट से बचाने के लिए उपभोक्ता मामलों के विभाग ने जिला अधिकारियों को पत्र लिखकर देश भर में अभियान शुरू करने के लिए कहा था। विभाग ने जिला अधिकारियों से इस मामले में व्यक्तिगत रुचि लेने और गुणवत्ता नियंत्रण आदेश के प्रवर्तन को सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष अभियान शुरू करने का आग्रह किया था। इसके परिणाम उत्साहजनक रहे खासकर दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में और यह अभियान अन्य क्षेत्रों में भी फैल रहा है। सड़क सुरक्षा के लिए हेलमेट अनिवार्यरूप से पहनने के लिए बीआईएस जनजागरूकता अभियान भी चला रहा है। इसके तहत इस साल की शुरुआत में चेन्नई में आईएसआई-मार्क वाले हेलमेट वितरित करने का सफल रोड शो भी आयोजित किया और स्थानीय यातायात अधिकारियों के साथ साझेदारी में सुरक्षा नियमों के पालन को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान को विभिन्न मीडिया चैनलों, सोशल मीडिया आउटरीच और नागरिक समाज के सहयोग से आगे बढ़ाया गया है, जिससे आईएसआई-मार्क वाले सुरक्षात्मक हेलमेट के माध्यम से सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा रही है। उपभोक्ता मामलों के विभाग का कहना है कि उपभोक्ता संरक्षण और सड़क सुरक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्ध है और इसके तहत बाजार से घटिया गुणवत्ता वाले हेलमेट हटाकर लोगों को सुरक्षा पहुंचाकर उच्च गुणवत्ता युक्त उत्पादों की बिक्री सुनिश्चित करना है।



बिरसा टाइम्स देश का सर्वाधिक प्रसारित रविवारीय अखबार है। अपनी खोजपूर्ण तथा विश्लेषणात्मक खबरों के कारण बिरसा टाइम्स ने मीडिया– जगत में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई हैं। वर्ष 1980 से शुरू हुआ बिरसा टाइम्स का सफरनामा इसके पाठकों के निरंतर स्नेह और समर्थन के चलते आज भी उसी तेवर के साथ जारी हैं।

# राँची और दिल्ली के साथ–साथ
# अब
# बिहार, छत्तीसगढ़ तथा उड़ीसा
# से
# प्रकाशित होने जा रहा है।

# बिरसा टाइम्स

## देश का सर्वाधिक प्रसारित नंबर–1 रविवारीय अखबार

## जन सम्पर्क विभाग में विशाल भ्रष्टाचार का वट वृक्ष

"जब झारखंड और बिहार एक साथ था तब पांडे अपने पिता के साथ पटना में महावीर मंदिर में साफ–सफाई का काम करता था और पांडे जी के पिता मंदिर के सचिव आईपीएस स्वर्गीय आचार्य किशोर कुणाल जी के घर पर पूजा पाठ करते थे एवं महावीर मंदिर में भी काम करते थे और उसी समय अवधेश पांडे बिहार सरकार में दैनिक मजदूर में बहाली होकर धीरे–धीरे आई इ एस पदाधिकारी के घर पर कप–प्लेट साफ कर प्रभारी निदेशक तक पहुंच गए ! श्री पांडे को हिंदी और अंग्रेजी में एक लाइन भी लिखने नहीं आता था ! इनका सारा का सारा फाइल का काम के नीचे वाले अधिकारी लिखते थे और इस काम में उप निदेशक श्री शालिनी वर्मा और वर्तमान में बोकारो के उपायुक्त श्रीअजय नाथ झा सारा फाइल का काम करते थे ! दोनों के दोनों से पांडे के कार्यालय से लेकर आवास तक 11:00 बजे रात तक गुरु मंत्र लेते रहते थे और इसमें अपनी कुशलता से श्री झा ने उपायुक्त पद पर पहुंच गए ! ऐसे पांडे कभी भी अपनी पत्नी को अपने आवास में नहीं रखते थे और पांडे के समय में सिर्फ सिर्फ उसके पिता ही रहते थे और श्री पांडे के समय में जनसंपर्क विभाग में भ्रष्टाचार का पेड़–पौधा लगन ! शुरू हुआ और अब वर्तमान में जनसंपर्क विभाग में भ्रष्टाचार का बड़ा बरगद का पेड़ हो चुका है।





बिरसा टाइम्स देश का विश्वास पत्रकारिता के उन मूल्यों में हैं जो आम आदमी की चिंताओं और सरोकारों को आवाज देते हैं। इसीलिए बिरसा टाइम्स लोगो के बीच इस लम्बी यात्रा में भी अपनी विश्वसनीयता बरकरार रखने में कामयाब रहा है। अपने खास कंटेंट, गंभीर राजनैतिक विश्लेषण, अलग अंदाज और सुन्दर छपाई के चलते बिरसा टाइम्स को सम्मान–जनक स्थान मिला हैं। शायद इसीलिए बिरसा टाइम्स के पाठक वे युवा और संवेदनशील लोग हैं जो न केवल देश के बारे में सोचते हैं बल्कि देश के लिए कुछ करने का जज्बा भी रखते हैं।

सत्य और निष्पक्ष समाचारों के लिए पढ़ें !

सम्पर्क सूत्र :–

aadivasiexpress@gmail.com
birsatimes@gmail.com

8084674042

6202611859
8084674042